आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 12:11 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 25 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 47, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा 16

पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू 15

## एक नजर

### अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम बेल याचिका खारिज

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार के एक मामले में मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि सिद्दीकी पर लगे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए अपराध की उचित जांच के लिए उनसे हिरासत में पूछताछ अपरिहार्य है। न्यायमूर्ति सी.एस. डायस ने कहा कि सिद्दीकी गवाहों को डरा-धमका सकते हैं और सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं, इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती है।

### आभूषण निर्माण इकाई में आग से 14 श्रमिक झुलसे

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में मंगलवार को एक आभूषण निर्माण इकाई में आग लगने से 14 श्रमिक झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि दो घायलों की हालत गंभीर है। सूरत नगर निगम के प्रभारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी बसंत पारीक ने बताया कि इमारत की तीसरी मंजिल पर आभूषण बनाने के लिए सोने को पिघलाने में इस्तेमाल होने वाली गैस पाइपलाइन में रिसाव के बाद आग लग गई। कतारगाम पुलिस ने बताया कि आभूषण बनाने वाली आरवी ऑर्नामेंट्स में आग लगने से 14 श्रमिक झुलस गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। आग पर काबू पाने के लिए छह दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग अन्य जगहों पर फैलने से पहले ही बुझा दी गई।

### पुलवामा विस्फोट: आरोपी की हृदयाघात से मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पुलवामा विस्फोट के एक आरोपी की यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान दिल का दौरा पड़ने से सोमवार को मौत हो गई। अस्पताल के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि पुलवामा विस्फोट मामले में संलिप्तता के आरोप में बिलाल अहमद कुचाय (27) जिला जेल किश्तवाड़ में बंद था। पुलवामा के हाजीबल ललहार निवासी बिलाल को गुइलेन-बैरी सिंड्रोम बीमारी के कारण 17 सितंबर को जम्मू जीएमसी में भर्ती कराया गया था। उसे जिला अस्पताल किश्तवाड़ से रेफर किया गया था। सोमवार शाम को उसकी मृत्यु हो गई।

### मप्र में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, तीन घायल

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में मंगलवार को एक ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि यह घटना अपराह्न डेढ़ से दो बजे के बीच समन्ना गांव के पास हुई। घायल लोगों को सड़क पर बनाए गए विशेष गलियारे के जरिए जबलपुर पहुंचाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस कर्मी और ग्रामीण बचाव अभियान शुरू करने के लिए मौके पर पहुंचे।

### बिहार के नवादा में वज्रपात से तीन लोगों की मौत

**नवादा।** बिहार में नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के एकम्बा गांव में मंगलवार की शाम वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की शाम को तेज मेघगर्जन के साथ भारी बारिश के दौरान एकम्बा गांव में एक महुआ के पेड़ के नीचे खड़े चार लोगों पर वज्रपात हो गया। हादसे में सभी गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए उच्चतर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# खानपान की चीजों में मानव अपशिष्ट मिलाना वीभत्स, स्वीकार्य नहीं : योगी

## मुख्यमंत्री ने दिए ढाबों-रेस्टोरेंट की जांच के निर्देश, हर कर्मचारी का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

- खानपान की चीज़ों की शुद्धता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में हो आवश्यक संशोधन
- शेफ और वेटर को लगाना होगा मास्क-ग्लव्स, होटल-रेस्टोरेंट में सीसीटीवी लगाना होगा अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सरकारी आवास पर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य, गंदी चीजों की मिलावट की ताजा घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त हिदायत दी है कि प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई अस्वीकार्य हैं। मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में मुख्यमंत्री ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने उप्र. के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा, खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस, स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। ऐसे स्थानों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क, ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आम जन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए। नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

### खानपान के प्रतिष्ठानों पर संचालक का नाम और पता डिस्प्ले हो

मुख्यमंत्री योगी के मुताबिक, ऐसे ढाबों, रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई शुरु कर दी जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किए जाने चहिए। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए।

# पीएचडी दाखिले में 2025 से आरक्षण

- आईआईएम अहमदाबाद ने की घोषणा

**अहमदाबाद।** भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद (आईआईएमए) ने घोषणा की है कि वह सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार 2025 से पीएचडी दाखिलों में आरक्षण लागू करेगा। देश के प्रमुख बिजनेस स्कूल ने यह नहीं बताया है कि वह आरक्षण व्यवस्था कैसे लागू करेगा। आईआईएमए ने पिछले साल एक जनहित याचिका के जवाब में गुजरात उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि वह मानद उपाधि संबंधी कार्यक्रमों में 2025 से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ ही दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण लागू कर सकता है।

आईआईएमए की वेबसाइट पर पोस्ट पीएचडी दाखिले 2025 के लिए घोषणा में कहा गया है कि दाखिलों के दौरान आरक्षण के लिए भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। आईआईएमए के मीडिया विभाग के एक प्रतिनिधि ने इस संबंध में पुष्टि की। पीएचडी कार्यक्रम के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 20 जनवरी 2025 है और साक्षात्कर अगले साल मार्च-अप्रैल में हो सकते हैं।

# दो आरपीएफ सिपाहियों के हत्यारोपी को मार गिराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 19 अगस्त की रात बाड़मेर गुवाहाटी एक्सप्रेस से धकेलकर की थी दोनों सिपाहियों की हत्या
- एसटीएफ नोएडा, जीआरपी एवं गाजीपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में किया ढेर

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर सर्राफा लूटकांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह को ढेर करने के बाद एसटीएफ ने अगले 20 घंटे के अंदर एक और अपराधी को मार गिराया। 19 अगस्त की रात तेज गति से चल रही बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस से आरपीएफ के दो सिपाहियों को धकेलकर मार डालने वाले आरोपी के खिलाफ एसटीएफ ने गाजीपुर में कार्रवाई करते हुए ढेर किया है। एसटीएफ की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से हड़कंप मचा हुआ है।

कार्रवाई कर रहे एसपी डॉ. इरज राजा ने बताया कि बिहार का रहने वाला मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू आरपीएफ के दो सिपाहियों की हत्या का आरोपी था। जाहिद पर अपहरण, मारपीट और शराब तस्करी के कई केस दर्ज हैं। घटना के बाद उसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार की रात करीब एक बजे एसटीएफ की नोएडा यूनिट, जीआरपी दिलदारनगर और गाजीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया। एसपी ने बताया कि दिलदारनगर के गोपालपुर के पास मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू बाइक से अपने साथी के साथ जाता नजर आया। टीम ने उसकी घेराबंदी की तो उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली लगने से दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में जाहिद के सीने में गोली लग गई। घायल बदमाश को उपचार के लिए सीएचसी भदौरा ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

### पटना का रहने वाला था आरोपी जाहिद



जाहिद मूल रूप से बिहार के पटना के पेढ़िमा बाजार के मंसूर गली का रहना वाला था। उसके पिता का नाम मुस्तफा है। बता दें कि बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन से धकेलकर आरपीएफ जवान जावेद खान और प्रमोद सिंह की हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप मो. जाहिद पर लगा था।

# अब सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद पर विवाद, जांच शुरू

मुंबई, एजेंसी

- प्रसाद के पैकेट पर चूहे का वीडियो सोशल मीडिया में हो रहा वायरल



प्रसाद गृह में लड्डू तैयार करते कारीगर।

तिरुपति के लड्डू प्रसादम को लेकर जारी विवाद के बीच अब मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद को लेकर भी विवाद उठ खड़ा हुआ है। प्रसाद के कैरेट में चूहे के बच्चे होने और पैकेट को चूहे द्वारा कुतरने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर न्यास (एसएसजीटी) ने आरोप से इनकार किया और कहा कि उसने मामले की जांच शुरू कर दी है। शिवसेना नेता और एसएसजीटी अध्यक्ष सदा सर्वंकर ने मंगलवार को कहा कि रोजाना लाखों लड्डू बांटे जाते हैं और जिस स्थान पर वे बनाए जाते हैं, वह स्वच्छ है।

वीडियो में एक गंदा स्थान दिखाई दे रहा है। मैं देख सकता हूं कि यह मंदिर का नहीं है और वीडियो कहीं बाहर बनाया गया है। कथित वीडियो में नीले रंग की एक ट्रे में रखे लड्डू के पैकेट चूहों द्वारा कुतरे दिखाई दे रहे हैं। सर्वंकर ने कहा कि हम सीसीटीवी फुटेज खंगालेंगे और जांच के लिए एक डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) रैंक के अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा। दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले सर्वंकर ने कहा कि मंदिर यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करता है कि प्रसाद स्वच्छ स्थान पर तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि घी, काजू और अन्य सामग्री पहले जांच के लिए बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की प्रयोगशाला में भेजी जाती है और वहां से स्वीकृति के बाद इस्तेमाल की जाती है। उन्होंने बताया कि पानी की भी प्रयोगशाला में जांच कराई जाती है। इसका मतलब है कि हम यह सुनिश्चित करने पर पूरा ध्यान देते हैं कि श्रद्धालुओं को दिए जाने वाला प्रसाद शुद्ध हो।

### तिरुपति के लड्डू में तंबाकू पॉउच मिलने का दावा

**तिरुमला।** तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसाद में तंबाकू मिलने का दावा किया गया है। तेलंगाना की एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसे लड्डू के अंदर कागज में लिपटे तंबाकू के टुकड़े मिले हैं। उसने इसका वीडियो भी जारी किया है। आरोप लगाने वाली डोंथु पद्मावती खम्मम जिले के गोल्लागुडेम की रहने वाली हैं। वे 19 सितंबर को तिरुमाला मंदिर गई थीं। हालांकि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने मंगलवार को स्पष्ट किया है कि पवित्र लड्डू प्रसादम में तंबाकू के पॉउच होने के आरोप झूठे हैं। कहा कि कुछ भक्तों की ओर से श्रीवारी लड्डू प्रसाद में तंबाकू की थैली होने के बारे में सोशल मीडिया पर इस तरह के दावे फैलाना अनुचित है।

**जम्मू-कश्मीर विस चुनाव**

# दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए आज मतदान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा और इस दौरान करीब 25 लाख मतदाता 239 उम्मीदवारों की जीत-हार का फैसला करेंगे जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवींद्र रैना प्रमुख हैं। दूसरे चरण में जिन 26 सीट पर चुनाव होगा वे छह जिलों के अंतर्गत आती हैं। इनमें से तीन जिले कश्मीर संभाग में हैं जबकि इतने ही जिले जम्मू संभाग के हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 3,502 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

# जमीन घोटाले में सिद्धारमैया पर चलेगा मुकदमा

## हाईकोर्ट ने खारिज की राज्यपाल के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने भू आवंटन मामले में उनके विरूद्ध जांच के लिए राज्यपाल थारवरचंद गहलोत द्वारा दी गई मंजूरी को चुनौती दी थी।

मुख्यमंत्री ने मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पॉश क्षेत्र में उनकी पत्नी को किए गए 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं के सिलसिले में उनके खिलाफ राज्यपाल द्वारा दी गई जांच की मंजूरी को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने 12 सितंबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त को अंतरिम आदेश में विशेष अदालत को सिद्धरमैया की इस याचिका के निस्तारण तक सुनवाई टाल देने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने व्यवस्था दी कि याचिका में बताए गए तथ्यों की निस्संदेह जांच की आवश्यकता है। इन सभी कृत्यों का लाभार्थी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं बल्कि याचिकाकर्ता का परिवार है। याचिका खारिज की जाती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आज तक प्रभावी किसी भी प्रकार का अंतरिम आदेश समाप्त हो जाएगा। इस निर्णय के बाद विशेष अदालत सुनवाई कर सकेगी।

### सिद्दारमैया बोले-मैं बदले की राजनीति का शिकार



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने मंगलवार को खुद को बदले की राजनीति का निशाना बताते हुए कहा कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता की जांच की अनुमति निर्धारित करने के लिए वह कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श करेंगे। मुख्यमंत्री का यह बयान कर्नाटक हाईकोर्ट की ओर से उनकी याचिका को खारिज किए जाने के बाद आया है।

### भाजपा ने की सिद्दारमैया के इस्तीफे की मांग

मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की याचिका मंगलवार को खारिज होने के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने कहा कि निर्णय से स्पष्ट संकेत मिलता है कि मुख्यमंत्री और उनका परिवार घोटाले में शामिल हैं। उम्मीद है कि सिद्दारमैया कोर्ट के फैसले का सम्मान करेंगे।

# एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पंजाब सरकार की याचिका
- अदालत ने कहा-मेडिकल प्रवेश में बंद हो धोखाधड़ी

सुप्रीम कोर्ट ने एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने के फैसले को खारिज करने के पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ दाखिल पंजाब सरकार की अपील मंगलवार को खारिज कर दी।

राज्य सरकार ने राज्य के चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए एनआरआई कोटा के लाभार्थियों की परिभाषा को विस्तृत कर दिया था। शीर्ष न्यायालय ने पंजाब सरकार की अपील खारिज करते हुए कहा कि यह धोखाधड़ी अब बंद होनी चाहिए। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 10 सितंबर को आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के 20 अगस्त के उस फैसले को रद कर दिया था, जिसमें अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कोटा के तहत लाभ लेने के लिए दायरे को बढ़ाकर उनके दूर के रिश्तेदारों जैसे चाचा, चाची, दादा-दादी और चचेरे भाई को भी इसमें शामिल किया था। एनआरआई कोटा के तहत 15 प्रतिशत का आरक्षण चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित किया गया है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह और कुछ नहीं बल्कि पैसा कमाने की मशीन है। पीठ ने कहा कि हम सभी याचिकाएं खारिज कर देंगे। यह एनआरआई व्यवसाय एक धोखाधड़ी के अलावा और कुछ नहीं है। हम यह सब खत्म कर देंगे...। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले को बिल्कुल सही बताते हुए कहा कि हानिकारक परिणामों को देखें... जिन उम्मीदवारों के अंक तीन गुना अधिक हैं, वे (नीट-यूजी पाठ्यक्रमों में) प्रवेश नहीं ले पाएंगे।

# त्रिपुरा में 500 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

अगरतला, एजेंसी

- केंद्र और राज्य से समझौते के बाद हथियार डाले

त्रिपुरा में प्रतिबंधित समूह नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के करीब 500 उग्रवादियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री माणिक साहा के समक्ष अपने हथियार डाले।

सिपाहीजाला जिले के जम्पुइजाला में एक कार्यक्रम में उग्रवादियों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए साहा ने कहा कि उग्रवाद किसी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने बड़ी संख्या में उग्रवादियों के आत्मसमर्पण के बाद इस पूर्वोत्तर राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद से मुक्त घोषित किया। साहा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं शुरू कर स्वदेशी लोगों के सम्पूर्ण विकास के लिए काम करती रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आज एनएलएफटी और एटीटीएफ के करीब 500 उग्रवादियों ने यहां आत्मसमर्पण कर दिया और बाकी आने वाले दिनों में आत्मसमर्पण करेंगे। उग्रवादियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में चार सितंबर को दिल्ली में केंद्र तथा राज्य सरकार के साथ हुए एक समझौते के बाद आत्मसमर्पण किया है।

# तमिलनाडु में 11 जगह एनआईए का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत विरोधी विचारधारा फैलाने की जांच के सिलसिले में कार्रवाई

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में इस्लामी खिलाफत स्थापित करने का मंसूबा पालने वाले अखिल-इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में मंगलवार को तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए के अधिकारियों ने चेन्नई, तंबाराम और कन्याकुमारी जिलों में 11 संदिग्धों के आवास पर छापे मारे और डिजिटल उपकरण, बेहिसाब नकदी और हिज्ब-उत-तहरीर के साहित्य समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। एनआईए ने कहा कि यह छापेमारी विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से असंतोष पैदा करने और चुनावी मताधिकार प्रयोग करने के खिलाफ अभियान चलाने से संबंधित एक मामले की जांच के तहत की गई है। चुनावी मताधिकार को हिज्ब-उत-तहरीर ने गैर-इस्लामिक या हराम माना है। आतंकवाद रोधी एजेंसी के अनुसार, हिज्ब-उत-तहरीर एक कट्टरपंथी संगठन है जो अपने अनुयायियों को विभाजनकारी कार्यों के माध्यम से वैध रूप से स्थापित लोकतांत्रिक सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उकसाने में लगा हुआ है।

### एनआईए ने दो आरोपियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने दो लोगों के खिलाफ मुस्लिम युवाओं को कट्टर बनाने, आतंकवाद के वित्तपोषण और अन्य राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए मंगलवार को एक आरोपपत्र दाखिल किया। बयान में कहा गया है कि दोनों की पहचान आईएसआईएस चरमपंथियों अब्दुल मतीन अहमद ताहा उर्फ तहा और मुसाविर हुसैन शाजिब उर्फ शाजिब के रूप में हुई है, जिनके खिलाफ एनआईए ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में पहले ही आरोपपत्र दाखिल किया था। जांच एजेंसी की ओर से कहा गया है कि शिवमोगा जिले के निवासी दोनों व्यक्ति इस मामले में सह-आरोपी सहित मुस्लिम युवकों को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने में लिप्त थे।

**प्रगति** श्रीअन्न की खेती से समृद्ध हुए किसान प्रदीप, अब करेंगे तिल की पैदावार, तमिलनाडु के कोयम्बटूर में प्रसंस्करण कराकर बनाते हैं मिलेट पोहा

# मधुमेह के मरीजों के लिए रामबाण बनेगा मिलेट पोहा

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



ऑर्गेनिक स्टॉल में रखा मिलेट पोहा।

**अमृत विचार :** प्रदेश में मोटे अनाज यानी श्रीअन्न की खेती किसानों को समृद्ध करने लगी है। इन्हीं किसानों में आईआईएम रोड लखनऊ निवासी प्रदीप दीक्षित मोटे अनाज की पैदावार करके देश भर में लोगों की सेहत सुधारने के साथ लाखों रुपये कमाने लगे हैं। वह दो साल से अपने गृह जनपद हरदोई के भरावन ब्लॉक के ग्राम महुआ डांडा में अन्य फसलें छोड़कर पूरे सात एकड़ में गौआधारित सांवा, काकुन, कोदो, ज्वार, बाजरा, कुटकी, अलसी आदि की पैदावार करते हैं। इन अनाजों को तमिलनाडु के कोयम्बटूर भेजकर प्रसंस्करण कराकर मिलेट पोहा बनाते हैं। इसकी पैकिंग व अन्य कार्य घर पर करके गोमती नगर स्थित किसान बाजार के ऑर्गेनिक स्टॉल से बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली, नोएडा, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि जगहों पर भेजते हैं।

### पोहा बनाकर या फिर दूध व पानी में मिलाकर कर सकते हैं सेवन



प्रदीप बताते हैं मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं और गौ आधारित खेती से दवा की तरह काम करते हैं। खासकर मिलेट पोहा मधुमेह, लीवर व पेट संबंधित बीमारी के लिए रामबाण साबित हो रहा है। इसके सेवन से पाचन अच्छा होता है। इसका चिउड़ा पोहा की तरह पकाकर खा सकते हैं या फिर दूध व पानी में मिलाकर पी सकते हैं। इसके बेहतर परिणाम मिले हैं। इस वर्ष पूरे सात एकड़ में तिल की खेती करेंगे।

### 50 हजार लागत, हर माह एक लाख कमाई

प्रदीप ने सात एकड़ में एक फसल 50 से 60 हजार रुपये लागत से करके 15 क्विंटल मोटा अनाज की पैदावार करते हैं। वह प्रोसेसिंग, पैकिंग, परिवहन भाड़ा आदि खर्च निकालकर प्राकृतिक किसान परिवार नाम से स्टॉल में मिलेट पोहा की बिक्री से हर माह एक लाख रुपये कमाते हैं। इस काम से 40-45 लोगों को जोड़कर रोजगार देते हैं। उनके 400 ग्राम के एक पैकेट की कीमत 100 रुपये है। उनका कहना है सरकार का मोटे अनाज की पैदावार पर जोर है। बिक्री के लिए किसान बाजार में स्टॉल आवंटित किए हैं। लेकिन प्रोसेसिंग की दिशा में काम नहीं हुआ है। इस कारण प्रदेश के बाहर प्रोसेसिंग कराने में अधिक खर्च के साथ परेशानी होती है।

सरकार के प्रयास से श्रीअन्न की खेती का रकबा तेजी से बढ़ा है। प्रोत्साहन के तौर पर किसानों को निशुल्क बीज और अन्य सुविधाएं मिलने से लागत कम हुई है। किसान प्रदीप गौ आधारित श्रीअन्न की खेती करके किसान भाइयों को प्रेरित कर रहे हैं।

– **तेग बहादुर सिंह**, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ।

## एक नजर

### ग्राम समाधान दिवस में आई 395 शिकायतें

**अयोध्या। अमृत विचार :** जिले के 161 ग्राम पंचायतों में मंगलवार को ग्राम समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 395 शिकायतें आईं, इनमें से 238 का निस्तारण किया गया। जारी विज्ञप्ति के अनुसार शेष 157 शिकायतों का निस्तारण पंचायत स्तर पर 15 दिन में किया जाएगा।

### फार्मेसी संस्थान में राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह मनाया गया

**अयोध्या कार्यालय।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में चौथा राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह 2024 मनाया गया। मुख्य वक्ता सुनील कुमार यादव, मुख्य फार्मासिस्ट, लखनऊ और पूर्व अध्यक्ष, राज्य फार्मेसी काउंसिल ने बताया कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा में फार्मासिस्टों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। वर्तमान में दवा से संबंधित नए या अप्रत्याशित जोखिमों का पहचान करना आवश्यक है। फार्मेसी संस्थान के निदेशक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने भी संबोधित किया। संचालन कुणाल अगम कनौजिया ने किया।

# गर्मी फुल और बत्ती गुल, रवैया ढुलमुल

## बिजली कटने के बाद बंद हो जाते हैं उपकेंद्रों के फोन

अयोध्या कार्यालय



प्यास से व्याकुल होने पर युवती ने लिया शीतल पेय का सहारा।

**अमृत विचार :** तेज धूप और गर्मी हैं। उमस हो रही है। दस दिन से बारिश नहीं हुई है। आम लोग परेशान हैं। बिजली कटौती भी चरम पर है। इस बीच एक राहत भरी खबर है। 26 सितंबर से मौसम में बदलाव हो सकता है। धूप और गर्मी से राहत मिल सकती है। थोड़ा बारिश भी होने की संभीवना है। फिलहाल तो 29 तक मौसम में इस तरह का उतार चढ़ाव हो सकता है।

मानसून अब भी सक्रिय है लेकिन धूप तेज है। सप्ताह भर पहले बारिश हुई थी। मौसम ठंडा था। किसानों को भी सिंचाई से राहत थी। इन दिनों धान की फसल में बाले आ रही हैं। पानी की सख्त जरूरत है, लेकिन तापमान 34 डिग्री के पार है। न्यूनतम 25.5 डिग्री है। बारिश न होने से खेत सूख गए हैं। किसान आसमान की ओर से देख रहा है। अब तो वह पंपिंग चलाकर फसल बचा रहा है।

शहर से देहात तक लोग गर्मी और भारी उमस से परेशान हैं। नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के मौसम विज्ञानी अमर नाथ मिश्र बताते हैं कि 26 सितंबर से मौसम में बदलाव होने की उम्मीद है। तापमान गिरेगा। हल्की बूंदा बांदी और हल्की बारिश भी होने की संभावना है। लोगों को राहत मिलेगी। ऐसी स्थिति फिलहाल 29 सितंबर तक रहने की उम्मीद है।



रिकाबगंज चौराहे पर चिलचिलाती धूप में खड़े लोग। अमृत विचार

## नियावां और चौक उपकेन्द्रों ने की रिकार्ड कटौती

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बिजली कटौती न होने के आदेश के बाद भी नगर क्षेत्र के दो उपकेन्द्रों ने कटौती का रेकॉर्ड तोड़ दिया है। बीते 24 घंटे में दोनों उप केन्द्रों द्वारा लगभग आठ से नौ घंटे की कटौती की गई है। भीषण उमस भरी गर्मी में लगातार कटौती से लोग त्राहि-त्राहि करते रहे। चालीस हजार की आबादी पेयजल के लिए भी तरस रही है।

भीषण उमस भरी गर्मी में चौक उप केन्द्र द्वारा सोमवार सायं सात बजे से नौ और दस बजे से दो बजे रात तक टुकड़े-टुकड़े में बिजली कटौती की गई। कटौती और ट्रिपिंग की यह स्थिति रही, हर दस से पंद्रह मिनट में बिजली आती जाती रही। ट्रिपिंग और कटौती के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों ने बताया कि रात नौ बजे बिजली कटी तो साढ़े नौ बजे आई उसके बाद दस बजे से दो बजे रात तक आती जाती रही। कटौती और ट्रिपिंग के कारण लोग रात भर ठीक से सो नहीं पाए। नहर बाग, अंगूरीबाग, तरंग रोड, राठहवेली, ठठहरिया समेत कई मोहल्ले इस कटौती की चपेट में रहे। मंगलवार सुबह आठ बजे आपूर्ति सामान्य हुई लेकिन नगर निगम के पंप न चल पाने के कारण लोगों को पानी का भी संकट झेलना पड़ा। जब कटौती की जाती है तो उप केन्द्र के सभी फोन बंद हो जाते हैं। यहीं हाल नियावां विद्युत उप केन्द्र के अधीन आने वाले रेतिया, हसनू कटरा, नियावां, बल्ला हाता, रिकाबगंज रोड का रहा जहां लगातार पहली कटौती दो घंटे की और दूसरी कटौती तीन घंटे की हुई।

> फीडरों के ओवरलोड होने के कारण कटौती करनी पड़ती है। इस भीषण गर्मी में लगातार फीडरों पर लोड पड़ रहा है। प्रयास किया जाता है कि कम से कम कटौती की जाए। **-नरेश जायसवाल, अवर अभियंता, चौक विद्युत उप केन्द्र**

# 60 फीसदी से अधिक बेसिक स्कूल के छात्र बिना ड्रेस के

**डीबीटी धनराशि भेजे जाने के बाद भी बड़ी लापरवाही**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बेसिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की ड्रेस में प्रत्येक दिन पोर्टल पर फोटो अपलोड होनी है। लेकिन इसमें शिक्षक कोई खास रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जिले के 60 फीसद से अधिक शिक्षक अपनी मनमानी दिखाते हुए पोर्टल पर फोटो अपलोड नहीं कर रहे हैं। महानिदेशक द्वारा सभी बच्चों के फोटो पोर्टल करने के लिए सभी प्रधानाचार्य या इंचार्ज अध्यापक को निर्देशित किया था। लेकिन शिक्षक इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

पोर्टल पर स्कूल ड्रेस में बच्चों के फोटो अपलोड करने के लिए प्रिंसिपल व इंचार्ज शिक्षक को निर्देशित किया जा चुका है। लेकिन इसके बाद भी शिक्षक इसको गंभीरता से नहीं लेते दिख रहे हैं। यही कारण है कि काफी प्रयास करने के बाद शिक्षक बच्चों के फोटो अपलोड नहीं कर रहे हैं। जिले भर में संचालित 1788 विद्यालयों में 1.96 लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। स्कूल में आने वाले सभी बच्चों के स्कूल ड्रेस में फोटो होने हैं। लगभग सभी बच्चों के खाते में डीबीटी राशि भेज दी गई है। ड्रेस के लिए स्कूल में पढ़ने वाले अभिभावकों के खाते में 1200 रुपए की डीबीटी भेजी गई है। कितने बच्चों ने स्कूल की ड्रेस खरीदी यह देखने के लिए ही विभाग द्वारा ये निर्णय लिया गया था। लेकिन शिक्षकों द्वारा पोर्टल पर बच्चों की फोटो अपलोड करने में मनमर्जी दिखायी जा रही है। इसे लेकर लापरवाही मानते हुए ऐसे शिक्षकों को चिन्हित किया जा रहा है। बताया जा रहा है शासन के आदेश पर हीलाहवाली में खंड शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट पर इनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को एक सप्ताह में ऐसे शिक्षकों की रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

# राम मंदिर को उड़ाने की धमकी देने का आरोपी भेजा गया जेल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** रामजन्मभूमि को चार हजार किलो आरडीएक्स से उड़ने की धमकी का संदेश भेजने के आरोपी मक़सूद अंसारी की पुलिस कस्टडी रिमांड मंगलवार को ख़त्म हो गई, जिसके चलते पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण करवा वापस जिला कारागार में दाखिल कराया है। वहीं आरोपी के साले से पूछताछ में भी कुछ खास जानकारी हाथ नहीं आई है। उधर पूछताछ के लिए बुलाए गए एक अन्य संदिग्ध को पुलिस ने वापस जाने दिया है।

मामले में पुलिस ने बिहार प्रांत के भागलपुर जिले के बरारी थाना क्षेत्र स्थित बड़ी खंजरपुर मस्जिद गली निवासी मक़सूद अंसारी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मकसूद ने घटना के समय उसका मोबाइल साले अरमान उर्फ़ अमन निवासी सकरुल्लाचक, हुसैनाबाद के पास होने की बात कही थी। वारदात की गुत्थी सुलझाने और कड़िया जोड़ने के लिए विवेचक ने आरोपी मकसूद का 96 घंटे का पुलिस कस्टडी रिमांड लिया था और अपने साथ लेकर बिहार गई थी। दोनों से कई चक्र पूछताछ और पड़ताल के बावजूद इनके किसी चर्चित संगठन से जुड़ाव की बात साबित नहीं हो पाई है। मोबाइल में कुछ आपत्तिजनक आडियो और वीडियो क्लिप जरूर मिली है। यह बात जरूर प्रकाश में आई है कि यह लोग मोबाइल के बजाय एप के सहारे एक-दूसरे से संवाद और संपर्क करते थे।

सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी का कहना है कि अभी आरोपी मकसूद का पुलिस कस्टडी रिमांड पूरा होने के बाद आरजेबी थाना पुलिस ने उसे वापस जिला कारागार में दाखिल करवा दिया है। तहकीकात और पूछताछ में मिले तथ्यों का परीक्षण करवाया जा रहा है।

## लापरवाह निर्वाचन कर्मियों पर लटक रही कार्रवाई की तलवार

**तीन आशा बहू, एक रोजगार सेवक, दो आंगनबाड़ी कार्यकत्री को कारण बताओ नोटिस**

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार:** निर्वाचन विभाग से पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें घर-घर सत्यापन कर मृतक व नाबालिग से बालिग की पहचान की जा रही है। कार्यक्रम के तहत समय से कार्य न करने के आरोपी लापरवाह आधा दर्जन निर्वाचन कर्मचारियों को एसडीएम ने कारण बताओ नोटिस जारी की है। निलंबन भी हो सकता है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान 20 अगस्त से चल रहा है। बीएलओ से 10 सितंबर तक घर-घर भ्रमण कर मतदाता सूची में अंकित सभी मतदाताओं का सत्यापन किया जाना था, लेकिन कुछ कर्मचारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसमें चिन्हांकित, मृतक, शिफ्टेड, अनुपस्थित मतदाताओं का बीएलओ एप के माध्यम से फार्म-सात भरा जाना आवश्यक है, लेकिन कई बीएलओ ने इसे नहीं भरा। उपजिलाधिकारी सोहावल अशोक सैनी ने बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के ड्योढ़ी के पूनम जायसवाल (आंगनबाड़ी) मंजू गुप्ता (आशा बहू) रौनाही, विजय कुमारी (आशा बहू) मीरपुर कांटा, राजेश कुमार (रोजगार सेवक) भिटौरा, गीता रानी (आशा बहू) शाखू पारा, पूनम (आशा बहू) जिवपुर भदरसा को नोटिस जारी की है। इन पर निलंबन की तलवार लटक रही है।



ज्ञानेश्वरी ग्रंथ का पाठ करते हुए महिलाएं।



ज्ञानेश्वरी ग्रंथ का पाठ करते हुए पुरुष वर्ग के लोग। अमृत विचार

# पूरा हुआ संकल्प, वारकरी समुदाय ने किया ज्ञानेश्वरी पारायण

अयोध्या कार्यालय



तीर्थ क्षेत्र पुरम में आयोजित ज्ञानेश्वरी का परायण के लिए मंच पर बैठे वरिष्ठ जन।

**अमृत विचार :** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों से अयोध्या पहुंचे वारकरी समुदाय के तीन हजार लोगों ने तीर्थ क्षेत्र पुरम में ज्ञानेश्वरी का पारायण किया। राष्ट्रीय भगवत धर्म परिषद मध्य प्रदेश के अध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक नारायण महाराज शिंदे ने बताया कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेश से बड़ी संख्या में वारकरी समाज के लोग अयोध्या पहुंचे। हम सभी का एक ही उद्देश्य है, जो हमारे पूर्वज माधव जी महाराज ने 1992 में सर्व देव अनुष्ठान के समय संकल्प कराया था कि जब रामलला नए मंदिर में विराजमान नहीं हो जाएंगे तब तक अयोध्या आकर संत ज्ञानेश्वर महाराज के पारायण का आयोजन नहीं करेंगे। बड़ी ही खुशी की बात है कि 22 जनवरी को रामलला अपने गर्भगृह में विराजमान हो गए हैं। इसलिए हम सभी उस संकल्प की पूर्ण आहुति के रूप में ज्ञानेश्वरी ग्रंथ का पाठ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस पांच दिवसीय आयोजन में सुबह पांच बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जिसमें सबसे पहले प्रभु को काकड़ा भजन के माध्यम से जागने की परंपरा को किया जाएगा। उसके बाद विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ और फिर ज्ञानेश्वरी ग्रंथ का पाठ विद्वानों के द्वारा किया जाएगा। शाम को भजन और हरि कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। संयोजक पंथ जोशी वासुदेव महाराज टापरे, सहसंयोजक में सुदर्शन शेंडे, प्रशांत तितरे, श्रीकांत नानोटी, धनंजय महाराज वासाडे, सुधाकर महाराज बंजार, ज्ञानेश्वर टाटरे, गोविंद शेंडे, अजय निलदावार, विजय किंकर, अनिल महाराज टायवाड़े, तेजराम कांजरेकर, जितेंद्र पराये सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राम की पैड़ी पर विकसित होंगी पर्यटन की सुविधाएं



राम की पैड़ी का निरीक्षण करते संतोष शर्मा व मौजूद अन्य लोग।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सरयू तट पर स्थित राम की पैड़ी पर पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मंगलवार को श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने इसका निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कार्रवाई पूरी करने के बाद इस पर काम शुरू होगा।

बता दें कि राम की पैड़ी पर पहले फेज का काम चल रहा है। सीईओ ने संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी पीएन सिंह और धीरज श्रीवास्तव के साथ दूसरे फेज के कार्यों को लेकर निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश पावर प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि. के सहायक प्रोजेक्ट मैनेजर अजय मिश्रा ने बताया कि उनकी संस्था फेज-एक के तहत कार्य करा रही है। फेज-दो के तहत दर्शकों के बैठने के लिए स्थान की क्षमता को बढ़ाया जाएगा। राम की पैड़ी के सौंदर्यीकरण का प्लान एडीपीएल की आर्किटेक्ट ज्योति मित्रा ने तैयार किया है। सौंदर्यीकरण के प्लान को मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव पर्यटन के समक्ष प्रेजेंटेशन कराया जा चुका है। फेज दो के कार्यों को दीपोत्सव के बाद शुरू कराया जाएगा। सीईओ शर्मा ने संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी पीएन सिंह को निर्देश दिया कि आर्किटेक्ट से वार्ता कर फेज-2 के सौंदर्यीकरण कार्य का प्रेजेंटेशन उनके समक्ष कराएं । स्थल पर डिजिटल सेल्फी प्वाइंट, पुराने पेड़ों का हेरिटेज, पाथ-वे को चौड़ा करने, राम की पैड़ी के प्रवेश द्वार को सीधा एवं डबल लेन में चौड़ा करने का निर्देश दिया।

## सीडीओ ने किया गोवंश आश्रय स्थल और स्कूल का निरीक्षण

**अयोध्या। अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने मंगलवार को अमानीगंज क्षेत्र के अकमा गोवंश आश्रय स्थल और अकमा विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को अभियान चलाकर गोवंश आश्रय स्थल को शीघ्र संचालित कराने, क्षेत्र में भ्रमण कर रहे गोवंशो को पकड़कर संरक्षित कराने और भूसा चारा आदि की व्यवस्था कराने व खाली पड़ी जमीन पर हरा चारा बुवाई कराने का निर्देश दिया। सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय अकमा का निरीक्षण किया। बच्चों की उपस्थिति पंजिका पर चढ़ाई गई हाजिरी में कमी और विद्यालय परिसर व शौचालय में साफ-सफाई नहीं मिली। मध्यान भोजन में दाल, चावल परोसा गया था, इसकी गुणवत्ता में सुधार का निर्देश दिया। मल्टीपल हैंड वॉश यूनिट बंद मिली। इसे क्रियाशील कराने का निर्देश दिया। विद्यालय में साफ-सफाई व पुताई कराने के लिए भी कहा। उनके साथ ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/उपायुक्त स्वतः रोजगार सुश्री स्वाति शर्मा, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार, खंड विकास अधिकारी अमानीगंज और पशु चिकित्सा अधिकारी मौजूद थे। खण्ड विकास अधिकारी और पशु चिकित्सा अधिकारी ने हैरिंग्टनगंज के अस्थायी गौ-आश्रय स्थल अछोरा, निमड़ी, शाहबाबाद ग्राण्ट व मलेथू बुर्जुग, ब्लाक तारून में जाना गौशाला, ब्लाक मिल्कीपुर में अस्थायी गौशाला भागीपुर, मजनाई, ब्लाक सोहावल में देवराकोट, सीवार गौशाला आदि का संयुक्त निरीक्षण किया।

# डिप्टी रजिस्ट्रार और लिपिक के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सिविल जज सीनियर डिवीजन चतुर्थ एकता सिंह की अदालत ने फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स के पूर्व डिप्टी रजिस्ट्रार सुभाष जायसवाल व पूर्व लिपिक श्यामलाल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया है।

यह आदेश शहर के फॉर्ब्स इंटर कॉलेज में हुई धोखाधड़ी के एक मामले में जारी हुआ है। अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तिथि 26 सितंबर नियत की है। अधिवक्ता विवेक सोनी ने बताया कि फॉर्ब्स इंटर कॉलेज के मैनेजिंग कमेटी के सदस्य मो. युनुस अंसारी की ओर से कोर्ट में परिवाद दायर किया गया था, जिसमें उसने कहा था कि वह कॉलेज के साधारण सभा का सदस्य है तथा उनकी संस्था सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत पंजीकृत है। इस विद्यालय की संपत्ति को हड़प करने के नियति से विपक्षी ने परिवार व रिश्तेदारों तथा सगे संबंधियों के नाम से एक फर्जी सूची बना डाली। परिवार व रिश्तेदारों और सगे संबंधियों के नाम से सदस्यों के फर्जी व कूट रचित हस्ताक्षर बनाकर रजिस्ट्रार फर्म सोसाइटी एवं चिट्स के कार्यालय में जमा करके विद्यालय की संपत्ति को हड़प करने का प्रयास किया। मामले में सुनवाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय ने प्रबंधक सैयद निजाम शरीफ, डॉ. मेराज अहमद, पूर्व प्रधान लिपिक अख्तर अब्बास उर्फ मुन्ने राजा और तत्कालीन डिप्टी रजिस्ट्रार सुभाष चंद्र जायसवाल व लिपिक श्यामलाल चौधरी को तलब किया था। मामले में सैयद निजाम अशरफ की मृत्यु हो गई है। अख्तर उर्फ मुन्ने राजा ने अदालत में उपस्थित होकर वारंट आदेश निरस्त करवा लिया, जबकि डिप्टी रजिस्ट्रार और लिपिक हाजिर नहीं हुए, जिसके चलते दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश हुआ है।

## सार-संक्षेप



सरयू तट पर लगे स्टाल पर पंचगव्य पीते लोग ।

### सरयू तट पर लगा पंचगव्य का स्टाल

**अयोध्या। अमृत विचार :** सरयू तट पर स्टाल लगाकर लोगों को पंचगव्य का सेवन कराया गया। गो ध्वज यात्रा लेकर अयोध्या पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के निर्देश पर धर्मसेना प्रमुख संतोष दुबे के नेतृत्व में स्टाल लगाकर लोगों को पंचगव्य पिलाया गया। संतोष दुबे ने बताया कि तिरुपति मंदिर के प्रसाद में गाय की चर्बी व अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं मिलने की बात सामने आई है। तिरुपति से आए प्रसाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भी बांटे गए थे। ऐसे में प्रसाद ग्रहण करने वाले लोग पाप बोध से ग्रसित थे। उन्हें पापबोध से मुक्त करने व पवित्र करने के उद्देश्य से जगद्गुरु अविमुक्तेश्वरानंद के निर्देश पर पंचगव्य पिलाया गया। यह पंचगव्य अपवित्र आत्मा व शरीर को पवित्र करता है। अभी यह अयोध्या में बांटा गया है। फिर प्रदेश के घर-घर और फिर देश के घर-घर में बांटा जाएगा।

### किसान महापंचायत को लेकर तैयारी में जुटी भाकियू

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** आगामी 6 अक्टूबर को भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती के अवसर पर आयोजित किसान महापंचायत की तैयारी शुरू हो गई है। अयोध्या से बड़ी संख्या में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता, पदाधिकारी व किसान जाएंगे। ग्राम बिलारी नगर पंचायत बीकापुर में प्रमुख कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा किसान समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पर दबाव बनाना आवश्यक है। 27 सितंबर को मया विकासखंड में तथा 30 सितंबर को मिल्कीपुर तहसील परिसर में किसान पंचायत का आयोजन किया गया है। सभी ब्लाक अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी गई है कि अपने-अपने विकासखंडो से कम से कम 100-100 कार्यकर्ताओं व किसानों को लेकर लखनऊ किसान महापंचायत में प्रतिभाग करें। पंचायत में जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, मस्तराम वर्मा, मंसाराम वर्मा, संतोष वर्मा, मंजय वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### स्कूल से लौटते समय प्रवक्ता पर हमला

**अयोध्या।** देव विद्यालय इंटर कॉलेज तरौली में तैनात प्रवक्ता के वाहन पर हमला हुआ, जिससे उनके वाहन का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद हमलावर भाग गए। शिक्षक ने इसकी तहरीर थाना इनायतनगर में दी है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि हमलावर इस विद्यालय के छात्र हैं। वह नाबालिग हैं। पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के मलिकपुर पाठक पुरवा गांव निवासी प्रकाश पाठक देव विद्यालय इंटर कॉलेज तरौली में संस्कृत के प्रवक्ता हैं। वह मंगलवार को कॉलेज गए थे। वहां से अध्यापन कार्य पूरा करने के बाद घर जा रहे थे। रास्ते में मजनाई मोड़ के पास बाइक सवार दो युवकों ने उनके चार पहिया वाहन पर हमला बोल दिया। पत्थर से हुए इस हमले में उनके वाहन का शीशा टूट गया। हमलावर फरार हो गए। घटना की तहरीर शिक्षक ने थाना इनायतनगर में दी है। शिक्षक ने हमलावरों में से एक की पहचान अलीपुर खजूरी थाना इनायतनगर के रूप में की है।

### मजदूर का मोबाइल चोरी, दो किशोर गिरफ्तार

**अयोध्या। अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने अंबेडकरनगर निवासी एक मजदूर का मोबाइल चोरी होने के मामले में दो किशोर अपचारियों को गिरफ्तार किया है। अंबेडकरनगर जनपद के भीटी थाना क्षेत्र स्थित गांव धारूपुर निवासी मस्तराम पुत्र नीबर ने रविवार को नगर कोतवाली में मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 21 सितंबर को वह नगर कोतवाली के देवकाली क्षेत्र स्थित कोरखाना निवासी संदीप वर्मा के घर मजदूरी कर रहा था। दोपहर लगभग 1.30 बजे बरामदे में बैठकर भोजन कर रहा था, इसी दौरान किसी ने उसका रीयल मी मोबाइल पार कर दिया। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि दोनों किशोरों से मोबाइल बरामद कर लिया है।

# स्वास्थ्य विभाग की कसरत, पूरी नहीं होगी मच्छरों की हसरत



**अभियान चला लोगों को कर रहे जागरूक**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में डेंगू के मामले भले ही दिन प्रतिदिन सामने आ रहे हों, लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में केस कम मिल रहे हैं। यह स्वास्थ्य विभाग की महीनों की कसरत का ही नतीजा है कि डेंगू अभी कंट्रोल में चल रहा है। नगर निगम के साथ स्वास्थ्य विभाग संयुक्त अभियान चलाकर सर्वे, छिड़काव, फॉगिंग व जागरुकता अभियान चला रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हों और अपने आस-पास मच्छरों का न पैदा होने दें। वहीं प्रशासन ने भी एहतियातन एक हजार मच्छरदानियां स्वास्थ्य विभाग को दी है।

### घबराएं नहीं, आस-पास रखें सफाई : एपिडेमोलॉजिस्ट

डिस्ट्रिक्ट एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन अभी मामला कंट्रोल में है। लोग बीमारी को लेकर घबराएं नहीं, बल्कि नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर इलाज कराएं। डेंगू के मच्छरों के स्रोतों में कमी लाने के लिए अपने आस-पास पानी न जमा होने दें। फ्रिज, कूलर-ट्रे, गमले व नांद आदि को हर रविवार रगड़कर साफ करें। जरूरी जल भंडारण को ऐसा ढकें कि मच्छर प्रवेश न कर पाएं। यदि कोई ऐसा स्रोत मिले जिसका प्रबंध व्यक्तिगत न हो रहा हो तो नगर पालिका, ग्राम सभा व अन्य अधिकारियों को सूचित करें। उन्होंने बताया कि जागरुकता बढ़ाने के लिए स्कूल व पब्लिक प्लेस में कार्यक्रम भी कराए जा रहे हैं।

जिले में 2023 में डेंगू के 1002 मरीज मिले थे। यह आंकड़े पिछले चार-पांच वर्षों में सर्वाधिक थे। तर्क दिया जा रहा था विकास कार्यों के कारण जगह-जगह खोदाई हुई थी और बारिश के बाद उनमें पानी भर जाने के कारण संक्रामक बीमारियों ने जन्म लिया था। 2022 में 668 व 2021 में 570 डेंगू के मरीज मिले थे। 2023 में सितंबर में ही 154 मरीज मिले थे, लेकिन इस वर्ष सितंबर माह बीतने को है और अभी तक महज 94 मरीज ही मिले हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 61 व नगर क्षेत्र में 31 मरीज मिले हैं। सर्वाधिक मरीज पूराबाजार ब्लॉक से 14 आए हैं। स्वास्थ्य विभाग मामले न बढ़े इसके लिए पूरी सतर्कता बरत रहा है।

### सीएचसी लेवल तक है इलाज की व्यवस्था: सीएमओ

डेंगू या फिर अन्य संक्रामक बीमारियों से लड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग जुटा हुआ है। सीएमओ डॉ. संजय जैन के मुताबिक सभी सरकारी अस्पतालों में इलाज के बेहतर प्रबंध किए गए हैं। यहां तक की सभी सीएचसी में भी पांच-पांच बेड आरक्षित किए गए हैं। दवाओं की उपलब्धता भी बढ़ाई गई है। प्रशासन की ओर से एक हजार मच्छरदानियां मिली हैं। यह डेंगू मरीजों में वितरित की जाएगी।

# आलू में झुलसा रोग रोकने को केमिकल का प्रयोग न करें किसान

अयोध्या कार्यालय



भ्रमण के दौरान पौधे को पानी देते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रहे अखिल भारतीय समन्वित आलू अनुसंधान परियोजना की 42वीं वार्षिक समूह की तीन दिवसीय बैठक का मंगलवार को समापन हो गया।

मुख्य अतिथि आईसीएआर के सहायक महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडेय ने कहा कि हमें ऐसी किस्मों को विकसित करने की जरूरत है जो किसानों के बीच अधिक समय तक लोकप्रिय बना रहे है और उनके उत्पादन में भी अधिक बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने किसानों से अपील किया कि वे आलू को झुलसा रोग से बचाने के लिए साइमोसाइक्लिन केमिकल का प्रयोग बिल्कुल भी नहीं करें। बैठक में आलू की छह नई किस्मों को किसानों के लिए पेश की गई जिसमें चार अनुशंसित की गईं हैं। इस मौके पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक डा. सुधाकर पांडेय मौजूद रहे। उनके साथ विवि के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला के निदेशक डॉ. बृजेश सिंह, सीपीआरआई मेरठ के क्षेत्रीय निदेशक डा. आर.के सिंह, सीपीआरआई शिमला के पूर्व निदेशक डा. एस. के चक्रवर्ती भी मौजूद रहे।

### आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है।

$34.0^0$ अधिकतम तापमान | $25.5^0$ न्यूनतम तापमान

### आज के कार्यक्रम



- तीर्थ क्षेत्र पुरम में पांच दिवसीय ज्ञानेश्वरी पारायण कार्यक्रम सुबह 5.00 बजे।
- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में 10 :30 बजे से।
- अवध विश्वविद्यालय में पॉलीसिस्टिक सिंड्रोम एंड डिजीज इन यंग गर्ल्स विषय पर जागरुकता संगोष्ठी प्रात: 11.00 बजे से।
- चाणक्य परिषद और श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट सीएम को भेजेगा डीएम के माध्यम से ज्ञापन 11.00 बजे।
- अवध ज्ञान संस्था द्वारा पर्यावरण पर जागरुकता कार्यक्रम नहर बाग में अपराह्न 2.00 बजे से।

### एक नजर

**डेंगू मरीजों ने पार किया दहाई का आंकड़ा**

**अयोध्या। अमृत विचार :** डेंगू मरीजों ने दहाई का आंकड़ा पार कर लिया है। इस सीजन में मंगलवार को सर्वाधिक 11 मरीज सामने आए हैं। इनमें नगर क्षेत्र में सबसे अधिक तीन मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के मुताबिक बीकापुर, मसौधा, पूराबाजार में दो-दो मरीज मिले हैं, जबकि रुदौली, मयाबाजार एक-एक मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। अब तक 93 मरीज मिल चुके हैं, जिनमें 71 ठीक हो चुके हैं, जबकि 23 उपचाराधीन हैं।

# अधिवक्ता के घर चल रहा था जुए का अड्डा, 22 गिरफ्तार

## बड़ा रमना में पुलिस ने मारा छापा, 3.87 लाख नकद व 22 स्मार्ट फोन बरामद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली के बड़ा रमना निवासी एक अधिवक्ता के मकान में जुआ खेला जा रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस भीतर से आ रही आवाज सुन अवाक रह गई। दरवाजा खोलवा भीतर घुसी तो कमरे में तख्त पर पांच-पांच सौ के नोट बिखरे थे और बाजी लगा रहे कुछ लोग तख़्त पर बैठे तो कुछ खड़े थे। पुलिस को देख लोगों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पहले से मुस्तैद पुलिस ने सभी को पकड़ लिया।

पुलिस अधिकारियों को अलीगढ़ चौकी क्षेत्र स्थित बड़ा रमना निवासी एक अधिवक्ता गौतम कुमार यादव के घर में जुए का अड्डा संचालित होने की जानकारी मिली थी, जिसको लेकर सोमवार की देर रात सीओ सिटी के नेतृत्व में नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय, चौकी प्रभारी चौक, नवीनमंडी, साहबगंज व अलीगढ़ तथा स्वॉट के सिपाहियों के साथ अड्डे पर छापा मारा गया। पकड़ा गया राठहवेली निवासी अबरार पहले सट्टे का कारोबार करता था और खुद का अड्डा चलाता था। क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह का कहना है कि पुलिस की तीन टीमों ने जुए के अड्डे से कुल 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश की गड्डी और 22 स्मार्ट फोन तथा कुल तीन लाख 87 हजार 870 रुपया बरामद किया है। तीन लाख 15 हजार रुपया फड़ से तथा 72 हजार 870 रुपया व 22 स्मार्टफोन आरोपियों की जामा तलाशी से मिला है। प्रकरण में पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करवा मंगलवार को सभी का चालान किया है। उन्होंने बताया कि लगभग एक वर्ष से यह अड्डा संचालित किया जा रहा था।



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार आरोपी, बरामद नकदी व मोबाइल। अमृत विचार

**सीओ सिटी ने दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस ने मेडिकल करवा किया चालान**

**पांच-पांच सौ रुपये तय थी एंट्री फीस**

बड़ा रमना स्थित वकील के घर चल रहे जुए के अड्डे में हार-जीत की बाजी लगाने के लिए लोगों को एंट्री लेनी पड़ती थी। पकड़े गए लोगों ने बताया कि अड्डे के संचालक अधिवक्ता की ओर से जुआ खेलने के लिए घर में प्रवेश करने वाले प्रति व्यक्ति से रोजाना पांच सौ रुपये प्रवेश शुल्क वसूला जाता था। गोरखधंधे की खबर मोहल्लेवालों व अन्य किसी को न लगने पाए इसके लिए संचालक की ओर से दिशा-निर्देश भी जारी किया गया था। सभी को अपने वाहन उसके घर से दूर सड़क किनारे, गुलाबबाड़ी मैदान व रीडगंज ओवरब्रिज के नीचे खड़ा करके आना पड़ता था और प्रवेश घर के पिछवाड़े स्थित द्वार से दिया जाता था। घर के आसपास वाहन और लोगों की भीड़ न होने के चलते मोहल्ला वाले भी अड्डे के बारे में अनभिज्ञ रहे।

**रामनगरी से भी दांव लगाने आते थे लोग**

दिव्यांग अधिवक्ता के घर पर चल रहे जुए के अड्डे पर शहर के ही नहीं बल्कि रामनगरी से भी लोग दांव लगाने आते थे। पुलिस ने मौके से रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र के राजघाट पार्क निकट निवासी धर्मेन्द्र मांझी (24), सुतहट्टी निवासी महताब अली (25) व राजघाट मीरापुर बुलंदी निवासी विनोद मांझी (33) तथा अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के धरमपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार यादव (27), गोरा बाजार निवासी आकाश कुमार मांझी (27) व जैन मंदिर चौराहा रायगंज निवासी सौरभ सोनी (30) को गिरफ्तार किया है। जबकि नगर कोतवाली के बड़ा रमना निवासी गौतम कुमार यादव (36), बगल स्थित मोहल्ला हैदरगंज निवासी अमन गुप्ता (25), आशीष गुप्ता (39) व अनूप गुप्ता (36), दालमंडी फतेहगंज निवासी पवन कुमार गुप्ता (49), अमानीगंज पठान टोलिया निवासी अहमद अली (25), विशाल कुमार (24), करमवीर यादव (35) व सन्तोष यादव (23), अमानीगंज सीताराम स्कूल के पास रहने वाले विकास सोनकर (20) तथा राठ हवेली निवासी अबरार (57) और कैंट थाना क्षेत्र के बेगमगंज गढ़ैया निवासी अमर निषाद (38), संजय यादव (35) व भीम निषाद (30), नियावाँ निवासी मो. शाहरुख खान (32) व जमथरा मांझा निवासी राज करन निषाद (52) को जुआ खेलते पकड़े गए हैं।

## तीन माह बाद दर्ज हुई हादसे की रिपोर्ट

**अयोध्या।** महराजगंज थाना क्षेत्र के सरायरासी गांव निवासी अधेड़ महिला की लगभग तीन माह पूर्व सड़क हादसे में हुई मौत के मामले में अब रिपोर्ट दर्ज हुई है। शिकायतकर्ता कैंट थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गांव निवासी महेश कुमार यादव का कहना है कि 22 जून की सुबह वह अपनी सास सरायरासी गांव निवासी कलावती यादव को अपनी बाइक से सरयू स्नान कराने लेकर गया था। स्नान के बाद वापस लौटते समय सुबह लगभग 6:30 बजे नयाघाट बाईपास पर रेलवे ओवर ब्रिज के निकट तेज रफ्तार मोटर साइकिल के चालक ने बाइक में टक्कर मारा और भाग गया। घायल की पांच दिन बाद इलाज के दौरान साकेतपुरी स्थित एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस की ओर से कार्रवाई न होने पर अदालत में प्रार्थना पत्र दिया गया। अयोध्या कोतवाल मनोज ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

# शादी की बात बढ़ाई तो तीन बच्चों का पिता निकला प्रेमी

अयोध्या कार्यालय

**मोबाइल पर परवान चढ़ा था प्रेम, युवती ने दर्ज कराई धोखा देने की रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** बाबा बाजार थाना क्षेत्र निवासी एक युवती का मोबाइल पर थाना क्षेत्र के ही एक युवक से वार्तालाप शुरू हुआ। मोबाइल पर प्यार-मोहब्बत की बातें होने लगीं। प्यार परवान चढ़ने के बाद युवती ने शादी के लिए युवक को मिलने बुलाया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। दिल के मंदिर में जिसको जवान हमसफ़र समझा था वो तीन बच्चों का बाप निकला। प्यार में धोखा खाई युवती ने कैंट थाना पुलिस में अपने प्रेमी के खिलाफ आबरू पर हमला और धोखा देने की शिकायत दर्ज कराई है।

मूल रुप से जिले के बाबा बाजार थाना क्षेत्र निवासी 22 वर्षीय युवती यहां कैंट थाना क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रहती है। युवती का कहना है कि बाबा बाजार थाना क्षेत्र के ही ग्राम सुजात अली का पुरवा मजरे महमूदमऊ निवासी राहुल ने उसका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया और उसको फोन करने लगा। फोन पर राहुल मीठी-मीठी बातें करता था और दोनों के बीच प्यार परवान चढ़ने लगा। काफी दिनों तक मोबाइल पर बात होती रही लेकिन उसके फ़ैजाबाद शहर में रहने तथा राहुल के 50-60 किलोमीटर दूर गांव में होने के चलते मुलाकात नहीं हो पाई। युवती का कहना है कि वार्तालाप के दौरान अंतरंगता बढ़ने पर उसने राहुल के साथ शादी का निर्णय ले लिया और उसे मुलाकात के लिए अपने घर बुलाया। राहुल घर पहुंचा तो उसको देख वह अवाक रह गई। राहुल उससे उम्र में काफी बड़ा और शादीशुदा निकला। इतना ही नहीं उसके तीन बच्चे भी हैं। असलियत की जानकारी पर उसने विरोध जताया तो राहुल ने उसके साथ छेड़छाड़ किया। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और छल करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात कराई जा रही है।

# छुट्टा मवेशियों को लेकर सपा सांसद ने दिया धरना

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने मंगलवार को छुट्टा मवेशियों के मामले को लेकर इनायत नगर स्थित अपने आवास पर ही धरना दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने सार्वजनिक स्थल पर धरने की अनुमति नहीं दी, जिससे आवास पर ही धरना देना पड़ा। राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भी एसडीएम मिल्कीपुर को सौंपा।

उन्होंने कहा कि किसान आज छुट्टा मवेशियों से तंग आ गया है। सरकार से मांग करता हूं कि जितने भी लोगों की मृत्यु छुट्टा मवेशियों के हमले से हुई है, ऐसे मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपए दिया जाए। सांसद अवधेश प्रसाद ने बीजेपी हराओ, छुट्टा मवेशियों से खेती बचाओ का नारा भी दिया। पूर्व विधायक जयशंकर पांडे ने कहा कि अब आप लोगों को सड़क पर आकर विरोध करने की जरूरत है। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि मिल्कीपुर में उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जनों मंत्री रात दिन डेरा डाले हुए हैं, लेकिन बेरोजगार, नौजवानों की समस्या की तरफ उनका ध्यान नहीं जा रहा है। जिला महासचिव बख्तियार खान, अनूप, रामकुमार, डॉ. माखनलाल, विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव, राम तेज यादव, महिला सभा की जिला अध्यक्ष सरोज, वेद प्रकाश, अधिवक्ता शिव शंकर आजाद सिंह चौहान ने भी संबोधित किया।



इनायतनगर स्थित अपने आवास पर धरने को संबोधित करते सपा सांसद अवधेश प्रसाद। अमृत विचार

# टैक्स के दायरे में आ सकते हैं निकाय क्षेत्र के बढ़े मकान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** आबादी बढ़ने के साथ निकायों की जिम्मेदारी बढ़ रही है। इसके सापेक्ष निकायों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किए जाने को लेकर मंगलवार को उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन बोर्ड ने मंडलीय बैठक की। निकायों के उन अनछुए पहलुओं के बारे में जानकारी दी, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सकती है।

कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में बोर्ड के सचिव पप्पू गुप्ता के साथ शोध अधिकारी आरएन पाल, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डीएम कटियार पहुंचे थे। लगभग ढाई घंटे से ज्यादा समय तक चली इस बैठक में बोर्ड के अधिकारियों ने समीक्षा के साथ तथ्यों की जानकारी दी। कहा कि नवगठित निकायों में पांच साल तक छूट की व्यवस्था है, लेकिन यदि पांच साल के पहले ही नागरिक सुविधाएं पूरी कर ली जाती हैं तो कर लगाया जा सकता है।

निकाय क्षेत्र में कामर्शियल टैक्स पर गठन संबंधी पांच साल की छूट की व्यवस्था नहीं है। इसे वसूला जा सकता है। किसी मकान के पास से यदि पेयजल पाइप लाइन गई है लेकिन कनेक्शन न होने पर भी उसे टैक्स से आच्छादित किया जाएगा। बोर्ड के अधिकारियों ने अयोध्या में दर्शन पूजन किया।

## आईं 59 आपत्तियां, अंतिम प्रकाशन आज

**अयोध्या। अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समितियों के मतदाता सूची पर कुल 59 शिकायतें आईं। इनमें ज्यादातर नाम गलत होने की बताई गई हैं। 25 सितंबर को आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। सहकारी गन्ना विकास समिति मसौधा के सचिव तुलसी राम यादव ने बताया कि समिति की मतदाता सूची पर कुल 18 शिकायतें आईं। फैजाबाद समिति के सचिव अशोक वर्मा ने बताया कि मतदाता सूची पर कुल 40 शिकायतें आई है। गनौसी समिति के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि मतदाता सूची पर केवल एक शिकायत आई है। बताया कि ज्यादातर शिकायतें नाम या पिता के नाम में गड़बड़ी से जुड़ी है।

# कलावा प्रकरण में सुपरवाइजर और सिक्योरिटी गार्ड निलंबित, जांच शुरू

मसौधा अयोध्या

**अमृत विचार :** पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में स्थित कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री में कलावा काटने के मामले में प्रबंधन ने सुपरवाइजर और सिक्योरिटी गार्ड को निलंबित कर दिया है। सीओ अयोध्या ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

शनिवार को शीतल पेय फैक्ट्री में काम करने वाले लगभग सौ से अधिक कर्मचारियों की कलाई में बंधे कलावा काटने के उपरांत ही फैक्ट्री में प्रवेश दिया जा रहा था जो सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानंद तिवारी को नागवार लगा। उन्होंने कलावा काटने का विरोध किया और कलाई में बंधा कलावा भी नहीं काटने दिया। आरोप है कि इस सुरक्षा अधिकारी ने मामले का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिस पर गुस्साए फैक्ट्री प्रबंधन ने सुपरवाइजर जयप्रकाश यादव और सिक्योरिटी गार्ड नितेश यादव को निलंबित कर दिया।

**अधिकारी बोले- सिर्फ प्रोडक्शन एरिया में कलावा, अंगूठी पहनने पर लगाई रोक**

> फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों के हाथों का कलावा काटे जाने का मामला सोशल मीडिया में आने के उपरांत जांच शुरू कर दी गई है। निलंबित किए गए दोनों कर्मचारियों के साथ-साथ फैक्ट्री प्रबंधन से भी पूछताछ की जाएगी।
> -आशुतोष तिवारी, सीओ अयोध्या

अमृत बाटलर्स फैक्ट्री के जिम्मेदार अर्जुन दास का कहना है कि सुपरवाइजर जयप्रकाश यादव और सिक्योरिटी गार्ड नितेश यादव ने नियम के विरुद्ध कार्य किया है। फैक्ट्री के नियम के मुताबिक सिर्फ प्रोडक्शन प्लांट में ही काम करने वाले कर्मचारी के हाथ की कलाई में धागा अंगूठी कलावा आदि पहनकर काम करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जबकि अन्य डिपार्टमेंट में काम करने वाले कर्मचारियों पर कोई रोक नहीं है। सुपरवाइजर और सुरक्षा गार्ड ने फैक्ट्री के अंदर आने वाले सभी कर्मचारी के हाथ का कलावा काटकर नियमों के विरुद्ध कार्य किया है। इसलिए दोनों को निलंबित कर दिया गया है।

### सार-संक्षेप

**अंशिका ने नेशनल शूटिंग के लिए चयनित हो बढ़ाया मान**



अंशिका मिश्रा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सीबीएसई ईस्ट जोन शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हो अंशिका मिश्रा ने जिले का मान बढ़ाया है। शिवनगर कॉलोनी निवासी अंशिका ने बिहार के फारबिसगंज में हुई सीबीएसई ईस्ट जोन प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में शानदार प्रदर्शन कर नेशनल लेवल के लिए क्वालीफाई किया। 20 अक्टूबर को भोपाल में आयाजित सीबीएसई की राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में ईस्ट जोन टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। पिता राजन मिश्र ने कहा कि प्रतिदिन करीब चार घंटे अभ्यास के साथ अंशिका योगा, व्यायाम, होल्डिंग संतुलित व पौष्टिक आहार लेती है। उन्होंने कहा कि जिले की अन्य बच्चियों को भी राइफल व पिस्टल शूटिंग की प्रतिस्पर्धा में आगे आना चाहिए। लखनऊ के विबग्योर स्कूल में कक्षा छह की छात्रा अंशिका ओलंपियन मनु भाकर को अपना आदर्श मानती है और शूटिंग में अब तक पांच स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी है। वह ओलपिंक में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना चाहती है।

**दिव्यांग जनों में वितरित किए गए सहयोगी यंत्र**



कृषि विवि में आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र वितरित करते मंत्री नरेंद्र कश्यप।

**अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सूबे के राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगों मे सामानों के साथ ही प्रमाण पत्र का वितरण किया। उन्होंने दस दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, 10 श्रवण बाधित बच्चों को हियरिंग ऐड, 10 स्मार्टकेन, 30 दिव्यांग पेंशनरों को पेंशन, तीन दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार, पांच दुकान निर्माण/संचालन योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र और 31 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से संचालित योजना के तहत 40 लाभार्थियों को शादी अनुदान स्वीकृति/प्रमाण पत्र और 36 बच्चों को ओ लेबल सीसीसी प्रमाण पत्र प्रदान किया।

**इंटरलॉकिंग धंसने पर वकीलों ने दी प्रदर्शन की चेतावनी**

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील रुदौली की हाइवे से बार एसोसिएशन तक आने वाला विनियमित क्षेत्र से बना इंटरलॉकिंग मार्ग जगह जगह धंस गया है। घटिया निर्माण को लेकर अधिवक्ताओं में काफी रोष है। बार एसोसिएशन रुदौली के अध्यक्ष गोरख नाथ तिवारी ने बताया कि इंटरलॉकिंग मार्ग के जगह जगह धस जाने से अधिवक्ताओ व वादकारियों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इंटरलॉकिंग को सही कराने के उपजिलाधिकारी रुदौली को एक सप्ताह पहले पत्र दिया गया है लेकिन अभी तक सड़क को सही नही कराया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क 15 दिन के अंदर नही सही कराई गई तो प्रदर्शन किया जाएगा।

**पीस कमेटी की बैठक में सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील**

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** आगामी दुर्गा पूजा और दशहरा के दृष्टिगत शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए थाना में थाना प्रभारी अमरजीत सिंह ने की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने कहा कि सभी आयोजक और नागरिक नियमों का पालन करें और त्योहार को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। अपील की आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहारों का आनंद लें। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने पुलिस के प्रयासों की सराहना की और कानून का पालन करने का संकल्प लिया।

**अदालत के आदेश पर तीन के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज**

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर कोतवाली के मानवनगर में लगभग दो माह पूर्व बकाया मांगने पर हुए विवाद और लूटपाट के मामले में पुलिस ने अदालत के आदेश पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित महिला का कहना है कि वह मोहल्ले में ही अपने घर के सामने गुमटी में किराना की दुकान चलाती है। 14 जुलाई की सुबह लगभग 9 बजे मानवनगर कालोनी हैदरगंज के लगभग 55 वर्षीय संतलाल और 45 वर्षीय बेचनराम अपने एक सहयोगी के साथ उसकी दुकान पर पहुंचे और सामान माँगा। उसने सामान दे दिया और पूर्व से बकाया रकम समेत सामान का मूल्य मांगा, तो दोनों गाली-गलौच करने लगे तथा पैसा मांगने पर गुमटी फेंक देने तथा सामान सहित उसको उठा ले जाने की धमकी दी। विरोध करने पर सभी ने गुमटी का सामान उठाकर फेंकना शुरू कर दिया तथा उसे जमीन पर पटक अश्लील हरकत की और मारापीटा। आसपास के लोगों को आता देख तीनों जान से मारने की धमकी देते हुए गल्ले में रखी बिक्री की रकम लेकर चले गए। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय का कहना है आपसी विवाद का मामला है। रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

# लड्डू की शुद्धता में गड़बड़ी तो बंद होगी दुकान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** हनुमानगढ़ी अखाड़ा ने मंगलवार को लड्डू व्यापारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। पूर्व अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत ज्ञान दास के उत्तराधिकारी और संकट मोचन सेवा के अध्यक्ष संजय दास ने अपने स्थान पर व्यापारियों के साथ बैठक कर प्रसाद में किन-किन सामग्रियों का प्रयोग किया जा रहा है इसकी जानकारी हासिल की। व्यापारियों ने लड्डू व पेड़ा निर्माण के पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान संजय दास ने चेताते हुए कहा कि अगर लड्डुओं की शुद्धता में गड़बड़ी मिली तो दुकान बंद करा दी जाएगी।

हनुमानगढ़ी अखाड़ा के शीर्ष महंत ज्ञानदास के उत्तराधिकारी महंत संजय दास ने बताया कि व्यापारियों को शुद्धता व गुणवत्ता पर ध्यान रखने की विशेष हिदायत दी गई है। प्रसाद निर्माण में केवल शुद्ध देसी घी के इस्तेमाल की सलाह दी गई है। यदि शुद्धता व गुणवत्ता के साथ किसी भी व्यापारी ने खिलवाड़ किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दुकान पर लड्डुओं की जांच कराई जाएगी। इसमें व्यापारी के गुणवत्ता की रिपोर्ट सही नहीं पाई जाएगी उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। वहीं व्यापारी नेता नंदलाल गुप्ता ने बताया कि बैठक में महाराज के द्वारा उत्तम क्वालिटी के बेसन, चीनी, घी का उपयोग किए जाने का निर्देश सभी व्यापारियों को दिया गया है। जितेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, बैद्यनाथ गुप्ता, सुनील कुमार मोदनवाल, विकास समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



व्यापारियों के साथ बैठक करते संजय दास। अमृत विचार

## पूर्व सांसद ने दो गांवों में लगाई जन चौपाल

**अयोध्या।** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने हैरिंग्टनगंज मंडल के मलेथू बुजुर्ग और बीकापुर मंडल के मलेथु कनक में जन चौपाल लगाई। उन्होंने लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। आयोजन स्थलों पर पहुंचने पर पूर्व सांसद का स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। अभियान के तहत कार्यकर्ता अधिक-अधिक से लोगों को भाजपा की राष्ट्रवादी नीतियों और भारत प्रथम के सिद्धांत से जोड़ते हुए उन्हें पार्टी का सदस्य बनाएं। हैरिंग्टनगंज मंडल में अवधेश पाठक, सरयू दूबे, अभिषेक, विकास, अंकित, संजय, बीकापुर मंडल में अनिल, महामंत्री पंकज, राकेश यादव प्रधान सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन 15 अक्टूबर तक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए आनलाइन आवेदन शुरू हो गया है। आवेदन 15 अक्टूबर तक लिए जायेंगे।

जिला समन्वयक माध्यमिक अशोक कुमार ने बताया कि राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए आनलाइन आवेदन 16 सितंबर से लिये जा रहे है जो 15 अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन लिये जायेंगे। इसके बाद 16 से 31 अक्तूबर तक जनपदीय समिति आवेदनों का परीक्षण एवं स्थलीय सत्यापन कर पात्र शिक्षकों का चयन करते हुए मंडलीय समिति को आनलाइन संस्तुति भेजेगी। मंडलीय समिति 15 से 29 नवंबर तक पात्र अध्यापकों का चयन कर निदेशालय स्तरीय चयन समिति को ऑनलाइन प्रस्ताव भेजेगी। राज्य स्तरीय समिति 30 नवंबर से 13 दिसंबर तक चयन की कार्यवाही करेगी और 14 दिसंबर के बाद पुरस्कार वितरण होगा। उन्होने बताया कि सभी राजकीय, सहायता प्राप्त, संस्कृत एवं वित्तविहीन स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय सारिणी के अनुसार आवेदन करवाना सुनिश्चित करें।

**ऑनलाइन लिए जाएंगे आवेदन जनपदीय समिति करेगी सत्यापन**

**तैयारी** | माता सीता की खोज थीम पर आधारित है जलकल कार्यालय स्थित भूल-भुलइया, दीपोत्सव तक होगी संचालित, गुम हुए तो कर्मचारी करेंगे गाइड

# 3 .95 करोड़ की लागत से बनी शीशे की भूल-भुलइया

सत्य प्रकाश, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामायण प्रसंग में शामिल माता सीता की खोज की थीम पर नगर में एक शीशे की भूल-भुलइया तैयार कराई गई है। बेनीगंज क्षेत्र स्थित जलकल कार्यालय में आरके इंटरप्राइजेज के द्वारा 1400 स्क्वायर फीट में 3.95 करोड़ रुपए की लागत से तैयार यह भूल-भुलइया दीपोत्सव तक लोकार्पित की जाएगी। दुनिया भर से आने वाले पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केंद्र होगा।

योगी सरकार ने रामनगरी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक दर्जन से अधिक योजनाएं संचालित की हैं। इसी क्रम में नगर निगम की पहल से पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए शीशे की भूल-भुलाइया को तैयार किया गया है। कंपनी के डायरेक्टर शरद शाश्वत ने बताया कि स्टेट स्मार्ट सिटी योजना के माध्यम से इसका निर्माण कराया गया है, जिसे मिरर बेस्ट सीता जी की खोज का नाम दिया गया है। इसके अंदर जाने के बाद बाहर निकलने के लिए रास्ता खोजना होगा। इसके लिए अंदर शीशे के अलग-अलग चैंबर्स बनाए गए हैं।



बेनीगंज स्थित जल निगम में बनी भूल-भुलाईया का मुख्य द्वार।



शीशे से बनी भूल-भुलाईया के अंदर का दृश्य। अमृत विचार

**एक बार में 20 लोग करेंगे प्रवेश**

भूल-भुलइया नगर निगम के द्वारा संचालित किया जायेगा। इसमें एक बार में 20 लोग ही प्रवेश कर सकेंगे। प्रतिदिन सुबह 10 से रात में 8 :00 तक ही संचालित होगा। इस भूल-भुलइया में एक व्यक्ति अधिकतम 8 से 10 मिनट तक रह सकता है। अगर किसी को इसके अंदर रास्ता नहीं मिलता है तो उसको कंपनी के कर्मी गाइड करेंगे।

**आध्यात्मिक के साथ रोमांच**

नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि यह योजना अयोध्यावासियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगी। उस समय कैसी परिस्थितियां रही होंगी जब हनुमान जी माता सीता की खोज के लिए गए थे। अपने आप में यह योजना धार्मिक आध्यात्मिक के साथ रोमांचक भी है। अभी किराया तय नहीं हुआ है। दीपोत्सव के पूर्व ही शहरवासियों को इस योजना की सौगात मिलेगी।

## सार-संक्षेप

### निजी विद्यालय और एक घर में हजारों की चोरी

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार** : रौनाही थाना की पुलिस चौकी सत्ती चौरा क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है। पुलिस एक घटना की पुलिस छानबीन नही कर पाती और चोर दूसरी घटना को अंजाम दे जाते है। रविवार की रात बरसेंडी गांव निवासी जगदंबिका सिंह के घर में चोरी के इरादे मे घुसे चोरों ने घर में लोगों के जाग जाने से मुठभेड़ पर उतर आए ।डंडों से प्रहार करते हुए जगदंबिका सिंह की पत्नी तथा मां प्रेमा सिंह को अधमरा कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर ही रही है। इसी बीच सोमवार की रात सारंगापुर के एक विद्यालय मे आधा दर्जन पंखा तथा बच्चों की बेंच पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। वहीं मंगलवार की सुबह बाबा पुरवा निवासी दिनेश के घर चोरी की खबर तब लगी जब ननिहाल बड़ागांव गई पत्नी घर वापस लौटी। घर में ताला लगा होने का चोरों ने फायदा उठाया। यहां चोरों ने 45 हजार नकद पांच हजार के जेवरात आदि पर हाथ साफ किया। चौकी प्रभारी एस एन सिंह ने बताया घटनाओं की जानकारी है। कुछ की तहरीर भी मिली है। हर घटना की पड़ताल के साथ चोरों की तलाश में पुलिस लगी है।

### रिकाबगंज का नाम परशुराम चौराहा रखने की मांग

**अयोध्या। अमृत विचार** : परशुराम युवा वाहिनी मिशन के अयोध्या जिले के प्रभारी पं सुशील पांडेय की अगुवाई में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी से संगठन के पदाधिकारी मिले। ज्ञापन सौंपते हुए पदाधिकारियों ने रिकाबगंज चौराहे का नाम बदल के परशुराम चौराहा करने की मांग की। कथा व्यास विजय शास्त्री महाराज, आचार्य शुभम तिवारी, अंकुर शुक्ला, आलोक पांडेय,राहुल शास्त्री देवी प्रसाद पांडेय, रवि तिवारी, माता प्रसाद पांडेय सहित अन्य ब्राह्मण बंधु मौजूद रहे।

### राज्य स्कूली प्रतियोगिता के चयनकर्ता बने उमेश



**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार** : बलिया में 29 सितंबर से आयोजित होने वाली 68वीं प्रदेश स्तरीय विद्यालयीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए जिले के शिक्षक उमेश कुमार पासवान को चयनकर्ता बनाया गया है। जनता इंटर कॉलेज जयसिंहमऊ के शिक्षक पासवान को डॉ. भीमराव आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान के प्राचार्य हरिबंश सिंह की ओर से चयनकर्ता व निर्णायक समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर विद्यालय सहित क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। इसके पूर्व भी पासवान राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में नेशनल कोच व मैनेजर रह चुके हैं।

### खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सूरतगंज, बाराबंकी।** माध्यमिक विद्यालय अमेरा गांव में मंगलवार दोपहर बाद एक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन छात्राओं के मध्य किया गया। उत्कृष्ट छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। नांदी फाउंडेशन की ओर से संचालित हो रहे, नन्ही कली प्रोजेक्ट तृतीय ने तुफान विलेज लेवल गेम का आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेरा गांव में किया गया। जिसमें शटल रन, 50 मीटर स्प्रिंट, इंडोरेंस, स्टैंडिंग लांग जंपिंग गेम्स इत्यादि खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित हुईं। जिसमें नन्ही कली की छात्राएं खुशी, कंचन, वर्षा और तान्या सिंह आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स एसोसिएट (एसए) पल्लवी मिश्रा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता सिंह ने पुरस्कार देकर सभी बच्चों को सम्मानित किया। वहीं इस मौके पर स्कूल के अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# तंबाकू मुक्त युवा अभियान का आगाज

## अभियान के जरिए वैश्विक नगरी अयोध्या को बनाएं तंबाकू मुक्त : महापौर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि वैश्विक नगरी अयोध्या को तंबाकू मुक्त बनाएं। इसके प्रति जागरुकता के लिए 24 सितंबर से दो माह का तंबाकू मुक्त युवा अभियान शुरू किया जा रहा है। वह सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे। कहा कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसमुदाय को जनपद में लागू कोटपा अधिनियम को और प्रभावी रूप से लागू किया जाना है।

तंबाकू नियंत्रण कानून कोटपा 2023 के सभी धाराओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध है। दो सौ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। तंबाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष विज्ञापनों पर प्रतिबंध है। 18 वर्ष के कम आयु के नाबालिकों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध है। शिक्षण संस्थान के 100 गज के भीतर तंबाकू उत्पादों की बिक्री दंडनीय है। कहा कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान अंततः तंबाकू और मनुष्यों में इसकी लत को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ने में सक्षम बनाएगा।

उन्होंने कहा कि तंबाकू मुक्त अयोध्या को बनाने के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800112356 पर संपर्क कर और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू मुक्त युवा अभियान शुरू हो रहा है। यह दो माह तक चलाया जाएगा।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते महापौर गिरीशपति त्रिपाठी।



भारतीय किसान यूनियन के नये सदस्य। अमृत विचार

### तीन सौ ने ली भाकियू की सदस्यता

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने मंगलवार को भवनियापुर गांव में सदस्यता अभियान चलाकर करीब तीन दर्जन लोगों को संगठन से जोड़ा। जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम यादव के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सतीश चंद्र वर्मा, ब्लॉक महामंत्री राजेश प्रताप सिंह, श्रवण कुमार, सत्येंद्र वर्मा और सुशील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## स्कूल की छत से गिरी छात्रा, मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** कोठी थाना क्षेत्र में एक इंटर की छात्रा संदिग्ध हालात में स्कूल की दूसरी मंजिल से जमीन पर जा गिरी। उसे गिरते देख छात्राओं ने शोर मचाया तो भीड़ लग गई। आनन फानन में उसे सीएचसी से जिला अस्पताल फिर ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। साथी बता रहे कि वह मानसिक अवसाद से गुजर रही थी।

जानकारी के अनुसार यह हादसा मंगलवार को कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा कोठी में दोपहर के समय हुआ। क़स्बे के रहने वाले दीपक मिश्रा की पुत्री वैष्णवी मिश्रा कस्बा कोठी के बाल विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्रा थी।

मंगलवार को वैष्णवी मिश्रा घर से पढ़ने के लिए कॉलेज पहुंची। साथी छात्राएं बताती हैं कि पहला घंटा पढ़ने के बाद अचानक वह विद्यालय भवन की दूसरी मंजिल की छत पर जा पहुंची। इसके बाद उसे किसी ने नहीं देखा। कुछ ही देर बाद कालेज की अन्य छात्राओं ने वैष्णवी को छत से नीचे गिरता देखा तो वह शोर मचाने लगी। कुछ ही पल में शिक्षक व प्रधानाचार्य के अलावा चाचा भी मौके पर पहुंच गए। उसे एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया जहां डाक्टरो ने बताया कि इसके हाथ पैर टूट गए हैं। यहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालात सुधरते न देख ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां पर इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई। मृतका के पिता नासिक में हैं, जो सूचना पाकर वहां से रवाना हुए। साथी छात्राएं बताती हैं कि वह पारिवारिक कलह से परेशान थी। घटना वाले दिन भी छात्रा ने किसी से कुछ भी नहीं कहा था और अचानक वह स्कूल की छत पर जा पहुंची। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई। कोई तहरीर नहीं मिली है।

## नौनिहालों का आधार कार्ड बनाने में हो रही वसूली

- सीडीपीओ कार्यालय मिल्कीपुर में अभिभावकों ने सुविधा शुल्क का किया विरोध

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** बाल विकास परियोजना कार्यालय मिल्कीपुर में सुविधा शुल्क लेकर नौनिहालों का आधार कार्ड बनाने का मामला प्रकाश में आया है। आधार कार्ड बनवाने आए अभिभावकों द्वारा सुविधा शुल्क का विरोध करने पर आधार कार्ड बनाने का कार्य रोक दिया गया है।

मुख्यमंत्री के आदेश व निर्देशों को दरकिनार करते हुए बाल विकास परियोजना कार्यालय मिल्कीपुर द्वारा अपने ही कार्यालय में प्राइवेट ऑपरेटर रखकर नौनिहालों का आधार कार्ड बनवाने का कार्य किया जा है। बाल विकास परियोजना कार्यालय मिल्कीपुर में बच्चों का आधार कार्ड बनवाने आए राम दर्शन, ओमिनी, कृष्ण मूर्ति व विरेन्द्र कुमार सहित दर्जनों अभिभावकों ने बताया कि आधार कार्ड बनाने हेतु उनसे 200 से 300 रुपए लेकर उनके बच्चों का आधार कार्ड बनाया गया है। इसका जब वहां मौजूद अभिभावकों द्वारा विरोध किया गया तो कार्यालय के लिपिक राम सुरेश वर्मा ने आधार कार्ड बनाने आए प्राइवेट आपरेटर को कार्यालय से बाहर निकाल दिया और आधार कार्ड बनाने का कार्य बंद करा दिया। मजे की बात तो यह है कि कार्यालय में तैनात लिपिक राम सुरेश वर्मा के फिंगर से आधार कार्ड बनाने का कार्य हो रहा है। बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रियंका दुबे ने बताया कि एक आधार कार्ड बनाने के लिए 200 रुपए प्रति बच्चे पर लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 100 रुपए जीएसटी सहित अन्य फीस आनलाइन कटती है, तथा 100 रुपए प्राइवेट आपरेटर को दिया जा रहा है। प्राइवेट आपरेटर रखा गया है, जिसको विभाग से कोई पैसा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने वसूली की बात से इंकार किया है।

## राष्ट्र की तरक्की का आधार युवा पीढ़ीः खेल मंत्री

अयोध्या कार्यालय



युवा सम्मेलन को संबोधित करते खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव। अमृत विचार

- मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र में युवा सम्मेलन का आयोजन

**अमृत विचारः** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के दरबारी लाल इंटर कॉलेज कलुआमऊ में भाजयुमो ने युवा सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि किसी देश का भविष्य देश के युवाओं पर हमेशा निर्भर रहा है। प्रत्येक राष्ट्र की तरक्की का आधार उसकी युवा पीढ़ी हैं। सरकार युवाओं के हित में कार्य कर रही है। स्किल डेवलपमेंट के जरिए युवाओं को रोजगारोन्मुखी बनाया जा रहा है। स्टार्टअप योजना के तहत लाखों युवाओं को रोजगार मुहैया कराया गया है।

भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही देश के लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है। देश के युवा पीएम मोदी तथा सीएम योगी के जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित हैं। जिस कारण युवाओं का उत्साह भाजपा के प्रति है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी देश के भविष्य का आधार है युवाओं के स्वालंबन व स्व रोजगार के लिए सरकार से अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। जिस कारण युवा वर्ग भाजपा से तेजी से जुड़ रहा है। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां हर वर्ग के लोगों को उचित सम्मान दिया जाता है। इससे पूर्व खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव और भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त का युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से स्वागत किया गया। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, अवधेश पांडेय बादल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विशाल सिंह, विवेक सिंह मोनू, कार्यक्रम प्रभारी राघवेंद्र पांडे कार्यक्रम संयोजक युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, आशीष शर्मा, आशीष तिवारी, अनुपम कौशल, अविनाश वर्मा, राघवेंद्र सिंह, अमर बहादुर सिंह, हरिओम तिवारी, रवि शर्मा, आकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## बिजली चोरी रोकने के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जाने की कवायद शुरू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसके तहत प्रथम चरण में शहरी क्षेत्र के 1200 उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। स्मार्ट मीटर लगाने की कवायद शहर में तेजी से चल रही है। जल्द ही जिले के सभी उपभोक्ता स्मार्ट मीटर से लैस हो जाएंगे। बिजली आपूति की सुविधा को देखते हुए तीन खंडों में विद्युत वितरण खंड को विभाजित किया गया है।

जिले में कुल विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 3,96,981 हैं। इसमें नगर का क्षेत्र विद्युत वितरण खण्ड प्रथम में आता है। विद्युत चोरी रोकने के लिए बिजली विभाग द्वारा प्रथम चरण में 43890 उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। प्रथम चरण में अबतक 1200 उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। शेष बचे 42690 उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने की कवायद तेजी से चल रही है। स्मार्ट मीटर लगाए जाने से एक तरफ जहां बिजली की चोरी पर लगाम कस जाएगा, वहीं दूसरी तरफ उपभोक्ता भी आसानी से अपना बिल जमा कर सकेंगे और बिजली बिल का अपडेट भी आसानी के साथ पता कर सकेंगे।




**अब तक 1200 उपभोक्ताओं के यहां लगे**

**प्रथम चरण में 43890 लगाए जाने हैं**

### ट्रांसफार्मरों और फीडरों पर भी लगाए जाएंगे स्मार्ट मीटर

स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के घरों के साथ ही ट्रांसफार्मर और फीडरों पर भी लगाया जाएगा। प्रथम चरण के तहत 2178 ट्रांसफार्मरों में से 45 ट्रांसफार्मरों पर स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। वहीं, 176 फीडरों में से 60 फीडरों पर स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। स्मार्ट मीटर लगाए जाने से ट्रांसफार्मर और फीडर पर वास्तविक लोड का पता चल जाएगा और विद्युत चोरी पर भी काफी हद तक लगाम लगाया जा सकेगा।

### बिजली चोरी रोकने में आसानी

उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही ट्रांसफार्मर और फीडर पर भी स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली चोरों को पकड़ने में विभाग को काफी आसानी होगी। तकनीकी अधिकारियों ने बताया कि सम्बंधित ट्रांसफार्मर में ज्यों ही ओवरलोड प्रदर्शित होगा, विभाग के कर्मचारी आसानी के साथ सम्बंधित ट्रांसफार्मर से हो रही बिजली चोरी को पकड़ लेंगे। इस तरह से स्मार्ट मीटर बिजली चोरी रोकने में काफी सहायक साबित होगा।

> स्मार्ट मीटर लगाए जाने शुरू हो गए हैं। प्रथम चरण के बाद पूरे जिले में यह कार्य शुरू किया जाए। स्मार्ट मीटर घरों के बाहर ही लगाए जा रहे। यदि कोई दिक्कत होती है तो उसका समाधान भी किया जाएगा। -प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड प्रथम

### पुलिस ने युवक को दौड़ाया, कुएं में गिरकर हुई मौत

संवाददाता कुतुबनगर, सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के सतनापुर गांव में मारपीट के मामले में आरोपी युवक को पुलिस ने पकड़ने के लिए दौड़ाया। आरोप है कि अचानक पुलिस के भय के कारण युवक का संतुलन बिगड़ा और वह कुएं में जा गिरा। जिससे युवक की कुएं में गिरकर मौत हो गई। वहीं युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। सतनापुर निवासी छन्नी ने गांव के ही दीपू और उसके भाई राकेश के विरुद्ध मारपीट की तहरीर दी थी। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, क्षेत्रीय चौकी कुतुबनगर के आरक्षी ताजेंदर और जयवीर सतनापुर गांव पहुंचकर आरोपी दीपू और उसके भाई राकेश को चौकी पर आने को कहा था। जब दीपू और उसका भाई कुतुबनगर चौकी पर नहीं पहुंचा। तो दोनों आरक्षी दोपहर बाद लगभग तीन बजे फिर से सतनापुर गांव पहुंचे। इस दौरान राकेश घर पर नहीं था। दीपू को देखते ही पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ने के लिए दौड़ाया। वहीं कुएं में अचानक अनियंत्रित होकर दीपू जा गिरा। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर मय पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। खबर लिखे जाने तक मृतक युवक को कुएं से बाहर नहीं निकलवाया जा सका था। सीतापुर के एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया पुलिसकर्मियों पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। कोई भी पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा था। फिलहाल घटना की सूचना के बाद सीओ महोली और आसपास थानों की पुलिस के अलावा दमकल टीम मौजूद हैं, मामले में जांच की जाएगी।



## एक नजर

### कटघर कमाल में मजलिस कल

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। जलालपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम कटघर कमाल में मरहूम सैयद मोहम्मद हसनैन के पुण्य के लिए चेहल्लुम की मजलिस आगामी गुरुवार को सुबह 09 बजे से होगी। काशिफ अब्बास ने बताया कि पहली मजलिस को मौलाना जावेद आबिदी अमरोहा और दूसरी मजलिस को मौलाना गजनफर अब्बास तूसी दिल्ली संबोधित करेंगे। मूनिस अब्बास सोजखानी और तालिब अब्बास पेशखानी व संचालन करेंगे।

### बेलापरसा में 40वें की मजलिस रविवार को

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। बसखारी विकास खंड क्षेत्र के ग्राम बेला परसा स्थित इमामबाड़ा फातमी में मरहूमा हुसैन बांदी बिंते अली नकी के 40वें की मजलिस आगामी रविवार को सुबह 09 बजे से होगी। कैफी अब्बास ने बताया कि सैयद इज्तेबा हुसैन की ओर से आयोजित होने वाली उक्त मजालिस को मौलाना मोहम्मद रजा आबिदी और मौलाना किर्तास कर्बलाई संबोधित करेंगे

### सचिव और सफाई कर्मी में हुई जमकर मारपीट

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। आपसी कहासुनी के बीच बढ़े विवाद में सचिव व सफाई कर्मी में जमकर मारपीट हुई। मामले को संज्ञान में लेते हुए खंड विकास अधिकारी ने जांच के लिए टीम गठित कर दिया है। मामला भियांव ब्लॉक का है। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को सचिव राधेश्याम चौधरी और सफाई कर्मचारी राम बचन यादव के बीच आपस में कुछ कहा सुनी हुई। कहासुनी के बाद दोनों पक्ष में विवाद बढ़ गया। जिसके चलते दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मामला जैतपुर थाने पर पहुंचा लेकिन किसी कारण से मुकदमा दर्ज नहीं किया गया और आपस में सुलह कर लिए। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अंजली भारती ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है, जिसके लिए टीम गठित कर दी गई है। तत्पश्चाप उचित कार्रवाई की जाएगी।

# रसोइयों के बकाया मानदेय का भुगतान होगा: जिलाधिकारी

## सितंबर व अक्टूबर के मानदेय का भुगतान समय से कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम पोषण योजना अंतर्गत रसोइयों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के रसोइयों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान में जनपद के 1371 प्राथमिक विद्यालयों में 1,17,603 छात्र और 678 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 73 हजार 817 छात्र प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण मध्याह्न भोजन योजना से आच्छादित है। जनपद में वर्तमान में 4 हजार 958 रसोईया कार्यरत हैं। बीएसए ने बताया कि मध्यान्ह भोजन योजना का उद्देश्य राजकीय, परिषदीय और राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त अर्ह प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर बच्चों में शिक्षा ग्रहण करने की क्षमता को विकसित करना और विद्यालयों में छात्र संख्या को बढ़ाना है। प्राथमिक कक्षाओं में विद्यालय में छात्रों के रूकने की प्रवृत्ति विकसित करना और ड्रापआउट रेट कम करना, बच्चों में भाई-चारे की भावना विकसित करना और विभिन्न जातियों व धर्मों के मध्य के अंतर को दूर करने के लिए उन्हें एक साथ बैठाकर भोजन कराना है, जिससे उनमें अच्छी समझ पैदा हो। उन्होंने कहा कि पीएम पोषण योजनान्तर्गत विद्यालयों में मध्यावकाश में छात्र-छात्राओं को निर्धारित मीनू के अनुसार स्वादिष्ट एवं रूचिकर भोजन प्रदान किया जा रहा है। जिलाधिकारी के प्रयास से प्रत्येक बच्चे को सप्ताह में बुधवार को उपलब्ध कराए जा रहे दूध में शहद मिलाकर भी दिया जा रहा है। इस दौरान मध्याह्न भोजन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मध्यान भोजन पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। बैठक में रसोईयों द्वारा बताई गई समस्याओं को जिलाधिकारी द्वारा एक-एक करके गंभीरता के साथ सुना गया। जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी दो दिवस के भीतर जनपद के समस्त रसोइयों का माह अगस्त 2024 तक का संपूर्ण बकाया मानदेय का भुगतान संबंधित रसोइयों के बैंक खाते में कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने आगामी त्योहार के दृष्टिगत माह सितंबर और अक्टूबर के मानदेय का भुगतान भी समय से कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों के लिए भोजन बनाने के साथ ही रसोइयों द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों का भी भोजन पकाया जाता है, जिसके पारिश्रमिक के रूप में रसोइया को 50 पैसा प्रति बच्चा प्रतिदिन की दर से उनके मानदेय में अतिरिक्त जोडकर प्रदान किया जाएगा।



पीएम पोषण योजना के तहत रसोइयों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह व साथ में बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह।

### ड्रेस की धनराशि बढ़ाने और मानदेय में वृद्धि पर हुई बातचीत

जिलाधिकारी ने जनपद के ऐसे विद्यालय जहां पर गैस चूल्हा उपलब्ध नहीं है वहां पर तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर रसोइयों के ड्रेस के लिए मिलने वाली धनराशि को बढ़ाने, मानदेय में वृद्धि सहित विभिन्न बिंदुओं पर संवाद स्थापित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक रसोइयां का कार्य और दायित्व बहुत ही महत्वपूर्ण है वह छोटे-छोटे बच्चों के भविष्य का निर्माण करती हैं और बच्चों को एमडीएम के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराती हैं। बैठक के दौरान डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा और संबंधित विभाग के अधिकारीध व कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म के एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। शौच कर वापस लौट रही किशोरी के साथ तीन लोगों के द्वारा सामूहिक दुराचार किए जाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बता दें कि जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के किशोरी के पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि मेरी 15 वर्षीय पुत्री बीते 18 सितंबर को सुबह घर के बगल से शौच करके वापस आ रही थी। उसी समय तीन लोगों ने पुत्री का मुंह और हाथ पकड़ कर घर से दूर उठा ले गए। जिस के साथ जोर जबरदस्ती कर सामुहिक दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी पुत्री को बेहोशी की हालत में घर के पीछे छोड़ कर फरार हो गए। परिवार के लोग सुबह होने पर घर के पीछे बेहोशी की हालत में पुत्री को देखा तो उठा कर घर ले आए और उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए। उपचार के बाद भी पुत्री सदमे के कारण रह रह कर बेहोश हो जारही है। पुत्री की हालत देखकर परिजनों ने पूछ ताछ किया तो उसने पूरी वारदात परिजनों को बताया। घटना में उमेर खान को शक के आधार पर नामजद आरोपी बताया। जबकि दो अज्ञात की पहचान पीड़ित ।नहीं बता पायी है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध दुष्कर्म, एससी-एसटी, पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दिया है। इसी बीच पुलिस ने नामजद आरोपी उमेर खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी अजेय कुमार शर्मा ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत

बसखारी, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। दो बाइकों की आमने-सामने भीषण टक्कर में दोनों मोटरसाइकिल चालकों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इस हादसे में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना बसखारी थाना क्षेत्र के पटना मुबारकपुर के निकट मंगलवार उस समय हुई जब जकीरूल्लाह उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी नीवा हुसैनपुर थाना अलापुर अपने पुत्र रैयानी उम्र लगभग 8 वर्ष को इलाज के लिए मोटरसाइकिल से बसखारी ले जा रहे थे। जैसे ही वह बसखारी रामनगर रोड पर स्थित पटना मुबारकपुर के निकट पहुंचे थे कि सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को स्थानीय लोगों की मदद से बसखारी सीएससी पहुंचाया। जहां पर दोनों मोटरसाइकिल सवार चालकों को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि बच्चे की स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। दूसरे चालक की पहचान धर्मपाल उम्र 28 वर्ष पुत्र वंश बहादुर निवासी जंगला हथिनाराज आलापुर के रूप में हुई है। मौत की खबर सुनकर दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। फिलहाल पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



युवकों की मौत के बाद मौके पर मौजूद पुलिसबल।

**थानाध्यक्ष बोले:**

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि दोनों शव का पंचनामा भारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रार्थना पत्र मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# लेखपाल समेत तीन के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। सेवानिवृत्त लेखपाल ने दलित बुजुर्ग के भूमि की दूसरे के नाम फर्जी खतौनी बना दी। फर्जी खतौनी के माध्यम से उसकी भूमि को बैनामा करने का प्रयास हुआ तो रजिस्ट्री आफिस में नकली खतौनी का खुलासा हुआ। बावजूद इसके फर्जी खतौनी धारक ने साधारण स्टाम्प पर जमीन बेच दिया। कब्जा करने आये जालसाजों का बुजुर्ग ने विरोध किया तो उसे जाति सूचक गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। मामलें में कोतवाली जलालपुर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सेवानिवृत्त लेखपाल समेत तीन लोगों के विरुद्ध एससी एसटीए धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मामला नगर जलालपुर के उस्मानपुर मुहल्ले का है। जहां के दलित बुजुर्ग किसान झगरू ने विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी के न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी खतौनी संख्या 543 में दो विस्वा का संक्रमणीय स्वामी है। बुजुर्ग ने बताया कि सुरहुरहुर थाना मालीपुर निवासी रिटायर लेखपाल रमाशंकर गौड़ ने मोहल्ले के मो. कासिम व बल्ली चौहान के साथ मिलकर मो. कासिम के नाम फर्जी खतौनी बना दिया। इसी भूमि को फर्जी खतौनी धारक से बल्ली बैनामा लेने रजिस्ट्री आफिस जलालपुर पहुंच गया। जहां खुलासा हुआ कि खतौनी फर्जी है और रजिस्ट्रार ने बैनामा लिखने से इनकार कर दिया। तब विपक्षी कासिम ने एक साधारण स्टाम्प पर बल्ली के नाम जमीन कर दिया। बीते 24 जुलाई को फर्जी खतौनी धारक उस की भूमि पर कब्जा करने लगा। बुजुर्ग ने बताया कि विरोध करने पर दोनों विपक्षी उसे जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। बुजुर्ग ने बताया कि इसकी शिकायत कोतवाली जलालपुर में की गई मगर सुनवाई न होने पर रजिस्टर्ड डाक से पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती पत्र भेजा वहां से भी इंसाफ न मिलने पर उस ने न्यायालय की शरण ली। जहां सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध एससी-एसटी, धोखा देने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल जलालपुर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

# डीएम ने चिल्ड्रेन पार्क के कार्यों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



चिल्ड्रेन पार्क के कार्यों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह ।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने न्याय पथ पर डॉक्टर भीम राव आंबेडकर प्रतिमा के पास विकसित किए जा रहे चिल्ड्रेन पार्क के कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित जेई को चिल्ड्रेन पार्क के समस्त कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ तीव्र गति से कराने और समस्त कार्यों को अपेक्षित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस निर्माणाधीन पार्क में बच्चों को खेलने के लिए समस्त सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पार्क में बच्चों के खेलने के लिए स्पाइरल स्लाइड, फाइबर स्लाइड, स्टैंडिंग प्लेटफार्म झूला, जाइंट स्विंग, सी-सा आदि विभिन्न बहुउद्देशीय और आकर्षक खेल उपकरणों को लगाया जाएगा।

# पुत्र ने रिश्ते को कलंकित कर की थी पिता की हत्या

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। घर में चारपाई पर सोए अधेड़ की बेरहमी से की गई हत्या के मामले में पुलिस ने मामले का खुलासा किया है। मामले में पुत्र ने ही रिश्ते को दागदार करते हुए पिता को मौत के घाट उतारा है। इस मामले को लेकर पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से कार्य करती रही। अन्ततः पुलिस ने आरोपी को खोज निकाला।

बता दें कि जैतपुर थाना क्षेत्र के मन्धरपुर गांव निवासी नन्हे मिश्रा बीते पांच सितम्बर की रात भोजन करके अपने घर में चारपाई पर सो रहे थे। तभी किसी अज्ञात के द्वारा सोते हुए नन्हे मिश्रा पर धारदार हथियार से वार कर मौत के घाट उतार दिया गया था। 6 सितम्बर सुबह जब उनके परिजन जगाने गए तो मौके की हालत देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची जैतपुर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना पर उच्चाधिकारियों ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर मामले का जायजा लिया था। जैतपुर पुलिस ने इस प्रकरण मे कई संदिग्धों से पूछताछ किया लेकिन कुछ हाथ नहीं लग सका था। लेकिन पुलिस को हत्यारे की पहचान हो चुकी थी, लेकिन पुलिस मृतक के त्रयोदशाह संस्कार का इन्तजार कर रही थी। मृतक के संस्कार के समाप्त होते ही पुलिस ने मृतक के आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुकत को गिरफ्तारी करने वाली टीम मे थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरि, कृष्ण चंद शुक्ल, रामजीत शामिल रहे। जैतपुर थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने बताया कि आरोपी अनुराग उफ्र अन्नू मानसिक विक्षिप्त हैं और शादी के बाद पत्नी के छूट जाने से वह सदमे में रहता था, जिसके कारण उसने घटना को अंजाम दिया। आरोपी को मंधरपुर नदी से गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपित युवक। अमृत विचार

### पुलिस अधीक्षक ने 55 पुलिसकर्मियों का किया तबादला

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद में कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने सोमवार देर रात विभिन्न थानों में तैनात 55 पुलिसकर्मियों का एक साथ तबादला कर दिया। सभी पुलिसकर्मियों को विशेष ड्यूटी के लिए पुलिस लाइन में लाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने आदेश जारी करते हुए बताया कि सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि इन पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन में 6 माह के लिए विशेष ड्यूटी पर संबद्ध किया जाए। इसके साथ हीए थाना प्रभारी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि सूची में अंकित पुलिस बल समय से पुलिस लाइन में रवाना हों। रवानगी की रपट भी इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस लाइन में आने के बाद प्रतिसार निरीक्षक द्वारा नामित पुलिस बल की गणना की जाएगी। समयावधि समाप्त होने के बाद संबंधित पुलिस बल को वापस करने के लिए नए पुलिस बल की मांग पत्र पुलिस अधीक्षक के वाचक को प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा नामित पुलिस बल का वेतन प्रपत्र भी संबंधित थाने द्वारा तैयार कर आंकिक कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा।

# बच्चों की उपस्थिति व शैक्षिक गुणवत्ता पर ध्यान दें अधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति और निपुण टास्क फोर्स के सदस्यों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निपुण भारत मिशन के अंतर्गत होने वाली आगामी आकलन परीक्षा के संबंध में समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निपुण टास्क फोर्स के सभी सदस्यों को लक्ष्य के अनुरूप ऑनलाइन विद्यालयों के निरीक्षण का पोर्टल से अवलोकन भी किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह ने पीपीटी के माध्यम से विभाग में संचालित योजनाओं की प्रगति प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प, एमडीएम, कस्तूरबा विद्यालय, दिव्यांग बच्चों की स्थिति तथा आरटीई के संबंध में विंदुवार समीक्षा किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त अधिकारियों को पांच-पांच विद्यालय आवंटित कर उन विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति और शैक्षिक गुणवत्ता के संबंध में सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई और आंगनवाड़ी केंद्रों का भी अवलोकन करने के लिए निर्देश दिए।

**अभियान** | मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान का किया उद्घाटन

# तंबाकू के सेवन से शरीर में उत्पन्न होते हैं अनेक रोग

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में प्राचार्य डॉ. आभास कुमार सिंह ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान का फीताकाट कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर परिसर में तंबाकू उन्मूलन केंद्र का भी उद्घाटन किया गया। उक्त अभियान दो माह तक चलेगा।

अभियान के तहत पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, चिकित्सा विभाग द्वारा जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम, पुलिस विभाग द्वारा कोटपा 2003 का पालन करना, शिक्षा विभाग द्वारा 800 विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम के साथ शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त किया जाना शासन स्तर से निर्धारित है। प्राचार्य डॉ. आभास कुमार सिंह ने बताया कि तंबाकू सेवन से शरीर में अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं, जिससे फेफड़ों में संक्रमण, मुंह का कैंसर, हृदय संबंधी रोग आदि शामिल हैं। जिला सलाहकार तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. सर्वेश कुमार ने कोटपा अधिनियम 2003 के विभिन्न प्रावधानों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम में डॉ. उमेश वर्मा उप प्राचार्य, डॉ. मुकुल सक्सेना, डॉ. मोहम्मद आतिफ, डॉ. अभिषेक पांडे, डॉ. अमित कुमार गुप्ता, डॉ. संजय आर्य, डॉ. संदीप कुमार शर्मा, डॉ. संजू चौधरी, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, सज्जन शर्मा, पूजा मीणा, उत्कर्ष वर्मा, सोनम मिश्रा समेत 300 छात्र-छात्राएं मौके पर उपस्थित रहे।



फीताकाट कर उद्घाटन करते डॉ. आभास कुमार सिंह व मौजूद डॉ. सर्वेश कुमार।

## सार-संक्षेप

### दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते दुर्गा पूजा महासमिति मुबारकपुर टांडा के पदाधिकारी।

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति मुबारकपुर टांडा द्वारा श्री दुर्गा पूजा महोत्सव और विसर्जन के समय निकलने वाले शोभा यात्रा को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी टांडा मोहनलाल गुप्ता को ज्ञापन सौपा गया। श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति मुबारकपुर द्वारा दिए गए ज्ञापन में टूटी गलियों को अविलंब ठीक कराने, बिजली के तारों को व्यवस्थित कराने, 24 घण्टे विद्युत सप्लाई, सुरक्षा व्यवस्था, विसर्जन घाट पर नदी और नाव तक सुगमता से पहुंचने के लिए रास्ते की व्यवस्था, मुबारकपुर में समुचित साफ-सफाई और चूना छिडक़ाव कराने और अराजक तत्वों की पहचान के लिए नगर में सीसीटीवी की व्यवस्था करने सहित 20 सूत्रीय मांग पत्र सौपा गया है। ज्ञापन सौंपते समय श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति मुबारकपुर के संरक्षक गौतम उपाध्याय, कमल गुप्ता, आशीष यादव, महा समिति अध्यक्ष अमित जायसवाल पिंटू, महामंत्री संदीप कुमार मांझी, मंत्री मदनलाल गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ईओ ने मैरिज लॉन के सदस्यों को किया जागरूक



बैठक करतीं अकबरपुर नगर पालिका परिषद की अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह।

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जनपद के शिवाय लॉन में मैरिज लॉन के अध्यक्ष और मंत्रियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अकबरपुर नगर पालिका परिषद की अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह ने किया। उन्होंने बैठक में सभी मैरिज लॉन को फ्री पलास्टिक जोन बेस्ट फूड के निस्तारण से संबंधित जानकारी दी। बता दें कि स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र ईओ की अध्यक्ष में लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत ईओ ने मैरिज लॉन के सदस्यों को स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से ही अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। बैठक में अधशासी अधिकारी बीना सिंह, ब्रांड एंबेसडर हनुमान सिंह, मुमताज ऊल हक, कैलाश चंद्र श्रीवास्तव समेत मैरिज लॉन एसोसिएशन के सदस्य मौके पर उपस्थित रहे।

### दाल और रिफाइंड का नमूना जांच के लिए किया संग्रहित

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देशानुसार जनपद में विशुद्ध खाद्य और पेय पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के उद्देश्य से मंगलवार को सहायक आयुक्त अयोध्या मंडल बीके सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा अकबरपुर स्थित तहसील तिराहे पर संचालित काका होटल, काका बिरियानी कॉर्नर और काका शुद्ध शाकाहारी भोजनालय का औचक निरीक्षण किया। तीनों प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। काका शुद्ध शाकाहारी भोजनालय से तैयार अरहर दाल का नमूना, काका बिरयानी कॉर्नर से रिफाइंड पामोलिन का नमूना और काका होटल से ग्रेवी का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया। निरीक्षण के दौरान उक्त तीनों प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों का रखरखाव उचित न होने और कार्मिकों द्वारा हेड कवर तथा ग्लब्स का प्रयोग न करने पर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही टीम द्वारा अनमोल ट्रेडर्स टांडा से मटर की दाल, विनायक ट्रेडर्स टांडा से पेड़ा व कलाकंद और अशरफपुर पर देवनारायण यादव से दूध का नमूना संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला को प्रेषित किया है। जांच दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा सहित समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

### दो पुरुष व एक महिला आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। जनपद में बेवाना थाना क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार देर रात चेकिंग के दौरान एक कार से दो पुरुष और एक महिला को आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से तीन पैकेट कंडोम, चार मोबाइल फोन और 2600 रुपए नगद बरामद किया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। बेवाना थाना प्रभारी प्रेमचंद्र ने बताया कि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान रसूलपुर दियरा महरुआ सर्विस रोड पर एक कार संदिग्ध रूप से रुकी। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए कार को घेर लिया। जब कार की तलाशी ली गई तो उसमें एक महिला और दो पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए। पुलिस की पूछताछ में पुरुषों ने अपनी पहचान दिलबाग सिंह पुत्र स्वर्णजीत सिंह निवासी सरदारी खेड़ा आलमबाग लखनऊ और अमनदीप सिंह पुत्र देवेंद्र पाल सिंह निवासी रामनगर आलमबाग लखनऊ के रूप में बताई है। पुलिस ने जब कार की तलाशी लिया तो वाहन चालक दिलबाग सिंह कार के वैध कागजात भी नहीं दिखा सका। बेवाना पुलिस ने दोनों पुरुषों और महिला के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ग्रामीणों को करें जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत ग्राम वार व्यय धनराशि के स्थिति की विकास खंडवार समीक्षा के दौरान विकासखंड भीटी, कटेहरी और टांडा में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के व्यय में पिछड़े पांच-पांच ग्राम पंचायत से संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों से बातचीत किया और व्यय प्रगति में अपेक्षित समय में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त ग्राम पंचायत सचिव संबंधित ग्राम प्रधान से समन्वय बनाकर नियमानुसार विकास कार्यों को तीव्र गति से करें और प्राप्त धनराशि का समय से विभिन्न जनउपयोगी कार्यों नाली, खडंजा आदि में सदोपयोग सुनिश्चित करें। इसी के साथ ही जन सामान्य को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से भी अच्छादन सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत और संबंधित ग्राम पंचायत सचिव आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# संदिग्ध मिले मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के आवेदन

## फर्जीवाड़े की आशंका पर जिलाधिकारी ने बैठाई जांच

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** जिले के बेलसर ब्लॉक में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत फर्जी आवेदन पत्रों की भरमार मिली है। शिकायत मिलने पर डीएम नेहा शर्मा ने फर्जीवाड़े की आशंका को देखते हुए पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। कन्या सुमंगला योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने वाले कॉमन सर्विस सेंटर भी जांच के दायरे में आ गए हैं। जिलाधिकारी के आदेश पर इनकी भी जांच कराई जाएगी। डीएम ने सभी कॉमन सर्विस सेंटरों की सूची साइबर थाने और स्थानीय पुलिस को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी व बेलसर के खंड विकास अधिकारी को मामले की जांच सौंप गई है। इस आदेश के बाद फर्जीवाड़ा करने वाले जालसाजों में हड़कंप मचा हुआ है।

**जांच के दायरे में कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी की सूची पुलिस को सौंपने के आदेश**


नेहा शर्मा, डीएम।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत बेलसर ब्लॉक में फर्जी आवेदन किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी को मिली थी। डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि शिकायत पर जब जांच कराई गई तो बड़े पैमाने पर आवेदन संदिग्ध पाए गए। अब इन आवेदनों की गहन जांच के लिए साइबर सेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही, जिला प्रोबेशन अधिकारी और खंड विकास अधिकारी बेलसर को निर्देश दिया गया है कि सभी सीएससी संचालकों की सूची साइबर सेल और स्थानीय थाने को उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने जांच के संबंध में जारी किए गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यदि जांच में यह साबित होता है कि किसी आवेदक ने योजना का लाभ लेने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया है तो ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त जांच में यदि कोई सीएससी संचालक फर्जी दस्तावेजों के जरिए आवेदन करने में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि प्रशासन की इस कार्रवाई का उद्देश्य फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से योजना का गलत लाभ लेने वालों पर शिकंजा कसना है। साथ ही, इस मामले को लेकर आम जनता के बीच जागरूकता फैलाने का भी प्रयास किया जा रहा है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की धोखाधड़ी को रोका जा सके।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने की बनी रणनीति

**करनैलगंज, गोंडा। अमृत विचार** : आगामी 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर तहसील करनैलगंज के सभागार में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें दस्तक अभियान के संचालन के सम्बन्ध मे विस्तृत चर्चा की गई।

ग्राम पंचायतों की साफ सफाई के लिए सफाई कर्मियों की टीम गठित कर रोस्टर के अनुसार सफाई कराए जाने की रणनीति बनाई गई। जिसमें नाली की साफ सफाई का कार्य, एंटी लार्वा का छिड़काव कार्य, फांगिंग कार्य, सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई कार्य इत्यादि कार्य सम्मिलित हैं। उक्त बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार मनीष कुमार ने किया। पंचायत विभाग से दिनेश सहायक विकास अधिकारी, शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल, स्वास्थ्य विभाग से भूपेंद्र पाण्डेय, बाल विकास परियोजना अधिकारी महेंद्र वर्मा, नगर पालिका से अधिशाषी अधिकारी डीडी सिंह, यूनिसेफ़ से भारत शुक्ला, तरुण, वीरेन्द्र पाण्डेय, मनीष जयसवाल आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया मीना का जन्मोत्सव


मीना जन्मोत्सव मनातीं बेटियां। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**कम्पोजिट विद्यालय**

**बच्चों ने निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता में लिया हिस्सा**

**अमृत विचारः** मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में मीना जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शिक्षिका शताब्दी वर्मा के निर्देशन में बच्चों ने चित्र कला, निबंध लेखन व माडल निर्माण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

प्रभारी प्रधानाध्यापक आलोक कुमार भारती ने मीना को एक रोल-मॉडल मानते हुए अन्य बालक व बालिकाओं को उससे प्रेरणा लेता हुए कभी हार न मानने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में लक्ष्मी प्रथम, पूनम द्वितीय व अंशिका तृतीय स्थान पर रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता में ताज मोहम्मद प्रथम, संजू द्वितीय व अंशिका तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार माडल निर्माण में आकाश वर्मा प्रथम, वृजमोहन पाल द्वितीय व ताज मोहम्मद तृतीय स्थान पर रहे। मीना जन्मोत्सव के अवसर पर पूनम भारती ने मीना का रोल अदा करते हुए केक काटकर सबका मुंह मीठा किया। प्रतियोगिता में संगीता, माधुरी, अर्चना, रुमा, नन्दिनी, कुसुम, संगीता, अमन, दीपक, साबिर अली, भूमिका मौर्य, अंजलि, मंजीत, अंकित, सेजल, आकाश, करन, साकिरा, साबिरा, उन्नति, संध्या वर्मा आदि बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया, सुरेश कुमार, पूनम वर्मा, पूनम, अनुराधा, आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### आज मनाया जाएगा विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**गोंडा कार्यालय। अमृत विचार** : 25 सितंबर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के रूप में मनाया जाता है। फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पूर्व मंडल प्रवक्ता सुधांशु मिश्रा ने बताया कि फार्मासिस्ट चिकित्सा जगत की रीड की हड्डी होता है। फार्मासिस्टों को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। फार्मासिस्ट दिवस को मुख्य रूप से मनाने के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों को आवश्यक सामग्री व फल वितरित किया जाएगा। उसके बाद एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है, जिसमें फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी उपस्थित होकर फार्मासिस्ट दिवस मनाएंगे।

### ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

**रुपईडीह, गोंडा। अमृत विचार** : रुपईडीह की ग्राम पंचायत देवरिया खाम की खुली बैठक ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी की देखरेख में कंपोजिट विद्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में पंचायत सचिव प्रसून राज श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी लोगों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत चयनित लाभार्थियों के पात्रता के बारे में जानकारी दी तथा ग्राम पंचायत द्वारा तैयार की गई आवास विहीन परिवारों की सूची पढ़ कर सुनायी। पूर्व प्रधान सत्यनारायण, रामनरेश, सिद्धनाथ, गंगा प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे। उसरैना की खुली बैठक आगामी 27 सितंबर को पंचायत भवन पर बुलाई गई है। प्रधान मंजू शुक्ल ने बताया कि इस बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत ग्राम पंचायत द्वारा तैयार की गई सूची की पात्रता के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक के लिए निर्धारित तिथि से सभी को अवगत करा दिया गया है।

### खुली बैठक में कोटे का चयन, दिव्या को मिली जिम्मेदारी

**संवाददाता, कटरा बाजार, गोंडा। अमृत विचार** : मंगलवार को क्षेत्र के पिपरी माझा गांव में पंचायत भवन पर खुली बैठक में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का चयन हुआ है। यहां पर विगत कुछ माह से कोटे की दुकान रिक्त रिक्त थी। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान जितेंद्र दूबे व प्रभारी बीडीओ विजय बहादुर सिंह ने की। कोटे की दुकान के लिए तीन लोगों ने भवानी स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष मंजू देवी, खुशनुमा व दिव्या ने आवेदन किया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रीतम श्रीवास्तव ने बताया कि दिव्या को सबसे अधिक 611 लोगों का समर्थन पाकर कोटे की दुकान के लिए चयनित हुई हैं। वहीं दूसरे स्थान पर खुशनुमा को 508 लोगों का जन समर्थन प्राप्त हुआ। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी पूजा भारती, सौम्या चौधरी, ज्योति चौहान तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटरा बाजार पुलिस प्रभारी पेशकार यादव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शिव कुमार गिरी, उपनिरीक्षक कृष्णा प्रताप सिंह, अनिल कुमार मिश्रा व विनोद कुमार सिंह सहित कांस्टेबल अभय, महिला कांस्टेबल पूजा व अनीता बाजपेयी मौजूद रहे।

# शादी के छह माह बाद महिला ने लगा ली फांसी

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** शादी के छः माह बाद ही विवाहिता ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। मामले में पति समेत सास-ससुर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के महंगूपुर गांव में मंगलवार की सुबह एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की मां सुमित्रा देवी की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पति और सास-ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महंगूपुर गांव के जग प्रसाद की बहू ने सुबह जब देर तक अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तब परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। कमरे में बहू पूजा का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार रंजन वर्मा और पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय कुमार सिंह मौके पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गए। मृतका के मायके वालों ने ससुरालवालों पर हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया है। मृतका की मां सुमित्रा देवी ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि ससुराल वाले शादी के बाद से ही दहेज के लिए बेटी को मारते-पीटते थे। बेटी के पति, ससुर, सास और जेठानी ने बेटी की हत्या कर शव को टांग दिया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नरायन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति समेत सास ससुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पति, सास-ससुर को हिरासत में लेकर उचित कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षकों के वेतन भुगतान की मांग को लेकर शिक्षक संघ ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** 12460 शिक्षक भर्ती में नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों को वेतन भुगतान न होने से आक्रोशित उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मांगपत्र देकर प्रदर्शन किया।

शिक्षकों का वेतन जारी करने की मांग के संदर्भ में जिलाध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा की सत्यापन सूची पूर्व में सार्वजनिक की जाती थी जिससे शिक्षकों को उनके सत्यापन की स्थिति के बारे में समय से पता चल जाता था जिससे उन्हें परेशानी नहीं होती थी अब शिक्षक कार्यालय के चक्कर लगाने को विवश हो रहा है। उन्होंने इस संबंध में बीएसए से फोन पर बात की। बीएसए ने जल्द ही सत्यापन की दूसरी सूची जारी करने का भरोसा दिया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनय तिवारी, जिला महामंत्री व ब्लॉक अध्यक्ष बेलसर उमाशंकर सिंह जिला कोषाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक अखिलेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ला, जिला संयुक्त मंत्री, जिला संगठन मंत्री/ब्लॉक अध्यक्ष तरबगंज बलवंत सिंह, जिला संयुक्त मंत्री/ब्लॉक अध्यक्ष मुजेहना कुलदीप पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष वजीरगंज अवनीश पांडेय, वजीरगंज मंत्री आनंद देव सिंह, मंत्री इटियाथोक चंद्र प्रकाश वर्मा, उपाध्यक्ष मुजेहना सुजीत त्रिपाठी, बेलसर ब्लॉक मंत्री विजय चौहान, जिला सहायक लेखाकार संदीप त्रिपाठी, मंत्री परसपुर प्रमोद द्विवेदी, अचिन कुमार, जितेंद्र कुमार, प्रवीण जयसवाल, राजकुमार, वीरेंद्र वर्मा, हृदय नारायण, संजय द्विवेदी, सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।


बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

# एडीओ पंचायत व ग्राम प्रधान पर केस दर्ज

संवाददाता, परसपुर, गोंडा

**अमृत विचारः** पशु पक्षियों के पीने के पानी के लिए तालाब भराने के नाम पर फर्जी बिल बाउचर लगा कर भुगतान किए जाने के प्रकरण में तत्कालीन प्रधान एवं सेक्रेटरी अब एडीओ पंचायत इटियाथोक के विरुद्ध न्यायालय ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किए जाने का निर्देश थानाध्यक्ष परसपुर को दिया है।

परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरी खुर्द के तत्कालीन ग्राम प्रधान राकेश पाण्डेय तथा तत्कालीन सचिव परमात्मा दीन द्वारा वित्तीय वर्ष 2018 - 2019 में पशु पक्षियों को पीने के लिए तालाब में पानी भराये जाने के 17,100 रुपये की वित्तीय अनियमता करते हुए सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया था। उक्त गांव के निवासी पवन पाण्डेय ने बताया कि इसकी शिकायत डीएम से करने पर त्रिस्तरीय जांच समिति गठित कर जांच कराई गयी। जांच में दोषी पाये जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। न्यायालय ने आदेश दिया है कि उपरोक्त पर मुकदमा दर्ज कर जांच कर कार्रवाई की जाए। भुगतान फर्जी में तत्कालीन प्रधान व सेक्रेटरी अब एडीओ पंचायत इटियाथोक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किए जाने का निर्देश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा रूगंटा ने थानाध्यक्ष परसपुर को देते हुए एक सप्ताह में आख्या तलब की है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि न्यायालय का आदेश आया है। मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जायेगी।

## वर्ग पहेली-202

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोस्ते की फली 2. कुछ विशिष्ट पौधों की बड़ी कली जिसमें उस पौधे के फल या बीज रहते हैं, बौड़ी।

3. 1. नशीले पेय तथा फलों के रस से बनाया जाने वाला एक पेय, एकाधिक मदिराओं का मिश्रित पेय मांड़ा

6. मरने की इच्छा, मरण कामना, मरणाशंसा।

8. (अंधविश्वास) एक प्रकार के भूत-प्रेत, एक योनि जिसमें पड़ी आत्माएं मनुष्य जीवन में बाधा उत्पन्न करती हैं।

9. 1. नम्रता, शालीनता 2. लज्जाशीलता, शिष्टता, सुशीलता।

**ऊपर से नीचे**

2. पुराने आधे पैसे के बराबर का सिक्का, अधेले के मूल्य का सिक्का।

4. 1. दूषित अथवा मलिन होने की अवस्था या भाव, मैल, मलिनता, गंदगी 2. पाप, पातक 3. गुस्सा, क्रोध 4. कलंक, अपयश, बदनामी 5. अपवित्रता 6. कालिमा 7. विकार।

5. 1. जो ख़ास हो, जो मामूली न हो, असाधारण, विशिष्ट 2. प्रचलित परंपरा से भिन्न।

7. 1. तपना, गरमाना, गरम होना 2. संतप्त होना 3. जलना।

8. 1. बाप, तात, जनक 2. संतान का जन्मदाता पुरुष।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | ■ | 2 |
| ■ | ■ | 3 | 4 | | |
| ■ | 5 | ■ | | ■ | |
| 6 | | | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 7 |
| ■ | | ■ | 8 | | |
| 9 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -201 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | हा | ल | 2 य | ■ | 3 घा |
| ज़ा | ■ | ■ | था | ■ | नी |
| 4 कि | ब | ला | नु | मा | ■ |
| या | ■ | ■ | पा | ■ | 5 नं |
| ■ | ■ | 6 ए | त | का | द |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | रा |
| ■ | 7 अ | भि | मा | नि | नी |

# सरकारी भूमि पर लगे पेड़ काटे डाले

**बभनान, गोंडा। अमृत विचारः** छपिया थाना क्षेत्र के तालागंज ग्रंट परगना बभनीपायर के हल्का लेखपाल स्वामीनाथ तिवारी ने छपिया पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि सूचना पर ग्राम पंचायत के खलिहान के गाटा संख्या के खसरे स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच किया गया। गांटा संख्या 1984/0.065 हे. भूमि खलिहान के खाते में दर्ज अभिलेख है। उसी उक्त गाटा संख्या मे 04 पेड़ सागौन के दर्ज है जिसमें से दो पेड़ कुछ अज्ञात व्यक्तियों काट डाला है। मौके पर पुलिस के पहुंचने पर लोग भाग गए। मौके पर मिला 08 बोटा सागौन थाना छपिया में जमा करा दिया गया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष छपिया कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि हल्का लेखपाल की तहरीर पर केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गर्मी ने किया बेहाल, 37 डिग्री पहुंचा पारा

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** सितंबर महीने की गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। पिछले पांच दिनों से जिले में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। मंगलवार को तापमान 37 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। लोग दिन भर गर्मी और उमस से बेहाल रहे। हालांकि मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में बारिश की संभावना जताई है। विभाग की तरफ से बारिश का यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इस अलर्ट के बाद लोग इस उमस भरी गर्मी से राहत की उम्मीद कर रहे हैं।

बीते पांच दिनों से जिले में तेज धूप पड़ रही है। सितंबर महीने की इस उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। वहीं मौसम के रुख को देखकर किसान भी चितिंत दिखाई दे रहे हैं। सितंबर महीने में जिस तरह से तेज धूप पड़ रही है उससे धान की फसल पर विपरीत असर पड़ रहा है। धान की फसल के लिए अभी कम से कम एक बार बारिश की आवश्यकता है। किसानों का कहना है कि अगर एक बार अच्छी बारिश हो जाती है तो धान के फसल को संजीवनी मिल जायेगी। वहीं मंगलवार को 37 डिग्री तापमान के साथ जिले में प्रचंड गर्मी रही। हालांकि तेज धूप के बीच आसमान में बादलों के आवाजाही का खेल जारी है। मौसम विभाग ने 27 और 28 सितंबर को एक बार फिर बारिश आंधी तूफान और वज्रपात के लिए अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिर सकती है। मौसम विभाग की माने तो प्रदेश में मानसून धीरे-धीरे अपनी विदाई की तरफ बढ़ रहा है। लेकिन बंगाल की खाड़ी में एक बार फिर निम्न दबाव का क्षेत्र बनने से फिर बारिश होने के आसार बन रहे हैं।

25 और 26 सितंबर को दिन में उमस भरी गर्मी लोगों को सताएगी, लेकिन 27 और 28 सितंबर को भीषण आंधी तूफान के साथ बारिश की संभावना है। इसके बाद गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। इसके पहले अभी 2 दिन गर्मी और सताएगी। इस दौरान तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। मंगलवार को जिले के विभिन्न इलाकों में बादलों के आवाजाही का खेल चलता रहा। दिन में तेज धूप निकलने से लोग एक बार फिर उमस भरी गर्मी से बेहाल दिखे। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 37 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा।


प्रचंड गर्मी के बीच दुपट्टा बांधकर जाती युवती। अमृत विचार

**अगले तीन दिन में हो सकती है बारिश, गर्मी से मिल सकती है राहत**

## सुडोकू -115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | | | | | 7 | | 9 |
| 9 | | | 2 | | | | | 3 |
| | 5 | | 3 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | 4 | 5 | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 2 | | |
| | 7 | | | | 8 | 4 | | 5 |
| | 1 | 5 | | | 9 | | 8 | |
| 6 | | | | | 1 | | | 4 |
| 3 | | 8 | | | | | 5 | 1 |

### सुडोकू - 114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 2 | 1 | 9 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 12.10 तक तत्पश्चात नवमी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 22.23 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। माता या मातातुल्य स्त्रियों का सम्मान करें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। मित्रों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

**वृष** — आज किसी रिश्तेदार से सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। आपकी आय में भी वृद्धि होने की संभावना है। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को जबरदस्त सफलता मिल सकती है।

**मिथुन** — आज आपके स्वभाव में ताजगी रहेगी। अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को तय समय पर पूर्वनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।

**कर्क** — आज अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें। भावुक होने के बजाय व्यवहारिक रहें तभी प्रसन्न रह पाएंगे। नई जानकारियों को एकत्र करने में लगे रहेंगे। व्यापार में आ रही गिरावट दूर होगी।

**सिंह** — आज आपके ऊपर काम का दबाव रह सकता है। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें। पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें।

**कन्या** — आज सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। घर की समस्याओं को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा लेंगे। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

**तुला** — आज आपकी दिनचर्या बहुत ही व्यवस्थित रहेगी। कॉलेज विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

**वृश्चिक** — आज किसी पुराने मामले को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। घर में मेहमान आ सकते हैं। लोगों की मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। असंतुलित खानपान के कारण आपको परेशानी हो सकती है। स्त्री जातकों को कष्टपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर** — आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों का बेहतरीन लाभ मिलेगा। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आज लोग आपसे काफी अपेक्षा करेंगे। साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। नौकरीपशा लोगों को ज्यादा काम करना पड़ेगा। मेडिकल शोध से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है।

**मीन** — आज आपके जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। बड़ों के द्वारा होने वाले सुझावों पर गौर अवश्य करें। बुखार और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपनी कार्यक्षमता को लेकर भ्रम की स्थिति रहेगी। क्रोध के कारण अवसरों को खो सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
16 दिसंबर — सुबह : 09.41
छतरीवाली — रात : 07.56

&pictures
बोल राधा बोल — सुबह : 10.49
शर्माजी नमकीन — रात : 08.00

SONY PIX
रेडी प्लेयर वन — सुबह : 10.41
स्पाइडर मैन 2 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 11.45
भीमा — रात : 08.00

ZEE ACTION
वज्रकाया — सुबह : 10.50
गद्दार — रात : 09.51

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह : 11.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस-हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चलकर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

## एक नजर

### सरयू नहर शाखा पर पुल निर्माण कराने की मांग

गोंडा। अमृत विचार : ब्लॉक रुपईडीह की ग्राम पंचायत भटपी के रखौना पुरवा गांव के निकट सरयू नहर की शाखा पर पुल का निर्माण कराए जाने की माँग प्रधान काली प्रसाद शुक्ल ने सरयू नहर की शाखा खंड तीन के अधिशासी अभियंता से की है। उन्होंने बताया कि उक्त नहर पर पुल का निर्माण न होने से अधिकांश ग्राम वासियों को अपने खेतों तक गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

### कोचिंग गई छात्रा लापता अपहरण का केस दर्ज

मनकापुर, गोंडा। अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय बहन बीते शुक्रवार को सुबह नौ बजे घर से मनकापुर बाजार कोचिंग पढ़ने गई थी। देर शाम तक घर वापस न आने पर उसकी चार दिनों तक काफी खोजबीन करता रहा। कहीं से उसका पता नहीं चल सका है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि अज्ञात युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश की जा रही है।

### उधार दिया पैसे मांगा तो की मारपीट

बभनान, गोंडा। अमृत विचार : छपिया थाना क्षेत्र के मुड़ाडीहा निवासी रामधनी ने छपिया पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि 31 दिसम्बर 2022 को फोन पे के माध्यम से राम गोपाल पुत्र स्व0 सन्तराम निवासी मुड़ाडीहा थाना छपिया ने बीस हजार रुपया उधार लिया था। जब राम गोपाल से अपना पैसा वापस मांगा तो आना कानी करके भद्दी-भद्दी गाली गलौज देते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष छपिया कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि रामधनी की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# स्टाफ नर्स ने मांगी रिश्वत, जिलाधिकारी करेंगी जांच

## डेथ सर्टिफिकेट के नाम पर रुपये मांगने का मामला, एडीएम से जांच कराकर कार्रवाई का निर्देश, तलब की रिपोर्ट

संवाददाता, गोंडा



शशि भूषण लाल सुशील, आयुक्त देवीपाटन मंडल।

**अमृत विचार:** जिले के स्वशासी मेडिकल कॉलेज (जिला अस्पताल) में डेथ सर्टिफिकेट के नाम पर रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि अस्पताल में तैनात स्टाफ नर्स ने सर्टिफिकेट देने के बदले 700 रुपये की मांग की। पीड़ित ने मामले की शिकायत लेकर देवी पाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील के पास पहुंचा और पूरी घटना बताई तो आयुक्त सन्न रह गए। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए असली जांच डीएम को सौंपी है। आयुक्त ने पूरे घटनाक्रम की जांच अपर जिलाधिकारी से कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इमामबाड़ा के रहने वाले महेश निषाद उसने अपनी भाभी को इलाज के लिए जिले के स्वशासी मेडिकल कालेज (जिला अस्पताल) में भर्ती कराया था। संजय का कहना है कि अस्पताल में कोई डॉक्टर इलाज करने नहीं आया। अस्पताल की स्टाफ नर्स ही उसके भाभी का इलाज करती रही। आरोप है कि हर बार दवा व इंजेक्शन लगाने के लिए वह पैसा मांगती रही। दवा भी बाहर से ही लाना पड़ा। 15 सितंबर को उसकी भाभी की अस्पताल में ही मौत हो गयी। भाभी की मौत के बाद जब उसका भाई मृत्यु प्रमाण-पत्र मांगने अस्पताल गया तो स्टाफ नर्स ने उससे 700/- रुपये की मांग की। बिना रुपये के उसने सर्टिफिकेट देने से इंकार कर दिया इस बात पर कहा-सुनी हुई तो स्टाफ नर्स ने फोन करके बाहरी 10-12 लोगों को बुलवा लिया और भाई की पिटाई कर दी गयी। आयुक्त ने इस शिकायत को सुना तो वह सन्न रह गए। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच जिलाधिकारी नेहा शर्मा को सौंपी है और इसकी जांच अपर जिलाधिकारी से कराने का निर्देश दिया है। आयुक्त ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए इसकी रिपोर्ट भी तलब की है।

### फर्जी रिपोर्ट लगाकर लेखपाल व कानूनगो निस्तारित कर दी शिकायत

**अमृत विचार :** तरबगंज तहसील के एक लेखपाल व राजस्व निरीक्षक ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर आईजीआरएस पोर्टल पर की गयी शिकायत का निस्तारण कर दिया। फर्जी रिपोर्ट लगाने की शिकायत मिलने पर आयुक्त ने डीएम को मामले की जांच का निर्देश दिया है और 10 दिन के भीतर मामले में की गयी कार्रवाई की आख्या तलब की है।

तरबगंज तहसील के ग्राम चिरेबसना डिडिसियाकला के रहने वाले देवकांत पुत्र अतुल कुमार ने आयुक्त देवी पाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील से शिकायत करते हुए बताया कि चाराागाह जमीन से संबंधित एक मामला जो तहसीलदार न्यायालय में चल रहा था वह 22 नवंबर 2023 को बेदखली के आदेश के साथ निस्तारित किया जा चुका है। इसके बावजूद आईजीआरएस पोर्टल पर की गयी शिकायत में क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक ने मामले को विचाराधीन बताते हुए फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत को निस्तारित कर दिया। शिकायत कर्ता ने आयुक्त से फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले लेखपाल और राजस्व निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अतुल की शिकायत का संज्ञान लेते हुए आयुक्त ने मामले की जांच जिलाधिकारी को सौंपी है और इसकी जांच मुख्य राजस्व अधिकारी से कराने का निर्देश दिया है। आयुक्त ने दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 दिन के भीतर रिपोर्ट आख्या तलब की है।

## सुलह को लेकर जान से मारने की धमकी

**मनकापुर, गोंडा। अमृत विचार:** मुकदमा में सुलह-समझौता न करने को लेकर दबंग ने वादी के पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जिगना पुलिस चौकी क्षेत्र रहने वाले अंकित कसौधन ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि क्षेत्र के पालपुरवा के निवासी विपक्षी सोनू लाल शर्मा बीते पांच तारीख को मोबाइल पर फोन करके कहा कि उसके विरुद्ध दर्ज मुकदमा में सुलह-समझौता कर लो नहीं तो एक-एक करके पूरे परिवार को जान से मार देंगे। दबंग के कृत्य से पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि पीड़ित के तहरीर पर मुकादमा दर्ज किया गया है।

## भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों ने किया पौधरोपण

संवाददाता, परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष व महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने साफ सफाई व पौधरोपण किया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष वीना राय व महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रत्ना वर्मा ने परसपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सुसुंडा स्थित गोबिंद कुलम विद्यालय में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई की। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपित किया। स्वच्छता का संदेश देती बच्चों की बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया। दौड़ प्रतियोगिता में विजेता नन्हे मुन्हे बच्चों को रोली चंदन लगाकर बधाई देते हुए पेंसिल व रबर उपहार स्वरूप दिया। त्रिफला नगर सुसुंडा स्थित श्री त्रिशिव नाथ मंदिर पर साफसफाई करते हुए, स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर गोपालग्राम महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रिचा पांडेय, मनोज पांडेय, दिनेश मिश्रा, दीपा पांडेय, साधना शुक्ला, शिल्पा सैनी आदि रहे।

### फार्मासिस्ट पर दवा वितरण में गड़बड़ी का आरोप

**गोंडा कार्यालय। अमृत विचार:** देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने रेहरा बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात फार्मासिस्ट नरसिंह पाठक के खिलाफ गंभीर आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। जांच अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण करेंगे। बलरामपुर जनपद के दैरिया सुर्जनपुर गांव निवासी शिव शंकर यादव ने शिकायत की थी कि फार्मासिस्ट पाठक पिछले 9 वर्षों से तैनात है, उनके द्वारा मरीजों को सरकारी दवाओं का वितरण नहीं किया जा है, मरीजों को बाहर से दवा खरीदने की सलाह देते है। शिव शंकर यादव ने आरोप लगाया है कि इससे गरीब मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने संबंधित फार्मासिस्ट का तत्काल स्थानांतरण कराए जाने की मांग की है। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने उक्त शिकायत के आधार पर जांच के आदेश दिए हैं और संबंधित अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## पट्टा दिलाने के नाम पर महिला से हुई ठगी

गोंडा कार्यालय

**आयुक्त ने लेखपाल के खिलाफ जांच के दिए आदेश**

**अमृत विचार:** आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने पट्टा दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोपी लेखपाल के विरुद्ध जांच के आदेश दिए हैं। प्रकरण शुकुलपुर, तहसील मनकापुर की निवासी मुन्नी देवी से जुड़ा है, जो एक गरीब महिला है। शिकायत में आरोप है कि पूर्व लेखपाल राज कुमार ने पट्टा दिलाने के नाम पर उनसे 1,63,000 रुपये की अवैध वसूली की थी और बदले में एक फर्जी पट्टा प्रमाण-पत्र दे दिया। मुन्नी देवी ने कई बार आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन हर बार उसकी शिकायत को एकपक्षीय तरीके से खारिज कर दिया गया। आयुक्त ने मामले का संज्ञान लेते हुए इसे गंभीर मानते हुए जिलाधिकारी गोण्डा को मुख्य राजस्व अधिकारी, गोंडा को जांच कराने के आदेश दिए हैं। पीड़िता मुन्नी देवी के इस मामले की जांच मंडलायुक्त ने मुख्य राजस्व अधिकारी को सौंप 10 दिन में कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस कार्रवाई से गरीब और शोषित लोगों को न्याय की उम्मीद जगी है और लेखपाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है।

## सार-संक्षेप

### अकीदत के साथ मनाया गया दो रोजा उर्स



उर्स पर उपस्थित अकीदतमंद। अमृत विचार

**संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा। अमृत विचार :** करनैलगंज कटरा मार्ग रेलवे क्रासिंग के निकट स्थित दरगाह बाबा शहीद मर्द रहमतुल्लाह अलैह का दो रोज़ा सालाना उर्स अक़ीदत के साथ मनाया गया। जिसमें रविवार की रात्रि महफिले मीलाद व सोमवार को गागर चादर व महफ़िल शमा का आयोजन किया गया। जहां क़व्वाल शाहवेज वारसी व रफीक वारसी ने सूफियाना कलाम सुनाकर दूर दराज व आस पास से आए हुए अक़ीदत मंदों का मन मोह लिया। सुबह के वक्त नमाज फ़ज़र ग़ुस्ल मजार पाक व दुनिया मे अमन चैन के लिए दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर सज्जादा नशीन अनवारुल हक़ शाह, इसरारुल हक़ शाह, मेराजुल हक़ शाह, शानू, गुलजार व ज़की उल्लाह शाह, मोलवी समसुद्दीन, मुइनुद्दीन कुरैशी, गुलाम जीलानी, लल्लू कानपुरी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### आग से ढाबली की दुकान जलकर राख



जली ढाबली। अमृत विचार

**संवाददाता, मनकापुर, गोंडा। अमृत विचार :** अज्ञात कारणों से ढाबली की दुकान में आग लग जाने से कास्मेटिक व किराने का सामान जल कर राख हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। क्षेत्र के ग्राम तामापार निवासी महेश कुमार मिश्र गांव में ही अपने घर के सामने ढाबली व छप्पर रख कर किराना, कॉस्मेटिक, रेडीमेड आदि की दुकान चलाता था। सोमवार रात में दो बजे अज्ञात कारण से दुकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटों को देखकर परिजनों के शोर मचाने पर गांव वाले इकट्ठा होकर आग बुझाने में जुट गए। गांव वालों की कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक ढाबली व छप्पर सहित दुकान का सारा सामान जल कर राख हो गया। पीड़ित महेश कुमार के अनुसार आग में लगभग तीन लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। ग्राम सभा के प्रधान भगवान दिन मिश्र की सूचना पर हल्का लेखपाल रंजीत पाठ ने मौके पर पहुंच नुकसान का आकलन करके रिपोर्ट तैयार किया है।

### 785 बच्चों को मिलेगी किताब



बीआरसी बेलसर पर आउट ऑफ स्कूल के बच्चों के लिए रखी शारदा की किताबें।

**बेलसर, गोंडा। अमृत विचार :** आउट ऑफ स्कूल के सात सौ पच्चासी बच्चों को निशुल्क किताब मिलेगी। कल से पुस्तकों का वितरण होगा। शिक्षा क्षेत्र बेलसर के 220 विद्यालयों में आउट ऑफ स्कूल के सात पच्चासी बच्चों को नामांकित किया गया है। इनको अंग्रेजी, हिंदी, गणित की शिक्षा के लिए शारदा की किताबों से शिक्षा दी जाएगी। जिससे जल्द ही बच्चे अन्य बच्चों के समान ही ज्ञान अर्जित कर लेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी राम खेलावन सिंह ने बताया कि शारदा की किताबों में नवीन विधि का प्रयोग किया गया है इससे बच्चों का अधिगम अधिक होगा और वे सामान्य बच्चों के बराबर हो जायेंगे। बताया कि कल किताबें बीआरसी पर आ गई हैं। इनका वितरण बुधवार को कराया जायेगा।

### एनएसएस के स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



स्वच्छता के लिए प्रतिभागियों के साथ शपथ ग्रहण करते प्राध्यापकगण।

**संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा। अमृत विचार :** मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सरयू डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संगोष्ठी में प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य एवं उद्देश्य के बारे में जानकारी दिया तथा स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं को लक्ष्य बनाकर तथा दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी स्वयं सेवक एवं सेविकाओं को स्वच्छता के लिए शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी विजय कुमार यादव एवं ममता मिश्रा, डॉ ओपी सिंह, डॉ संजय सिंह, त्रिपुरारी दुबे, जगन्नाथ तिवारी, पवन मिश्रा, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, मार्शल स्टालिन, अमित सिंह, उमेश पाठक, डॉ. शैलेंद्र बहादुर सिंह, सोनी सिंह, बृजेश सिंह आदि प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

### पात्र श्रमिकों को मिलेगा स्थाई रोजगार, करें आवेदन

**संवाददाता, तरबगंज, गोंडा। अमृत विचार :** मनरेगा श्रमिक जो वित्तीय वर्ष में सौ दिन का कार्य कर चुके हैं उन्हें प्रशिक्षण देकर स्थायी रोजगार दिया जायेगा। इसके लिए पात्र श्रमिकों से ब्लॉक मुख्यालय के एनआरएलएम कार्यालय में आवेदन करना पड़ेगा। तरबगंज ब्लॉक मुख्यालय सभागार में सोमवार को एडीओ आईएसबी ध्रुव कुमार सिंह व एपीओ संजय पाल की अध्यक्षता में रोजगार सेवकों की बैठक की गई। बैठक में एपीओ संजय पाल ने बताया कि सभी रोजगार सेवक मनरेगा जॉब कार्ड में शत प्रतिशत फोटो फीडिंग कराएं। लंबित जिओ टैगिंग का कार्य करें, कहीं अलग कार्य कर रहे लोगों को भी मनरेगा में कार्य दें। एडीओ आईएसबी ध्रुव कुमार सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर सक्रिय श्रमिकों को स्थायी रोजगार देना है। मनरेगा श्रमिक जो 18-35 आयुवर्ग के हैं व वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2022-23 के बीच किसी भी साल में 100 दिन का कार्य पूरा है, उन्हें प्रोजेक्ट उन्नति के तहत प्रशिक्षण देकर स्थायी रोजगार दिया जायेगा। बताया कि ऐसे श्रमिक जो मानकों को पूरा करते हैं वो ब्लॉक के एनआरएलएम कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान कंप्यूटर ऑपरेटर आदर्श सिंह, रोजगार सेवक सदल यादव, राम पूजन, अशांत यादव, राजेंद्र सहित अन्य मौजूद रहे।

# 30 से ज्यादा डाकघरों और बैंकों में अपडेट होगा आधार

गोंडा कार्यालय

**खबर का असर**

**जिला प्रशासन ने जारी की केंद्रों की सूची, प्रधान डाकघर गोंडा में दो शिफ्ट में हो रहा है काम**



तपती धूप में कर रहे 'आधार' के लिए जद्दोजहद

मंगलवार के अंक में प्रकाशित खबर।



आधार केंद्र पर भीषण गर्मी में लगी लाइन व नीचे बैठे बच्चे।

**अमृत विचार:** शहर के आंबेडकर चौराहे पर एक मात्र आधार केंद्र पर आम लोगों को रही परेशानी को देखते हुए प्रशासन ने जिले के 30 से अधिक डाकघरों और बैंकों की शाखाओं में आधार कार्ड अपडेट कराने की सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की है। यह जानकारी जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने दी है। डीएम ने कहा है कि एक ही केंद्र पर परेशान होने के बजाय इन स्थानों पर जाकर लोग सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि डाक विभाग द्वारा आम जनमानस की सुविधा के लिए प्रत्येक शनिवार को आधार का विशेष अभियान भी चलाया जाएगा।

एक मात्र आधार केंद्र पर बीते छह माह से प्रतिदिन एक हजार लोग अपना आधार अपडेट संशोधन कराने जुट रहे हैं। भीषण गरमी में उनके साथ आधार केंद्र संचालक मनमानी भी करते हैं। अमृत विचार ने आम लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तपती धूप में आधार के लिए जद्दोजहद नामक खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। प्रशासन ने इसे संज्ञान में लेते हुए निर्णय लिया है कि अब जिले के 30 केंद्रों पर आधार अपडेट व संशोधन कराए जा सकते हैं।

### आवश्यकता पर स्पेशल कैंप की भी मिलेगी सुविधा

अधीक्षक डाकघर गोंडा किरण सिंह ने बताया कि अंबेडकर चौराहा के निकट स्थित प्रधान डाकघर में दो शिफ्ट में सुबह 7 :00 से शाम 7 :00 बजे तक काम किया जा रहा है। यहां आधार अपडेट कराया जा सकता है। डाकघर में सिर्फ एक प्रार्थना पत्र देने की आवश्यकता है। इटियाथोक, खरगूपुर, कर्नलगंज, कौड़िया, कटरा बाजार, बालपुर, नवाबगंज, आईटीआई मनकापुर, वजीरगंज, मसकनवा, मनकापुर बाजार, बस स्टेशन, सिविल लाइंस, बड़गांव, बनकटवा, परसपुर, गोण्डा शहर, ददुआ बाजार, तरबगंज, उमरी बेगमगंज, बेलसर, धानेपुर, श्रीनगर, मोतीगंज, खोरहसा डाकघर पर भी सुविधा मिलेगी। एसबीआई की मनकापुर और कर्नलगंज शाखा, इंडियन बैंक की हलधरमऊ ब्लॉक के मैजापुर, कर्नलगंज ब्लॉक के कर्नलगंज, परसपुर ब्लॉक के पसका, इटियाथोक ब्लॉक के इटियाथोक, तरबगंज ब्लॉक के तरबगंज और धौरहराघाट, मुजेहना ब्लॉक की कुतुबगंज शाखा बैंक शाखाओं में भी अपडेशन हो सकेगा।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बनी रणनीति

**रुपईडीह, गोंडा। अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर संचारी रोग अभियान को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। ब्लॉक में आगामी एक अक्टूबर से शुरू होने जा रहे संचारी रोग अभियान को सफल बनाने के लिए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व संयुक्त विद्यालयों के नोडल अध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण दो समूहों में हुआ। ब्लॉक के बीईओ मनीष कुमार सिंह, प्रतिरक्षण अधिकारी आलोक कुमार पाठक व युनीसेफ के ब्लॉक समन्वयक श्याम सिंह ने उपस्थित सभी शिक्षकों को मच्छर जनित रोगों व दूषित जल के सेवन से होने वाली बीमारियों व लक्षणों तथा उनके बचाव के बारे में बताया। एआरपी चंद्र शेखर तिवारी व अनुज तिवारी, आशीष कुमार, लेखाकार प्रभाकर त्रिपाठी, अजीत तिवारी, इंदूबाला सिंह, भुवनेश्वर सिंह, आशा, अंकित आदि लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का मनाया स्थापना दिवस

संवाददाता, परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** नगर पंचायत स्थित महाकवि तुलसीदास पी.जी. कॉलेज में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

महाविद्यालय के स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय परिसर एवं 500 मीटर दूर स्थित राज मंदिर और राजा सगरा क्षेत्र की सफाई की। सभी ने शपथ ली कि "न तो गंदगी फैलाएंगे, न किसी को फैलाने देंगे।" इस अभियान के तहत स्वच्छता हमारा स्वभाव है, स्वच्छता हमारा संस्कार है' जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। स्वच्छता अभियान के बाद एक संगोष्ठी का आयोजन भी हुआ, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सीमा तिवारी ने स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना की नीतियों एवं उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. ज्योति बाला शुक्ला, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. श्रेयशी सिंह ठाकुर, डॉ. अजीत सिंह, आंचल गुप्ता, रंजू सिंह, बिंदू सिंह, डॉ. दयाशंकर मिश्रा, शिवम मिश्र, आराधना मिश्रा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## रामलीला का मंचन देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा



रामलीला मंचन के दौरान शिव पार्वती विवाह का दृश्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला गुड़ाही बाजार स्थित रामलीला भवन में सोमवार की रात शिव-पार्वती विवाह एंव गणेश जन्मोत्सव की लीला का मंचन किया गया।

मंचन के दौरान दिखाया गया कि भृगु ऋषि के यज्ञ में प्रजापति दक्ष के आगमन पर भगवान शंकर के द्वारा उनका अभिवादन न किए जाने पर राजा दक्ष क्रोधित हो जाते हैं। उसी अपमान का बदला लेने के लिए राजा दक्ष अपने यहां यज्ञ का आयोजन करते हैं। जिसमें सभी देवताओं को आमंत्रित करते हैं किंतु भगवान शिव को आमंत्रित नहीं करते हैं। नारद जी के द्वारा पता चलने पर सती भोलेनाथ के रोकने के बाद भी हठ करके पिता दक्ष के यज्ञ में चली जाती हैं। दक्ष सती को अपमानित कर शिव की अवहेलना करते हैं सती को ग्लानि हो जाने पर उसी यज्ञ कुंड में योग अग्नि द्वारा भस्म हो जाती हैं। सती पार्वती के रूप में राजा हिमाचल के यहां पुनर्जन्म लेती हैं और शिव को पति रूप में पाने हेतु तप करती हैं। उधर, तारकासुर के अत्याचार से पीड़ित देवगणों को मुक्ति दिलाने हेतु पार्वती पुत्र कार्तिकेय युद्ध करके तारकासुर का वध कर देते हैं। उसके पश्चात स्नान हेतु जाने के लिए पार्वती अपने हाथ की मैल से एक पुतला बनाती हैं जो बालक रूप में परिवर्तित होकर द्वार रक्षक बन जाता है। रामलीला के पात्रों ने अपनी प्रतिभा से उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। करनैलगंज की रामलीला आज भी अपनी पुरानी छवि बनाए हुए है। रामलीला कमेटी की तरफ से पर्दे के स्थान पर बड़ी एलईडी प्लाज्मा लगाई गई है। जिससे हर एक क्षण आकर्षक सीन प्रस्तुत होती है। जो आधुनिक जमाने के अनुसार प्रस्तुति देकर लोगों को लीला देखने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। लीला मंचन के दौरान मोहित पाण्डेय, केएन वर्मा, कन्हैया लाल वर्मा, नीरज जायसवाल, दिलखुश वैश्य, प्रवीण गुप्ता, रिंकू पुरवार, कैलाश सोनी, अंकित जायसवाल, दीपक सोनी, अनुज जायसवाल, आशीष गिरी, अभिषेक पुरवार, अरमान पुरवार सहित कमेटी के अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रमुख चौराहों पर सिग्नल लाइट, आटोमेटिक कैमरे से होगा चालान

संवाददाता, गोंडा

**बढ़ते ट्रैफिक और जाम की समस्या से निजात के लिए व्यवस्था में जुटा प्रशासन**



शहर का आंबेडकर चौराहा जहां लगेगी रेड लाइट।

**अमृत विचार:** शहरवासियों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन प्रभावी पहल करने जा रहा है। बड़े शहरों की तरह अब जिले में भी सिग्नल लाइट का व्यवस्था होगी। शहर के प्रमुख चौराहों पर सिग्नल लाइट लगाई जायेगी और यातायात को नियंत्रित किया जायेगा। इन चौराहों पर ऑटोमेटिक कैमरे भी लगाए जायेंगे जो सिग्नल जंप करने की दशा में वाहनों का तत्काल चालान करेंगे। पहले चरण में शहर के तीन प्रमुख चौराहों आंबेडकर चौराहा, गुरु नानक चौराहा व झूलेलाल चौराहे को सिग्नल लाइट के लिए चिन्हित किया गया है। डीएम ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को इस पर काम करने के निर्देश दिए हैं।

शहर में जाम की स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। वाहन चालक ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करते हैं और जहां तहां अपने वाहन पार्क कर देते हैं। हालांकि इन चौराहों पर यातायात पुलिस के सिपाही व होमगार्ड के जवान तैनात होते हैं लेकिन वह ट्रैफिक नियंत्रण में फिसड्डी साबित हो रहे हैं। इस समस्या से निजात के लिए डीएम नेहा शर्मा ने शहर के प्रमुख चौराहों पर सिग्नल लाइट लगाए जाने की पहल की है। आंबेडकर चौराहा, गुरु नानक चौराहा व झूले लाल चौराहा समेत तीन प्रमुख चौराहों को चिन्हित किया गया है। यहां सिग्नल लाइट के साथ ऑटोमेटिक कैमरे भी लगाए जायेंगे। इन चौराहों पर वाहन चालकों को सिग्नल लाइट देखकर ही चलना पड़ेगा वरना कैमरे उनके वाहन का चालान करेंगे। बैठक में इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रश्मि वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन, पीटीओ शैलेन्द्र त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ वर्मा, एक्सईएन विद्युत राधेश्याम भास्कर, एआरएम रोडवेज, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक, प्राचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बीएसए, एक्सईएन एनएच अयोध्या, उद्योग एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी तथा गीता इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों की सुरक्षा उच्च प्राथमिकता, ब्लैक स्पॉट पर होने वाले हादसों पर लगे रोक

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम नेहा शर्मा वे कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की उच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसकी जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों एवं अभिभावकों की भी होगी। अतः यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ऑन रोड सेफ्टी की तरफ से जारी किए गए नवीनतम दिशा निर्देशों के अनुपालन में कहा कि दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोका जाए। डीएम ने कहा कि विद्यालयों के प्रबंधक जल्द से जल्द अपने-अपने स्कूली वाहनों का परमिट एवं फिटनेस करा लें वरना ऐसे वाहनों का रजिस्ट्रेशन तत्काल निरस्त किया जायेगा।

### सड़क किनारे लगने वाले ठेलों को तत्काल हटाने के निर्देश

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल व वी मार्ट समेत शहर के कई प्रमुख स्थानों को प्रशासन ने नो वेंडिंग जोन घोषित किया था। बावजूद इसके इन स्थानों पर फल और सब्जी के ठेलों की भरमार है। इनकी वजह से पूरे दिन जाम लगा रहता है। बैठक में डीएम ने सड़क किनारे अवैध रूप से लगने वाले ठेलों पर भी नाराजगी जताई और नगर पालिका के अधिकारियों को मनकापुर बस स्टॉप और वी-मार्ट के सामने अवैध रूप से लगा रहे सब्जी एवं फल के ठेलों को तत्काल अनाउंसमेंट कराकर हटाए जाने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### पति समेत तीन पर दहेज उत्पीड़न का केस

बहराइच,अमृत विचार। खैरीघाट थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी रुखसाना पुत्री कयूम का विवाह इसी गांव निवासी शकीर के साथ वर्ष 2020 में हुआ था। रुखसाना का कहना है कि अमीर पुत्र शराफत, शाहनाज पुत्र शराफत, शकीर पुत्र शराफत ने सोमवार रात को दहेज के लिए पिटाई की। इसके बाद घर से भगा दिया। उसका कहना है कि दहेज में बाइक और सोने की चेन न मिलने के चलते मारपीट कर घर से भगा दिया। तीन तलाक भी दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### चिकित्सा शिविर में 150 मरीजों का हुआ परीक्षण

नवाबगंज, बहराइच,अमृत विचार। एमएचए पाली क्लिनिक के तत्वावधान में नवाबगंज के चौगड़वा मोड़ पर मंगलवार को सुबह 10 से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान बुखार, फालिज,मलेरिया, टायफाइड, खांसी, लकवा, आदि रोगों से पीड़ित मुनीर अहमद खान, तरन्नुम,अतीक अहमद, शब्बीर,शाबरा खातून,नाजमाआमीन, सलीम,आदि ढाई सौ मरीजों का चिकित्सिकीय परीक्षण कर उन्हे दवाईयां व परामर्श दिया गया इस चिकित्सा शिविर में डाक्टर मोहम्मद आरिफ अंसारी , डाक्टर एस,ए, एम रिजवी ने मरीजों की जांच की चिकित्सा शिविर का आयोजन हनीफ अहमद अंसारी, जहीर अंसारी सेराज अहमद के सहयोग से किया गया। शिविर में 150 मरीजों की जांच कर बेहतर इलाज के परामर्श दिए गए।

### सरयू में डूब गई महिला

भगवानपुर, बहराइच,अमृत विचार। कोतवाली देहात के खसहा मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत के मजरा कुट्टी निवासी फूलमती (55) पत्नी बाबूराम के घर के सामने सरयू नदी स्थित है। गर्मी अधिक होने के चलते सोमवार रात 8 : 30 बजे वृद्ध महिला नदी के तट पर बैठी आराम कर रही थी। इसी दौरान पैर फिसलने से वह पानी में गिर गई। परिवार के लोगों को भी जानकारी नहीं हुई। मंगलवार सुबह मछुआरे मछली पकड़ने के लिए सरयू नदी में पहुंचे तो महिला का शव देखा। इस पर उसे बाहर निकाल लिया। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### रेलवे प्लेटफार्म पर मिला अज्ञात का शव

बहराइच,अमृत विचार। दरगाह थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे प्लेटफार्म नंबर 2 पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। जिसकी उम्र तकरीबन 60 वर्ष बताई जा रही है। वहीं जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए 72 घंटे के लिए शव मर्चरी में रखवा दिया है।

# समाज के लिए जीने वाले होते हैं अमरः मुकुट बिहारी

फखरपुर, बहराइच


फखरपुर में आयोजित कार्यक्रम में माल्यार्पण करते पूर्व कैबिनेट मंत्री।

अमृत विचार। समाज के लिए जीवन जीने वाला व्यक्ति भले नश्वर शरीर छोड़कर चला जाए किंतु उसके विचार समाज में सदैव जिंदा रहते हैं, जिनके माध्यम से वह व्यक्ति अमर हो जाता है। यह बातें स्वर्गीय वेद प्रकाश पटवा के द्वितीय पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर, वेद प्रकाश पटवा मेमोरियल छात्रवृत्ति एवं स्वर्ण पदक के वितरण के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कही।

स्व. वेद प्रकाश पटवा के द्वितीय पुण्य तिथि के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर फखरपुर में वेद प्रकाश पटवा मेमोरियल स्वर्ण पदक तथा छात्रवृति वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र भैया सोमनाथ वर्मा को स्वर्ण पदक तथा अग्रिम कक्षा के लिए संपूर्ण शिक्षण शुल्क छात्रवृति के रूप में प्रदान की गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमान मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा की संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता होने के साथ-साथ समाज की पीड़ा का अनुभव वह करते थे तथा समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए सदैव तत्पर रहा करते थे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग के विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद वर्मा ने कहा की सीमित संसाधनों में भी, अल्प आय वर्ग का व्यक्ति समाज के लिए क्या कर सकता है, इसके जीवंत उदाहरण श्री वेद प्रकाश पटवा थे सीमित संसाधनों में भी अपने परिवार का जीवन यापन करने के साथ-साथ समाज के लिए सदैव आगे बढ़कर काम करने की कला उनमें निहित थी। कैसरगंज विधानसभा प्रभारी गौरव वर्मा , पूर्व जिला पंचायत सदस्य पेशकार यादव , उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के स्थाई अधिवक्ता अनिल सिंह ,वरिष्ठ समाज सेवी के पी अवस्थी , मनीष दीक्षित तथा दामोदर प्रसाद , विद्यालय के कोषाध्यक्ष बजरंग बली वर्मा, सदस्य दीपक सोनी ने अपने संस्मरण सुनाते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सम्मानित प्रधानाचार्य उमेश शुक्ला जी ने किया। वेद सेवा संस्थान के सचिव विष्णु कुमार पटवा तथा अध्यक्ष पंकज कुमार पटवा ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों सहित भैया बहन उपस्थित रहे।

# स्थानांतरण के लिए शिक्षकों का धरना

संवाददाता, बहराइच


कलेक्ट्रेट में गृह जनपद स्थानांतरण को लेकर प्रदर्शन करते शिक्षक।

अमृत विचार। जिले के विभिन्न विद्यालयों में तैनात गैर जनपद के शिक्षकों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में गृह जनपद में स्थानांतरण को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया।

आकांक्षी जनपद शैक्षिक एकता समिति के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को काफी संख्या में शिक्षक कलेक्ट्रेट के धरना स्थल पर एकत्रित हुए। यहां पर सभी ने ग्रेट जनपद में स्थानांतरण को लेकर प्रदर्शन किया प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कई बार पत्र देने और नियम आने के बाद भी जिले के शिक्षकों का स्थानांतरण उनके गृह जनपद में नहीं हो रहा है। जिसके चलते कोई 300 तो कोई 800 किलोमीटर की दूरी पर रहकर नौकरी कर रहा है। प्रदेश महामंत्री विनय कुमार तिवारी ने कहा कि सिर्फ आकांक्षी जिले के नाम पर यहां के शिक्षकों का स्थानांतरण गैर जनपद नहीं किया जा रहा है। यह काफी दुखद है। सरकार को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। प्रदर्शन के बाद सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को दिया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता रसल रघुवंशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राणा आरपी सिंह, राज प्रकाश श्रीवास्तव, सुनिल जायसवाल, राम राज गुप्ता, अतुल राय, विवेक सिंह, आलोक राय संरक्षक, संयुक्त मंत्री आलोक सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री राज प्रकाश श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहे।

# एसडीएम का नगर में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर छापा

## बिना डॉक्टर के संचालित मिले केंद्र, सीएमओ को भेजा पत्र

नानपारा, बहराइच


नानपारा नगर में संचालित एक केंद्र पर जांच करते एसडीएम और सीएचसी अधीक्षक।

अमृत विचार। नानपारा नगर में मानक विहीन संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने औचक छापामारी की। एसडीएम के निरीक्षण की भनक लगते ही कुछ दुकान बंद कर चलते बने तो कुछ के यहां डॉक्टर ही नहीं मिले। इस पर उपजिलाधिकारी ने निरीक्षण की रिपोर्ट बनाकर सीएमओ को भेजे जाने की बात कही।

नानपारा नगर में सोमवार संचालित लगभग आधा दर्जन अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर एसडीएम नानपारा ने अश्वनी पांडेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर चंद्रभान के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड करने वाले डॉक्टर नदारत मिले तथा कुछ पर मानक विहीन व्यवस्थाएं मिली। जिस पर एसडीएम नानपारा ने बताया कि अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच में मिली खामियों की रिपोर्ट बनाकर सीएमओ को कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी। नगर में एक दर्जन से अधिक अल्ट्रासाउंड केंद्र तथा पैथोलॉजी व अवैध क्लीनिक चल रहे हैं जो मानक विहीन तथा बिना डिग्री के डॉक्टर द्वारा संपादित हो रहे हैं जो लोगों की जिंदगी के साथ खेल रहे हैं नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास अल्ट्रासाउंड केंद्र एवं पैथोलॉजी का मकड जाल है जिसके एजेंट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर खड़े रहते हैं और मरीज को अपने पैथोलॉजी पर ले जाकर महंगे पैसों में जांच करते हैं जबकि जांच करने वाले पैथोलॉजी एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों की रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर दवा देता है। लेकिन रिपोर्ट सही न होने से कभी-कभी मरीजों को जान से हाथ धोना पड़ता है।

### सीएचसी के सामने चल रहा लैब

सरकारी नियमों के अनुसार सरकारी अस्पताल के आसपास मेडिकल स्टोर और पैथोलॉजी जांच संचालित नहीं होनी चाहिए। इसके बाद भी सीएचसी के द्वार पर बाएं ही मेडिकल स्टोर और सामने पैथोलॉजी जांच केंद्र संचालित है। इसको लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं।

### ट्रांसलेशन आफिसर पद पर चयनित हुईं सौम्या



बहराइच,अमृत विचार। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित ईपीएफओ में जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर के पद पर नानपारा निवासी सौम्या मिश्रा का चयन हुआ है। यूपीएससी द्वारा आयोजित की गई इस परीक्षा में सौम्या मिश्रा की आल इंडिया रैंक 34 रही। सौम्या मिश्रा ने कहा कि यदि लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन व कर्तव्यनिष्ठ के साथ प्रयास किया जाए तो सफलता निश्चित ही मिलती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरूजनो के साथ ही भाई अविनाश मिश्रा को दिया। उनकी इस सफलता पर बी एन मिश्रा, आशीष श्रीवास्तव, दीपेंद्र पाठक, अनुज पाठक, शाश्वत, अखिलेश चौरसिया आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### थाने में पहुंच गया तेंदुआ सीसीटीवी में हुआ कैद

मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार। जिले के मोतीपुर थाना परिसर में एक तरफ भेड़िया की दहशत है तो दूसरी तरफ सियार को लोग भेड़िया समझ कर मार रहे हैं। लेकिन अब तेंदुआ भी आबादी में दस्तक दे रहा है। जिले के मोतीपुर थाना परिसर में सोमवार रात को तेंदुआ पहुंच गया। थाना परिसर में कोई पुलिस कर्मी नहीं था, जिसके चलते हमला नहीं हो सका। विचरण करने के बाद तेंदुआ जंगल की ओर चला गया। इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी एसके तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तेंदुआ थाना में आया था। वह कुछ देर विचरण करने के बाद चला गया। उन्होंने बताया कि कुत्ते के शिकार में वह बाहर आ जाता है। लोग सतर्कता बनाएं रखें।

# पांच किलो चरस के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार

संवाददाता, रूपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार। भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त जांच के दौरान एक नेपाली महिला तस्कर को पांच किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद चरस को पुलिस ने सीज कर दिया है। महिला चरस की खेप लेकर शिमला जा रही थी।

रूपईडीहा में स्थित एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि उप कमाण्डेन्ट दिलीप कुमार के निर्देशन में चेक पोस्ट पर तैनात जवानों ने रूपईडीहा पुलिस के साथ चेकिंग कर रही थी। जांच के दौरान नेपाल की ओर से आ रही महिला को सीमा पर तैनात महिला सिपाही से उसकी चेकिंग कराई गई तो कमरबन्द में रख्खे सामान के बारे में पूछ ताछ करने पर वह हड़बड़ाने लगी और सही उत्तर नही दिया। शक होने पर कमरबन्द में रख्खे सामान को निकलवाकर जब उसे खोला गया तो हरे कपड़े में लिपटे 06 पाउच बरामद हुए। पाउच में गहरे काले रंग का पदार्थ था, मौके पर डाग स्क्वायड भी मौजूद था। खोजी कुत्तों ने उसकी पुष्टि मादक पदार्थ के रूप में की। जिस पर महिला को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान महिला ने अपना नाम रेखा बूढ़ा पुत्री दिलबहादुर बूढ़ा निवासी नेपाल बताया। चरस के साथ पकड़ी गई नेपाली महिला ने पूछ ताछ के दौरान यह भी बताया कि वह यह चरस लेकर शिमला में एक व्यकित को देने को जा रही थी। महिला के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद चरस को सीज कर दिया गया है। डिप्टी कमाण्डेन्ट दिलीप कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में मादक पदार्थ 32 लाख रुपये प्रति किलो है। बरामद पांच किलो चरस की कीमत 1.60 करोड़ रूपये आंकी गई है।

# 61 व्यक्तियों के बैंक खातों में भेजी गई सहायता राशि

बहराइच

अमृत विचार। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि विभिन्न आपदाओं अन्तर्गत जिले के 61 व्यक्तियों के बैंक खातों में रूपये 17 लाख 69 हजार की धनराशि सम्बन्धित के बैंक खातों में 21 सितम्बर को हस्तान्तरित की गई है। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत नदी की कटान से हुयी क्षति की प्रतिपूर्ति हेतु 22 व्यक्तियों के बैंक खातों में गृह अनुदान सहायता/ अहैतुक सहायता के रूप में रूपये 3.67 लाख, तहसील नानपारा में नदी की कटान से हुयी क्षति की प्रतिपूर्ति हेतु 19 व्यक्तियों के बैंक खातों में गृह अनुदान सहायता के रूप में रूपये 11.60 लाख, तहसील कैसरगंज में नदी की कटान से हुयी क्षति की प्रतिपूर्ति हेतु 16 व्यक्तियों के बैंक खातों में गृह अनुदान सहायता/अहैतुक सहायता के रूप में रूपये 2.16 लाख तथा तहसील महसी में नदी की कटान से हुयी क्षति की प्रतिपूर्ति हेतु 04 व्यक्तियों के बैंक खातों में गृह अनुदान सहायता के रूप में रूपये 26 हज़ार इस प्रकार 61 व्यक्तियों के बैंक खातों में रूपये 17 लाख 69 हज़ार की सहायता राशि हस्तान्तरित की गई है।

## सार-संक्षेप

### ग्रामीणों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार। राष्ट्रीय भाजपा सदस्यता अभियान के अंतर्गत ग्राम जोतौरा में प्रवास कर क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र एवं सदस्यता अभियान बहराइच के जिला प्रभारी विनोद पटेल के द्वारा ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। श्री पटेल ने अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता ग्रहण करने पर बल दिया। विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज के परसोहर सेक्टर में जोतौरा बूथ पर गांव गांव जाकर सभी वर्ग के ग्रामीणों के बीच मोबाइल से मिस्ड काल एवं सदस्यता फार्म भर कर सैकड़ों लोगों को सदस्यता दिलाई गई। देश और दुनिया की सबसे बड़े राजनीतिक दल की प्रथमिक सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों के चेहरे खिल उठे सभी सामाजिक वर्ग के बीच सदस्यता ग्रहण करने का खास उत्साह महिला वर्ग में दिखाई पड़ा। भाजपा जिला प्रतिनिधि ओम प्रकाश अवस्थी ने बताया कि प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों के मोबाइल पर केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर बैठे मोबाइल पर मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश, मंडल अध्यक्ष जरवल पवन वर्मा, महामंत्री प्रदीप जायसवाल, राम सिंह, आलोक कुमार वर्मा, राम राज शर्मा, सुरेश कुमार शुक्ला, विजय बहादुर, कमल राजपूत, जामवंती देवी अवधेश जायसवाल, नान्हू गौड़ ऋषि राज पूत आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित


केंद्र में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षक।

विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार। निपुण भारत मिशन के तहत विशेश्वरगंज ब्लॉक संसाधन केंद्र में चार दिवसीय शिक्षकों के एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) प्रशिक्षण के तीसरे दिन मंगलवार को अंग्रेजी भाषा विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। मास्टर ट्रेनर विजय प्रताप सिंह ने अंग्रेजी भाषा विकास के लिए ब्रिज कोर्स की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इसके माध्यम से बच्चों को परिवेशीय ज्ञान, समावेशीकरण, लैंगिक समानता, भारतीय मूल्य, नैतिकता, स्वच्छता और राष्ट्रीय पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषयों से परिचित कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ब्रिज कोर्स एकता को बढ़ावा देने में भी सहायक होता है। मास्टर ट्रेनर विवेक विक्रम सिंह ने कहा कि बच्चों में हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी की समझ विकसित करना जरूरी है। इसके लिए प्राथमिक स्तर से ही बच्चों को अंग्रेजी भाषा का आधारभूत ज्ञान प्रदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कक्षा 1 और 2 में एनसीईआरटी की 'मृदंग' पुस्तक का उपयोग बच्चों को अंग्रेजी भाषा की समझ विकसित करने में सहायक है। इस अवसर पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा, मास्टर ट्रेनर संतोष कुमार सिंह, दिवाकर पांडेय सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### ग्राम प्रधान व उसके साथियों पर गाली व धमकी देने का आरोप


शिकायती पत्र देने आया वृद्ध।

नवाबगंज, बहराइच अमृत विचार। उधार का पैसा मांगने पर दबंग ग्राम प्रधान व उसके साथियों ने जातिसूचक अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थानाध्यक्ष और पुलिस अधीक्षक को कारवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बिराई गांव के मजरा इटहवा निवासी नान्हू पुत्र अगनू अनुसूचित जाति का व्यक्ति है। वृद्ध ने एक वर्ष पूर्व इसी ग्राम पंचायत के प्रधान के हाथ कुछ जमीन बेची थी, जो जमीन विशेष समुदाय के ग्राम प्रधान द्वारा लिया गया था और उसका बैनामा अनुसूचित जाति के नाम से ही करवाया गया था, पीड़ित नान्हू के अनुसार दिए गए ,प्रार्थना पत्र में बताया गया है ,कि आधा पैसा उसका बकाया कर दिया गया था, उसने कई बार अपना पैसा मांगा। एक वर्ष बीत गया, लेकिन पैसा नहीं दिया गया। एक सप्ताह पूर्व जब उसने अपना पैसा मांगा तो विशेष समुदाय के ग्राम प्रधान और उसके साथियों ने उसे जाति सूचक गालियां दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पहले थाने में तहरीर दी यहां पर सुनवाई न होने पर उसने पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। इस संबंध में कार्यवाहक थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक अशोक जायसवाल ने बताया कि हल्के के उपनिरीक्षक को जांच सौंपी गई है, प्रकरण की जांच की जा रही है।

### पलक झपकते ही एक लाख नकदी लेकर फरार हुई महिला

जरवल, बहराइच, अमृत विचार। जिले के आगापुर कुट्टी गांव निवासी एक युवक ने बैंक से एक लाख रूपये नकदी निकाली। इसके बाद वह बाइक से जाने लगा। बाइक मोड़ते ही बैंक से निकली नकाबपोश महिला नकदी और अन्य कागजात लेकर फरार हो गई। जरवल रोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत आगापुर कुट्टी गांव निवासी निवासी प्रताप मौर्य पुत्र ननकू का खाता जरवल कस्बे में इंडियन बैंक में संचालित है। सोमवार को प्रताप ने खाते से एक लाख रूपये नकदी निकाली। इसके बाद उन्होंने बैंक से निकली नकदी और पासबुक बैग में रख लिया। फिर बाइक मोड़ने लगे। बाइक मोड़ने के दौरान बैंक से निकली नकाबपोश महिला ने नकदी उड़ा ली। काफी खोजबीन करने के बाद कुछ पता नहीं चला। सीसीटीवी फुटेज से टप्पेबाजी की जानकारी हुई। इस पर पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक बृज प्रसाद ने बताया कि तहरीर मिली है। केस दर्ज कर महिला की पहचान की जा रही है।

# गुजरात में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

जरवलरोड, बहराइच

अमृत विचार। जिले के ग्राम पंचायत तपेसिपाह निवासी युवक की गुजरात में मौत हो गई। परिवार के लोगों ने साथ के लोगों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

जरवल रोड थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत तपेसिपाह निवासी रूपन निषाद (22) पुत्र श्रीराम डेढ़ माह पूर्व गुजरात के गांधीधाम बरसाना कमाने गए थे। वहां गांव के दो लड़कों से कहासुनी के बाद मारपीट की बात सामने आई। जिसके बाद सुबह रूपन का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। घटना की रात 12 बजे रूपन की बहन मीना ने से बात हुई थी, उसने किसी बात को लेकर साथ रह रहे गांव के कुछ लोगों से वाद विवाद होना बताया। उसके बाद उसका फोन उठना बंद हो गया। दूसरे दिन सुबह रूपन का शव रूम में फंखे से लटका मिला। जिसकी सूचना गांव के साथियो ने उसकी बहन व अन्य परिजनो को दी। वही घटना की सूचना पर गुजरात पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया उसके बाद गांव के साथियों को शव सौंप दिया। लाश सोमवार की रात गांव पहुंची तो गांव में कोहराम मच गया। मृतक के भाई पूरन गांव के दो लड़कों पर हत्या का आरोप लगा रहे है। उन्होंने थाने में शिकायती पत्र भी दिया है।

### अचानक जल गया बोलेरो मैक्स वाहन

बहराइच, अमृत विचार। शहर के बाईपास मार्ग पर एक चार पहिया वाहन में आग लग गई। चालक ने वाहन से कूदकर जान बचाई। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के कस्बा निवासी एक व्यक्ति अपने चार पहिया बोलेरो मैक्स वाहन से बहराइच आए थे। रात नौ बजे के आसपास चालक वाहन से पुनः अपने घर के लिए रवाना हुआ। वाहन सवार नानपारा बहराइच बाईपास मार्ग के पास पहुंचा। तभी वाहन में अचानक आग लग गई। चालक ने वाहन से कूदकर जान बचाई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पीआरवी 122 की 1533 की पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल कर्मी जब तक मौके पर पहुंचते, वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गई।

# महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न पर लगे रोक

संवाददाता, बहराइच


प्रदर्शन के बाद सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को ज्ञापन देते पदाधिकारी।

**प्रदर्शन**

▸▸ शिवसेना ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अमृत विचार। शिवसेना शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिसमें महिला उत्पीड़न को रोकने और शारदीय नवरात्र में खुले में लगने वाले मीट की दुकानों को बंद करवाने की मांग की।

शिवसेना शिंदे गुट के जिलाध्यक्ष अर्जुन पंडित शिवाकांत की अगुवाई में महिला और पुरुष कार्यकर्ता मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने जिले में महिलाओं के उत्पीड़न के विरुद्ध नारेबाजी की। कहा कि जिले में हत्या, लूट और दुष्कर्म की घटनाएं महिलाओं के साथ हो रही हैं। इस पर पुलिस अंकुश लगाने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नवरात्र में रास्तों पर पड़ने वाले बीफ़, मीट और चिकन की दुकान 15 दिनों तक बंद करवाए जाने की मांग की। इसके अलावा शहर में फैले अतिक्रमण, गोशाला में गायों की सुरक्षा और भोजन उपलब्ध करवाने समेत सात सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को दिया। इस दौरान जिला महासचिव जंग बहादुर सिंह, जिला महामंत्री महेंद्र मिश्रा, संतोष कुमार, शोभा राम, मिश्री लाल, शिव राम, राम मूरत, अखिलेश वर्मा, माधव राम, त्रिलोकी नाथ समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**बैठक** डीएम की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

# पाइप लाइन बिछाने के दौरान खराब लाइन सही कराएं कार्यदायी संस्था

संवाददाता, बहराइच


पेयजल समीक्षा बैठक को संबोधित करतीं डीएम मोनिका रानी। अमृत विचार

अमृत विचार। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में संचालित योजनाओं की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पूर्ण पेयजल परियोजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तगत किये जाने की समीक्षा करते हुए खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्ण पेयजल परियोजनाओं के सत्यापन की बात कही।

डीएम मोनिका रानी ने जल निगम व सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को भी साथ लेकर सत्यापन के दौरान पायी गयी कमियों को सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को ठीक करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी बीडीओ जल निगम व सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ ब्लाक स्तर पर साप्ताहिक बैठके आयोजित कर 'हर घर जल' कार्यक्रम की गहन समीक्षा भी करते रहे। डीएम ने पेयजल परियोजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तगत कराये जाने की धीमी प्रगति पर कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि समीक्षा के दौरान जो कमियां संज्ञान में आयी है उसे तत्काल दुरूस्त करा लिया जाय 15 दिवस के बाद पुनः समीक्षा की जायेगी। बीडीओ को निर्देश दिये गये कि पेयजल परियोजनाओं के क्रियान्वयन से क्षतिग्रस्त हुई जिन परसम्पत्तियों का कार्यदायी संस्था द्वारा मरम्मत कराकर पुर्नस्थापना कर दी गयी है ऐसे परिसम्पत्तियों का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराये। अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिये गये कि ग्राम पंचायतों द्वारा हैण्ड पम्पों के कराये गये रिबोर व मरम्मत कार्य का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराये। बैठक के दौरान परियोजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता हर घर जल प्रमाणीकरण, ग्रामों में किये जा रहे नियमित जलापूर्ति, इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी द्वारा कराये जा रहे कार्यो, आईईसी कार्य के साथ जल जीवन मिशन से सम्बन्धित अन्य कार्यो की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीडीओ मुकेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम कमला शंकर, खण्ड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह, अजय कुमार, अनुभा श्रीवास्तव, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### खेत की रखवाली को जा रहे किसान पर मगरमच्छ का हमला

मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ककरहा रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत गूढ़ गांव निवासी मुन्ना (40) पुत्र तालुकदार किसान है। किसान के खेत में धान लगा हुआ है। सोमवार शाम को वह फसल की रखवाली के लिए खेत जा रहा था। खेत जाते समय नहर से निकले मगरमच्छ ने किसान पर हमला कर घायल कर दिया। गांव के लोगों ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी मोतीपुर में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। किसान के पीठ और हाथ में मगरमच्छ ने नोचा है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर शिवम मिश्रा ने बताया कि स्थिति सामान्य है। सर्जन चिकित्सक की ओर से इलाज किया जा रहा है।

# 82 खंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 82 खंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। शासन ने शिक्षकों की वेतन वृद्धि को रोकने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

प्रदेश में एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित होकर गए 27,000 शिक्षकों की वेतन वृद्धि संबंधित मामले लंबित हैं। विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने इस मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाते हुए शिक्षकों के वेतन वृद्धि आदेश जारी कराने की मांग की थी। मुख्यमंत्री सचिवालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा विभाग से अद्यतन जानकारी मांगी थी। बताया जा रहा है कि बेसिक शिक्षा विभाग ने जब संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों से पूछताछ की तो ज्यादातर ने वेतन वृद्धि संबंधित पत्रावलियों को लंबित रखने का मुख्य कारण रिकॉर्ड मिलान न हो पाना बताया। शासन ने उनके तर्क से असहमति जताते हुए कहा था कि सभी की सेवा पुस्तक ऑनलाइन हैं। इस जवाब को कतई संतोषजनक नहीं माना जा सकता। ऐसे में शासन ने नई नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर संबंधित सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से जवाब मांगने के निर्देश दिए हैं।

▶▶ शासन ने शिक्षकों के वेतन वृद्धि को रोकने पर जारी किया कारण बताओ नोटिस

विभाग के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि सभी शिक्षकों की सेवा पुस्तिका ऑनलाइन है, सभी के रिकॉर्ड का मिलान कुछ मिनट में किया जा सकता है। ऐसे में रिकॉर्ड मिलान के नाम पर पत्रावलियों को लटकाए रखना उचित नहीं है।

# भिक्षावृत्ति में फंसे बच्चों को भी मुक्त कराना महिला आयोग के जिम्मे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने नवगठित राज्य महिला आयोग की पदाधिकारियों, सदस्यों से कहा कि देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रभावी होने जा रहा है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की कुल सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

महिला हितों के संरक्षण तथा उनके कल्याण में राज्य महिला आयोग की बड़ी भूमिका है। आयोग इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करे। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि भिक्षावृत्ति की अवैध गतिविधियों में फंसे बच्चों को मुक्त कराकर उनकी पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की मुहिम में भी राज्य महिला आयोग प्रभावी योगदान करे।

▶▶ प्रदेश सरकार का निर्देश, ऐसे बच्चों की पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने में महिला आयोग निभाएं प्रभावी भूमिका

▶▶ राज्य महिला आयोग के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री ने की बैठक कहा- सकारात्मक भाव से करें दायित्वों का निर्वहन

मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर नवगठित राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वय और सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य महिला आयोग के गठन के उद्देश्यों, दायित्वों, अधिकारों पर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर महिला आयोग के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग के पदाधिकारियों को जनपदीय प्रवास के दौरान इन प्रयासों, कार्यक्रमों के बारे में स्थानीय महिलाओं से संवाद करना चाहिए। वहां से प्राप्त फीडबैक से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाना अपेक्षित है। यदि कतिपय कारणों से किसी को योजना का लाभ नहीं मिल सका है, तो उनके लिए आयोग द्वारा संस्तुति भी की जानी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने आयोग के सुचारु कामकाज के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# 15 दिन में सड़कों को बनाएं ऐसा कि चलने पर हो सुखद अनुभूति

## मुख्यमंत्री ने की खराब सड़कों के सुधार कार्यों की विभागीय समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आने वाले शारदीय नवरात्रि, दशहरा और दीपावली आदि पर्व और त्योहारों के मद्देनजर राज्य की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए जारी विशेष अभियान 10 अक्टूबर तक सम्पन्न करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व व त्योहारों पर प्रदेश में आवागमन सामान्य की अपेक्षा अधिक होता है। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी आते हैं। हर एक आदमी के लिए सड़क पर चलना सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। गड्ढामुक्ति, सड़कों की मरम्मत का काम अच्छी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि किसान सड़कों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसानों की सुविधा का खास ध्यान रखा जाए। एफडीआर पद्धति से सड़कें बनाई जाएं। इस पद्धति के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों, धन व समय की बचत होती है तथा कार्य की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मंडी समिति के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों की मरम्मत



व ड्रेनेज का कार्य निर्धारित समय में पूरा किया जाए। क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं, एनएचएआई के अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हाईवे का निर्माण कार्य पूरा न हो जाए तब तक टोल टैक्स की वसूली न की जाए।गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क बनाने वाली एजेंसी, ठेकेदार सड़क बनने के अगले पांच वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लेखित की जाएं।विभागीय मंत्री व अधिकारी फील्ड में रैंडम दौरा कर निर्माण परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा करें। कार्यों के प्रति जवाबदेही भी तय की जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर सीवर लाइन व पाइप लाइन आदि डालने के बाद ठीक ढंग से मरम्मत की जानी चाहिए। सड़कों पर ऊंचे ब्रेकर से दुर्घटना होने की संभावना बनती है। अतः सड़कों पर टेबल टॉप ब्रेकर का निर्माण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गड्ढामुक्ति और नवनिर्माण के अभियान की जियो टैगिंग कराई जाए।

### महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए

मुख्यमंत्री के अनुसार, राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर मंडी समिति व औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सीएसआर पद्धति के माध्यम से पेयजल, टॉयलेट, कैंटीन आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। इस कार्य से महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए। मंडियों में कैंटीन के माध्यम से किसानों के लिए कम कीमत में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट तथा साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# पूर्व विधायक की 8.24 करोड़ की संपत्तियां जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ उप्र. पुलिस की कार्रवाई के बाद अब ईडी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** उतरौला के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हासमी और उनकी पत्नी की 21 संपत्तियों को ईडी ने मंगलवार को जब्त कर लिया। संपत्तियों की कुल कीमत 8.24 करोड़ रुपए आकी गई है। यह कार्यवाई ईडी ने पीएमएलए एक्ट के अंतर्गत की है। जब्त हुई संपत्तियों में आवासीय, कृषि और वाणिज्यिक भूमि शामिल है।

ईडी ने आरिफ अनवर हाशमी, उनके भाइयों और अन्य सहयोगियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप लगाते हुए यूपी पुलिस द्वारा आईपीसी, 1860 और अन्य अधिनियमों की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की है। पूर्व विधायक को उप्र. गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंगस्टर के रूप में भी सूचीबद्ध किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक आरिफ अवैध अतिक्रमण और जमीन पर कब्जा करने में शामिल रहा है। जांच के बाद, पुलिस ने आरिफ अनवर हाशमी और अन्य के खिलाफ अवैध अतिक्रमण, जालसाजी, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के अपराध स्थापित करते हुए कई आरोप पत्र भी दायर किए था।

# 84 सीसीटीवी कैमरे से होगी देवीपाटन मेले की निगरानी

## श्रद्धालुओं के लिए लगाई जाएगी परिवहन निगम की 58 अतिरिक्त बसें

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** आगामी तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र को लेकर मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील तथा डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में देवीपाटन मंदिर सभागार में महंत मिथलेश नाथ योगी की मौजूदगी में जिला स्तरीय मेला तैयारियों की समीक्षा बैठक की गई ।बैठक मे विभागवार समीक्षा की गई। पिछली बैठक में गौरा से उतरौला तक की सड़क को गड्ढामुक्त बनाने का निर्देश डीएम द्वारा दिया गया था। जिस पर अभी काम नहीं शुरू किया गया। लोक निर्माण विभाग ने बुधवार से काम शुरू करने की बात कही। मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि तुलसीपुर क्षेत्र में जितने भी टैक्सी और ई-रिक्शा चल रहे हैं, उन सभी का नाम व पता व मोबाइल नंबर थाने में एक रजिस्टर में अंकित किया जाए, ताकि कोई भी घटना होने पर उन्हें ट्रैक किया जा सके। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। डीआईजी ने कहा कि पुलिस श्रद्धालुओं के साथ मित्रवत व्यवहार अपनाएं। किसी भी प्रकार से श्रद्धालुओं के साथ पुलिस प्रताड़ना सामने ना आए। कहा कि मुंडन स्थल पर चेन स्नेचिंग की सबसे ज्यादा घटना की संभावना होती है। वहां पर अतिरिक्त महिला पुलिस की तैनाती की जाए। समूचे मेले में 84 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति रहेगी। सभी पेट्रोल पंप भी 24 घंटे खुले रहने का निर्देश दिया। समूचे मेले को नियंत्रित करने के लिए 400 पुलिस जवान की ड्यूटी रहेगी। जिसमें 50 महिला तथा 50 पुरुष इंस्पेक्टर शामिल होंगे। एक जोड़ी अतिरिक्त ट्रेन चलाई जाएगी। 58 अतिरिक्त रोडवेज बस का संचालन होगा। 200 से अधिक सफाईकर्मी मेले की सफाई व्यवस्था देखेंगे। मोबाइल टॉयलेट जगह-जगह तैनात किया जाएगा। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


देवीपाटन शक्तिपीठ में मेला तैयारी बैठक में मौजूद महंत, कमिश्नर ,डीआईजी।

# गांव के निकट तेंदुए की आमद से दहशत में है ग्रामीण

**गैंसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार।** जिले के गैंसड़ी कोतवाली क्षेत्र हलौरा गांव मे तेंदुआ दिखने से गांव में दहशत व्याप्त है। घर से बाहर निकलने से लोग डर रहे हैं। स्थानीय लोगो का कहना है तेंदुआ गन्ने के खेत से निकलकर सड़क पार करते हुए देखा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां पर पिंजरा लगाया गया था। बारिश के कारण वहां कीचड हो गया तेंदुआ वहां नहीं जा रहा। ग्रामीणों ने मांग किया है कि पिंजरा वहाँ से हटाकर अन्य किसी स्थान पे रखा जाए जिससे तेंदुआ पकड़ा जाए गांव के लोगो ने वन विभाग से जल्द कारवाई मांग की है। हालांकि वन विभाग की टीम ने क्षेत्र मे गश्त बढ़ा दी है ताकि तेंदुए की दहशत का समाधान हो सके।


हलौरा गांव के पास सड़क पार करता तेंदुआ।

# नाबालिग को अगवा करने वाले को 7 वर्ष की कैद

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** विशेष सत्र न्यायाधीश पास्को एक्ट दीप नारायन तिवारी ने नाबालिग को अगवा करने वाले को दोषी करार देते हुए 7 वर्ष के कारावास की सज़ा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को 13 हज़ार रुपए अर्थ दण्ड भी अदा करने का आदेश दिया है।

थाना पचपेड़वा में एक व्यक्ति ने 19 जून 2016 को मुकदमा लिखाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग लड़की को गांव के ही इरफान भगा ले गए और दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा लिखकर विवेचना शुरु की। जांच और पीड़िता के बयान के आधार पर इरफान के खिलाफ़ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। सत्र परिक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ल ने 6 गवाहों को न्यायालय में पेश किया और अधिकतम सज़ा देने की अपील की। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायधीश ने इरफान को दुष्कर्म के आरोप से बरी कर दिया। इरफान को नाबालिग को अगवा करने का दोषी करार देते हुए 7 वर्ष की कैद और 13 हज़ार रुपए के अर्थ दण्ड की सजा सुनाई है।

# पंचायत सहायकों को दिया बीएलएस प्रशिक्षण


बीएलएस प्रशिक्षण प्राप्त करते पंचायत सहायक। अमृत विचार

महदेईया बाजार बलरामपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार को ब्लॉक श्रीदत्तगंज में बीएलएस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी मोहित दूबे ने किया।बीडीओ मोहित दूबे ने पंचायत सहायकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन सेवा केंद्र से जुड़े सभी कार्य ग्राम सचिवालय से ही किया जाए। किसी भी ग्रामवासी को ऑनलाइन संबधित कार्य कराने के लिए बाहर न जाना पड़े। बीडीओ द्वारा पंचायत सहायक ब्लॉक अध्यक्ष पीयूष मिश्रा से समस्त पंचायत सहायकों को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा। इस दौरान पंचायत सहायकों ने बकाया मानदेय भुगतान कराने की मांग की। इस पर बीडीओ द्वारा संबधित सचिव को सक्रिय पंचायत सहायकों के मानदेय का भुगतान जल्द कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर एडीओ पंचायत मुस्तकीम, बीएलएस हेड टीकम पांडेय, खंड प्रेरक देवेंद्र कुमार ओझा, कंप्यूटर ऑपरेटर सुरेश कुमार वर्मा व समस्त पंचायत सहायक आदि मौजूद रहे।

# जमीन पर कब्जा करने का आरोप

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** 18 दलित परिवारों की जमीन पर एक मुस्लिम दबंग भूमाफिया ने जबरन कब्जा कर रखा है। पीड़ित परिवारों ने जिला प्रशासन से अपनी जमीन को दबंग के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। मामला पचपेड़वा ब्लॉक के खखादेई गांव का है। इस गांव में रहने वाले 18 दलित परिवारों की लगभग 150 बीघा जमीन पर दबंग ने कब्जा कर रखा है। 27 वर्ष पूर्व सरकार ने सोमई ,कामता चंद्रप्रकाश ,भगवानदीन, नंदलाल ,अतवारी ,चिन्नू, पांचू, बुधना व रामरती सहित 18 दलित परिवारों को सीलिंग की जमीन का पट्टा दिया था। यह सभी 18 दलित परिवार इस जमीन के संक्रमणीय भूमिधर है।


अपनी जमीन को दबंग के कब्जे से मुक्त कराने की मांग करते पीड़ित। अमृत विचार

इन दलित परिवारों के पास जमीन के किसान बही और खतौनी भी है।पीड़ित इसी जमीन पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ भी मिलता है। लेकिन इन 18 दलित परिवारों की लगभग 150 बीघा जमीन पर एक दबंग मुस्लिम भूमाफिया ने कब्जा कर रखा है। पीड़ितों का आरोप है कि भूमाफिया ने इसमें से करीब 20 बीघा जमीन बेंच दी है। पीड़ित दलित परिवार अपना और परिवार का भरण पोषण करने के लिए अपनी ही जमीन पर मजदूरी करने को विवश है। पीड़ितों का कहना है कि इससे पूर्व भी तहसील तुलसीपुर में शिकायत की गई थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित परिवार ने अपनी जमीन दबंग के कब्जे से मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# सुगम ऐप से निगम की बसों के लोकेशन की मिलेगी जानकारी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** रेलवे की तर्ज पर अब उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम भी हाईटेक हो रहा है। ट्रेनों की तर्ज पर अब परिवहन निगम के बसों की भी ऑनलाइन लोकेशन पता चल सकेगा। इसके लिए परिवहन निगम सुगम ऐप लांच करेगा। ऐप पर डिपो के सभी बसों का नंबर, चालक-परिचालक नाम व किस रूट पर चलती है आदि का विवरण फीड होगा। इसके बाद कोई घर बैठे मोबाइल ऐप से बसों की लोकेशन जानकारी मिलेगी। रोडवेज ने यात्रियों को घर बैठे ही बस की लोकेशन जानने के लिए सुगम एप की सुविधा देने का निर्णय लिया है। यात्री अब बस की लोकेशन और समय भी पता कर सकेंगे। इतना ही नहीं इस ऐप के जरिए ही अब बसों के चालक, परिचालक को ड्यूटी भी मिलेगी। रास्ते में बस में किसी भी खराबी की जानकारी भी बस स्टाफ इसी ऐप के माध्यम से दे सकेंगे। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोपीनाथ दीक्षित ने बताया कि इस ऐप लांच करने की तैयारियां चल रही हैं। ऐप के संचालन के लिए इसके लिए परिवहन निगम मुख्यालय पर कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बनाया जाएगा। जहां से सुविधाओं की मॉनिटरिंग होगी। उन्होंने बताया कि सुगम ऐप को यात्रियों को अपने मोबाइल फोन में इंस्टॉल करना होगा।

सुविधा

नगर पालिका परिषद में दुर्गा पूजा और रामलीला कमेटी की बैठक मे कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# दुर्गा पूजा पंडालों को जनरेटर से बिजली देगी नपा

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ.धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने दुर्गा पूजा और रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, और नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ मीटिंग की।

मीटिंग में उपस्थित विशेष अतिथियों में राज बिहारी शुक्ला, राजकुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, कुसुम चौहान पूर्व चैयरमैन, प्रमोद चौधरी रामलीला कमेटी भगवतीगंज, सदर एसडीएम संजीव कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लाल चंद्र मौर्य, डी पी सिह, कृष्ण गोपाल गुप्ता, रामनरेश त्रिपाठी, संजय शर्मा, डीएन सिंह, पाटेश्वरी प्रसाद गुप्ता, पट्टे भैया, रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक, रुपेश मिश्रा, और बिजली विभाग के मोहम्मद अकिल एसडीओ जयप्रकाश पाल जे ई शामिल थे।

अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि नगर पालिका परिषद दुर्गा पूजा और दशहरा के अवसर पर विशेष सफाई, छिड़काव, पथ प्रकाश, और पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करेगी। इसके अलावा, सभी दुर्गा पूजा पंडालों में जनरेटर सुविधा और मंदिरों में डस्टबिन उपलब्ध कराए जाएंगे।

मीटिंग में नगर पालिका परिषद के सभी सभासदगण उपस्थित थे, जिनमें विनोद गिरी, संदीप कुमार, आनंद किशोर गुप्ता चिंटू, राघवेंद्र कांत सिंह मंटू, संजय मिश्रा, सिद्धार्थ साहू शुभम चौधरी, सुशील कुमार साहू, नंदलाल तिवारी, अक्षय शुक्ला, मनीष तिवारी, राजेश कुमार कश्यप रामू, और मनोज यादव शामिल थे।



दुर्गा पूजा समितियां की बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू।

# असंतुष्टिपूर्ण फीडबैक मिलने पर होगी कार्रवाई

**बलरामपुर,अमृत विचार।** डीएम पवन अग्रवाल ने सभी विभागों द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा की। डीएम ने निर्देश दिए की आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण अपलोड करने से पहले संबंधित अधिकारी शिकायतकर्ता से बात कर फीडबैक जरूर लें। उन्होंने निर्देश दिया की शिकायतों का निस्तारण पर शिकायतकर्ता संतुष्ट हो, यह जरूर सुनिश्चित करें। आईजीआरएस पर शिकायत के डिफाल्टर होने या असंतुष्टिपूर्ण फीडबैक प्राप्त होने संबंधित के संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही होगी। इस दौरान एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार व जनपद स्तरीय व तहसील स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

# नगरपालिका अध्यक्ष ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** नगर पालिका अध्यक्ष बलरामपुर द्वारा सेवा,सुशासन और अंत्योदय को समर्पित भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान महापर्व - 2024 के अंतर्गत वार्ड नंबर 7, अचलापुर में मंगलवार को जनसंपर्क किया गया। इस दौरान एक कैंप लगाकर लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी।

उक्त अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने कहा कि यह अभियान न केवल नए सदस्यों को जोड़ने का प्रयास है,बल्कि पार्टी की योजनाओं और उद्देश्यों को भी लोगों तक पहुंचाने का एक माध्यम है। भाजपा सदस्यता अभियान 2024 से जुड़ने के लिए 8800002024 डायल करें। इस महापर्व का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर समाज में बदलाव लाना है। उक्त अवसर पर कृष्ण गोपाल गुप्ता,नगर अध्यक्ष,डी.पी.सिंह बैस राजेश कुमार कश्यप,सभासद अचलापुर संजय गुप्ता,बूथ अध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा,बूथ अध्यक्ष अभिषेक कुमार कश्यप,बूथ अध्यक्ष विनोद गिरि,सभासद पहलवारा,राजेश सिंह बबलू,विमल चंद्र त्रिपाठी,पवन चौहान सहित अन्य सम्मानित गण उपस्थित रहे।


अचलापुर वार्ड में भाजपा सदस्यता अभियान के दौरान मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष।

सहसा विदधीत न क्रियामविवेक : परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धा : स्वयमेव संपद : ॥

हमें अचानक आवेश या जोश में आकर कोई काम नहीं करना चाहिए। क्योंकि विवेक हीनता सबसे बड़ी विपतियों का कारण होती है। इसके विपरीत जो व्यक्ति सोच समझकर कार्य करता है। गुणों से आकृष्ट होने वाली मां लक्ष्मी स्वयं ही उसका चुनाव कर लेती है।

## संपादकीय

# भारत के लिए अच्छी शुरुआत

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की संरचना में सुधारों का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। भारत लगातार आवाज उठाकर पहली बार यूएनएससी पर दबाव बनाने में सफल रहा है। परिणामस्वरुप यूएनएससी में सुधारों की पहल लिखित रूप से शुरू हो गई है। सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता समेत अन्य सुधारों को लेकर पहली बार एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया जाना भारत की कूटनीतिक जीत मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि इससे भारत को सुरक्षा परिषद में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। विश्व के नेताओं ने भविष्य के जिस समझौते को सर्वसम्मति से स्वीकार किया है, उसमें सुरक्षा परिषद में सुधार करने, इसमें प्रतिनिधित्व बढ़ाने, इसे अधिक समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करने का वादा किया गया है। ये मुद्दा अमेरिका में हाल ही में क्वाड समिट के दौरान भी उठा। रविवार को क्वाड नेताओं ने यूएनएससी की सीटें बढ़ाने और इस निकाय को ज्यादा जवाबदेह बनाने के लिए इसमें सुधार का आह्वान किया। अमेरिका ने भी यूएनएससी में भारत की स्थायी सीट की मांग का समर्थन किया है। क्वाड में यूएनएससी का मुद्दा उठना भारत के लिए सफलता है। भारत के लिए ये अहम है क्योंकि उसकी ओर से लगातार यूएनएससी में स्थायी सीट की मांग की जा रही है।

गौरतलब है कि भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से विश्व शांति को बढ़ावा देने वाली रही है। यह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इससे हिंद महासागर को शांति का क्षेत्र घोषित किया जा सकता है और यह चीन को उसकी विस्तारवादी नीतियों का उचित जवाब होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता भारत को वैश्विक राजनीति के स्तर पर अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस के समकक्ष ला खड़ा कर देगी। सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जिसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1945 में हुआ था। सुरक्षा परिषद के स्थायी पांच सदस्यों के पास वीटो का अधिकार होता है। परिषद की वर्तमान संरचना पहले की शक्ति संतुलन की व्यवस्था पर बल देती है। यह समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। ध्रुवीकृत सुरक्षा परिषद शांति और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी विफल रही है। उसके सदस्य यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष जैसे मुद्दों पर बंटे हुए हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद में सुधार आवश्यक हैं। सुधार की पहल संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में मुद्दे को शामिल किए जाने से होना भारत के लिए एक अच्छी शुरुआत है।

# सम-विषम परिस्थितियों में संतुलन सिखाती है शिक्षा



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है।

मेरे अनुभव में यह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने असफलता को सेलिब्रेट किया। पार्टी की तिथि, स्थान और समय निश्चित किया तथा अपने सभी सहकर्मियों को पार्टी दी। सहकर्मियों को उस समय यह वाकया हास्यास्पद लगा, पर कुछ समय बाद ही उनकी ओर से पुनः पार्टी का निमंत्रण प्राप्त हुआ। सभी चौंके, क्या फिर से? पर नहीं! "इस बार यह सज्जन अपनी सफलता के साथ थे। बढ़े-चढ़े रुतबे के साथ नवीन नियुक्ति पत्र उनके हाथ में था। मैं अपने सपने का पीछा करता रहा और अब अपने मन के काम में आ पाया"-गर्मजोशी से गले मिलते हुए वे बोले। "कुछ छोटा छूटना भविष्य में कुछ बड़ा मिलने का संकेत होता है, इसलिए निराश होने के बजाय हर स्थिति को सेलिब्रेट करना चाहिए और निरंतर प्रतिबद्ध प्रयास भी। उस समय मैंने यही किया था।" उन्होंने याद दिलाया। उनकी अभी की स्थिति को देखकर उनसे असहमत होने का कोई कारण ही नहीं था। अपने सपने को साधने की साधना उनके रोम-रोम से प्रकट हो रही थी।

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है। सपनों को पूरा करना भी, लेकिन जब सपनों का पीछा करने की बात आती है तो कम ही लोग उस राह के हमराह होते हैं और जो सच में इस राह के राहगीर होते हैं वे अपने सपनों को पूरा कर ले जाते हैं। प्रतिबद्धता, परिश्रम, जुनून और अनुशासन इसमें प्रमुख भूमिका निभाते हैं। कई बार बच्चे मुझसे सफलता का शॉर्ट कट पूछते हैं। मेरा पहला जवाब होता है-कोई नहीं। सफलता नियमबद्ध कठोर परिश्रम का प्रतिफल होती है, जिसके लिए अपना सर्वोत्तम झोंकना होता है। साथ ही धैर्य, धीरज और अपने आप पर विश्वास को भी निरंतर कायम रखना होता है। इनमें से कोई भी एक कड़ी टूटती है तो सफलता दूर होती जाती है। हम लक्ष्य सिद्धि के लिए अर्जुन का उदाहरण देते हैं। पांडवों में केवल अर्जुन ही थे, जिन्होंने परीक्षा की घड़ी में कहा - "गुरुदेव! मुझे केवल चिड़िया की आंख दिख रही है"।

यह लक्ष्य के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का सर्वोत्तम उदाहरण है। हमारे इर्द-गिर्द भी ऐसे कितने ही उदाहरण मौजूद हैं, जिन्होंने तमाम चुनौतियों के बावजूद कठिन परिश्रम के द्वारा अपने लक्ष्य को हासिल किया। ऐसा नहीं कि उनके जीवन में असफलताएं नहीं थीं। हां, इतना जरूर कि उन्होंने असफलताओं से हताश या निराश होने के बजाय उन्हें सेलिब्रेट किया तथा अपने आप को और मजबूती से लक्ष्य की ओर उन्मुख किया। करियर निर्माण के दिनों में विद्यार्थियों को विद्यालयीय परीक्षाओं के अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का हिस्सा होना पड़ता है। इनमें से कम ही होते हैं, जो अपने पहले प्रयास में सफलता अर्जित कर लेते हैं। वरना अधिसंख्य वर्ग को परीक्षा-दर-परीक्षा अपने आप को आजमाना पड़ता है। यह प्रतीक्षा, प्रतिबद्धता और संघर्ष की आजमाइश का वक्त होता है। इस समय जरूरी होता है कि बिना विचलित हुए, धैर्य पूर्वक और पूरे मन से सफलता का पीछा किया जाए। साथ ही कदाचित असफलता की स्थिति में निराश या हताश होने के बजाय असफलता के कारणों की समीक्षा कर पुनः दोगुने जोश से तैयारी में लगा जाए।

शिक्षा मुख्यतः जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि, सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन-पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं, बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें। पाठ्य पुस्तकों में ऐसे तमाम प्रसंग, कविता, कहानियां, उद्धरण मौजूद हैं, जो एक के बाद एक असफलताओं के बावजूद सफलता की इबारत को उकेरते हैं। इस प्रकार के प्रसंगों पर बच्चों से निरंतर बात हो तथा विषम परिस्थितियों में उनके दृष्टिकोण को जाना-समझा जाए। उन्हें स्पष्ट किया जाए कि किसी भी किरदार के जीवन में एक पराजित मन को कई स्तर पर युद्ध करना होता है। स्वयं से, परिवार की अपेक्षाओं से और समुदाय की टिप्पणियों से। निश्चित तौर पर इस स्थिति का दुष्परिणाम कई आत्मघाती निर्णयों के रूप में सामने आता है। स्ट्रेस, शर्मिंदगी, भविष्य की चिंता, हीनता बोध जैसी भावनाओं के चलते बच्चे भटकाव की उन अंधेरी गलियों की ओर मुड़ जाते हैं, जहां से वापसी मुश्किल होती है। अतः आवश्यक है कि विद्यालय और समुदाय के स्तर पर इस बारे में पर्याप्त चर्चा- विमर्श हों कि किसी के संघर्षों में साझेदार होते हुए उसे किस तरह अभिप्रेरित किया जाता है।

शिक्षा अपनी परिभाषाओं में विविधता के सम्मान की बात भी करती है। निश्चित तौर पर यह विविधता बच्चों और उनके साथ किए जा रहे क्रियाकलापों की ओर इंगित करती है। अतः सफलता के तयशुदा मानकों पर काम करते समय हमें इस विविधता पर भी पर्याप्त विचार करना चाहिए। वैसे भी कोई बच्चा असफल होने के लिए विद्यालय नहीं आता।



शिक्षा मुख्यत : जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि, सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन- पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं, बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें।

## प्रसंगवश

# प्रशासनिक दुनिया के असामान्य व्यक्तित्व

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अत: सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्राय: हास्य का विषय बनाते रहते हैं।

यह सामान्य धारणा है कि प्रशासकीय सेवाओं में चुनाव बड़ी कठिन प्रतियोगिता के पश्चात होने के कारण उनमें बड़े मेधावान एवं विवेकशील व्यक्ति ही चयनित हो पाते हैं। परंतु उनके विवेकशील होने के विषय में न तो कोई टेस्ट होता है और न कोई गारंटी।

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अतः सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्रायः हास्य का विषय बनाते रहते हैं। वे अपने संपर्क में आने वाले सहयोगियों और जनता के व्यक्तियों के जीवन की तनावपूर्ण दिनचर्या को सरस एवं चटपटा मसालेदार बनाने में अनजाने ही लगे रहते हैं। उनका रहन-सहन, खानपान, बातचीत, सहकर्मियों से व्यवहार एवं जनता की समस्याओं पर प्रतिक्रिया इतनी हास्यजनक होती है कि वे अनायास टॉक ऑफ द फ्रैटर्निटी बन जाते हैं। प्रशासन में एब्नार्मल्स की एंट्री कोई नई बात नहीं है। अंग्रेजी जमाने में भी आईसीएस और आईपी में एब्नोर्मल्स चयनित हो जाते थे। एक श्री सिंह नैनीताल में कमिश्नर हुआ करते थे, जिनकी किसी भी सरकारी कागज पर हस्ताक्षर करने में रूह कांपती थी। अतः वह कोई भी फाइल अपने सामने प्रस्तुत होने पर किसी न किसी बहाने संबंधित बाबू को डांटकर भगा देते थे। इसके फलस्वरुप उनके कार्यालय के कमरे फाइलों से पटे रहते थे। कलेक्टरों के टीए बिलों पर उनके हस्ताक्षर न हो पाने के कारण वे भी परेशान रहते थे और इस प्रतीक्षा में रहते थे कि वह कब छुट्टी पर जाएं और वह अपने बिलों पर ऑफिशियाटिंग कमिश्नर से हस्ताक्षर करवा लें।



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

इसी तरह एक पुलिस अधिकारी रामपुर रियासत में आईजी हुआ करते थे, जिनको रियासतों के भारत में विलय के समय उत्तर प्रदेश पुलिस में उपाधीक्षक पुलिस के पद पर नियुक्ति दे दी गई थी। कुछ वर्ष बाद वह पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर नियुक्त हुए थे। वह भी सिग्नेचरोफोबिया से ग्रस्त थे। एक दिन उनको वायरलेस से पुलिस मुख्यालय का आदेश प्राप्त हुआ कि ए असेंबली क्वेश्चन का उत्तर अविलंब अपने हस्ताक्षर से भेजें। वायरलेस को उन्होंने चुपचाप रद्दी की टोकरी में फेंक दिया। फिर दो दिन बाद टेलीफोन पर आदेश दोहराया गया। अधीनस्थ अधिकारियों ने उत्तर का ड्राफ्ट बनाकर उनके सामने रख भी दिया, तब भी उन्होंने असेंबली क्वेश्चन के उत्तर पर हस्ताक्षर नहीं किए। इस पर मुख्यालय ने एक उपाधीक्षक को उनसे हस्ताक्षर करवाने हेतु सुल्तानपुर रवाना किया। इसकी सूचना मिलते ही वह दौरे पर प्रस्थान कर गए। सुल्तानपुर आकर जब उपाधीक्षक ने उनके दौरे के स्थान को प्रस्थान किया, तो वह दूसरी जगह चले गए और फिर डिप्टी साहब पीछे-पीछे और एसपी साहब आगे-आगे भागते रहे। अंत में डिप्टी साहब हारकर वापस लौट गए, क्योंकि कप्तान साहब चालाकी कर कहीं अज्ञातवास पर चले गए। उल्लेखनीय यह है कि फिर भी उन्हें कोई जनपद के चार्ज से न हटा सका, क्योंकि वे अधिकारियों को खुश रखने में माहिर थे। जब मैं एसपी बस्ती नियुक्त था, तब मेरे डीआईजी को बात करने का बहुत शौक था। जनपद में मुआइने पर आने पर वह अपनी बातों के दौरान एक किस्सा बार-बार दोहराया करते थे कि वह जब एसपी इटावा थे, तब उन्होंने अपने बंगले पर एक शेर पाला था, जो उनके बंगले के गेट पर रखे एक बड़े से पिंजड़े में रहता था। वह अक्सर कॉन्स्टिपेशन का शिकार रहता था और अंततः कॉन्स्टिपेशन का शिकार होकर मर गया था। उनका शेर पालन का यह किस्सा इतना लंबा खिंचता चला जाता था कि मुझे कॉन्स्टिपेशन होने लगता था, परंतु फिर भी मैं ध्यान की मुद्रा बनाकर उनकी कथा सुना करता था, क्योंकि उनके मुआयने का परिणाम मेरे कार्य पर निर्भर न होकर इस पर अधिक निर्भर करता था कि मैं कितने मनोयोग से उनकी बात सुनता था।

# संकट भी बढ़ा सकती है नकली बरसात



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं।

इस बार जाड़ा पड़ने से बहुत पहले जब दिल्ली हर बारिश के बाद डूब रही है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को यह बताने के लिए कहा कि सर्दियों में प्रदूषण में बेतहाशा बढ़ोतरी से कैसे निपटेगा। जब इस बारे में कार्य योजना की बात हुई तो दिल्ली सरकार का विंटर प्लान के नाम पर एक नया शिगूफा सामने आ गया, कृत्रिम बरसात।

असल यह समझना होगा कि पर्यावरण से जुड़ी किसी भी समस्या का संपूर्ण निराकरण किसी तकनीकी में नहीं, बल्कि आत्म नियंत्रण में छुपा है। तकनीकी तात्कालिक कुछ राहत दे सकती है, लेकिन वह निराकरण नहीं है। जिस कृत्रिम बरसात का झांसा दिया जा रहा है, उसकी तकनीक को समझना जरूरी है। इसके लिए हवाई जहाज से सिल्वर-आयोडाइड और कई अन्य रासायनिक पदार्थों का छिड़काव किया जाता है, जिससे सूखी बर्फ के कण तैयार होते हैं। असल में सूखी बर्फ ठोस कार्बन डाइऑक्साइड ही होती है। सूखी बर्फ की खासियत होती है कि इसके पिघलने से पानी नहीं बनता और यह गैस के रूप में ही लुप्त हो जाती है। यदि परिवेश के बादलों में थोड़ी भी नमी होती है तो यह सूखी बर्फ के कणों पर चिपक जाते हैं और इस तरह बादल का वजन बढ़ जाता है, जिससे बरसात हो जाती है।

एक तो इस तरह की बरसात के लिए जरूरी है कि वायुमंडल में कम से कम 40 फीसदी नमी हो। फिर यह थोड़ी सी देर की बरसात ही होती है। इसके साथ यह खतरा बना रहता है कि वायुमंडल में कुछ ऊंचाई तक जमा स्माग और अन्य छोटे कण फिर धरती पर आ जाएं। साथ ही सिल्वर आयोडाइड सूखी बर्फ के धरती पर गिरने से उसके संपर्क में आने वाले पेड़, पौधे, पक्षी और जीव ही नहीं नदी-तालाब पर भी रासायनिक खतरा संभावित है। यह वैश्विक रूप से प्रामाणिक तथ्य हैं कि नकली तरीके से बरसात करवाना कई बार बहुत भारी पड़ता है। फिर उस दिल्ली एनसीआर में जहां कुछ मिनट की बरसात से सड़कों पर नदी, नाले भरने से जाम होता है और यही जाम तो दिल्ली के हवा में सबसे अधिक जहर घोलता है। जाहिर है बरसात से जितना प्रदूषण कम नहीं होगा उससे अधिक बरसात के कारण वाहनों के ठिठकने से उपजे धुएं से बढ़ेगा ही।

समझना होगा कि कृत्रिम बारिश से होने वाली भारी बारिश से बाढ़ आ सकती है, जिससे जान-माल की हानि हो सकती है। पिछले साल दुबई और पास के अरब देशों में अचानक भयानक बरसात और बाढ़ का कारक वहां कृत्रिम बारिश को भी माना जा रहा है। यही नहीं किसी एक इलाके में इस तरह की बरसात से दूसरे इलाकों में सूखा पड़ सकता है। कृत्रिम बारिश हवा के पैटर्न और तापमान में अचानक बदलाव ला सकती है। इससे कई संक्रामक रोगों के वायरस उपजने की संभावना होती है। एक बात और इस तरह की बरसात से जलवायु परिवर्तन की गति तेज होने की प्रबल आशंका है। यह वैश्विक जल चक्र में बदलाव का औजार भी बन सकता है।

वायुमंडल में ओजोन का स्तर 100 एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स होना चाहिए, लेकिन जाम से हलकान दिल्ली में यह आंकड़ा 190 तो सामान्य ही रहता है। वाहनों के धुंए में बड़ी मात्रा में हाईड्रो कार्बन होते हैं और तापमान चालीस के पार होते ही यह हवा में मिलकर ओजोन का निर्माण करने लगते हैं। यह ओजोन इंसान के शरीर, दिल और दिमाग के लिए जानलेवा है। इसके साथ ही वाहनों के उत्सर्जन में 2.5 माइक्रो मीटर व्यास वाले पार्टिकल और गैस नाइट्रोजन ऑक्साइड है, जिसके कारण वायु प्रदूषण से हुई मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं। दिल्ली में जो भी तरीका अपनाया वह सारा देश बगैर दूरगामी परिणाम जाने अपनाने लगता है। जाहिर है कि दिल्ली के असफल प्रयोग सारे देश के लिए त्रासदी बन जाते हैं। ऐसे में यहां कोई भी कदम उठाने से पहले इसके व्यापक प्रभाव पर गहन अध्ययन जरूरी है। शहरों में भीड़ कम हो, निजी वाहन कम हों, जाम न लगे, हरियाली बनी रहे, इसी से जहरीला धुंआ कम होगा। मशीनें मानवीय भूल का निदान होती नहीं। हमें जरूरत है ऐसी प्रक्रिया की, जिससे वायु को जहर बनाने वाले कारक ही जन्म न लें।

## सोशल फोरम

# भ्रष्टाचार का मुद्दा

राजनीति में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन साहित्य में यह कभी मुद्दा ही नहीं रहा। यहां तक संपूर्ण क्रांति आंदोलन के समय नागार्जुन ने भ्रष्टाचार पर नहीं संपूर्ण क्रांति पर लिखा, इंदिरा गांधी पर लिखा। जबकि यह आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ था।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

साहित्य में भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति इस बात का संकेत है कि लेखक इसे मसला नहीं मानते। दूसरा बड़ा कारण साहित्य का मास कल्चर के सामने आत्मसमर्पण और उसके साथ सामंजस्य बिठाने की कोशिश करना है। साहित्य में मूल्य, नैतिकता, परिवार और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर खूब लिखा गया है, लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार पर नहीं लिखा गया है। आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचरण की धुरी है। यह प्रतिवाद को खत्म करता है। उत्तर आधुनिक अवस्था का यह प्रधान लक्षण है। इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। इसके साथ नेताओं में संपदा संचय की प्रवृत्ति बढ़ी है। अबाधित पूंजीवादी विकास हुआ है। उपभोक्तावाद की लंबी छलांग लगी है और संचार क्रांति हुई है। इन लक्षणों के कारण सोवियत अर्थव्यवस्था धराशायी हो गई। सोवियत संघ और उसके अनुयायी समाजवादी गुट का पराभव हुआ। फ्रेडरिक जेम्सन के शब्दों में यह 'आधुनिकीकरण की छलयोजना' है। अस्सी के दशक से सारी दुनिया में सत्ताधारी वर्गों और उनसे जुड़े शासकों में पूंजी एकत्रित करने, येन-केन प्रकारेण दौलत जमा करने की लालसा देखी गई। इसे सारी दुनिया में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है और देखते ही देखते सारी दुनिया उसकी चपेट में आ गई।

आज व्यवस्थागत भ्रष्टाचार सारी दुनिया में सबसे बड़ी समस्या है। भारत में इसके जनक हैं नरसिंहाराव-मनमोहन। यह मनमोहन अर्थशास्त्र है। भ्रष्टाचार को राजनीतिक मसला बनाने से हमेशा फासीवादी ताकतों को लाभ मिला है। यही वजह है लेखकों ने आर्थिक भ्रष्टाचार को कभी साहित्य में नहीं उठाया। भ्रष्टाचार वस्तुतः नव्य उदार आर्थिक नीतियों से जुड़ा है। आप भ्रष्टाचार को परास्त तब तक नहीं कर सकते जब तक नव्य उदार नीतियों का कोई विकल्प सामने नहीं आता।

**-फेसबुक वॉल से**

# किस्म-किस्म की रस्सियां



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है।

जब कभी किसी को रस्सी के फंदे से झूलकर आत्महत्या की खबर पढ़ता हूं तो मैं विचलित ही नहीं व्यथित भी हो जाता हूं। सीधा चालीस साल पीछे चला जाता हूं। उन दिनों मैं अवसाद के दौर से गुजर रहा था। मुझे याद आता है। मैं बाजार जाता हूं रस्सी खरीदने एक दुकान में घुसता हूं। भांति-भांति की रस्सियां टंगी थीं। उन दिनों नायलोन की रस्सी नहीं मिलती थी। सूत वाली या नारियल वाली रस्सियों की भरमार होती थी।

मैंने दुकानदार से कहा-"कोई मजबूत किस्म की रस्सी चाहिए, जो सत्तर किलो का बोझ सह सके"। दुकानदार ने कहा-"मिल जाएगी, लेकिन श्रीमान जी प्रयोजन तो बताएं"। सुनकर गुस्सा आ गया - "अरे भाई, तुमको इससे क्या मतलब? मुझे आत्महत्या करनी हो या चाहे कुएं से आदमी को बाहर खींचना हो"। दुकानदार समझदार था। बोला-"माफ करना भाई। मैंने तो यों ही पूछ लिया"। फिर दुकानदार ने एक मजबूत रस्सी की ओर इशारा करते हुए कहा- "यह वाली ले लें। दोनों ही प्रयोजन संपन्न करेगी, आदमी के झूला झूलने का भी और कुएं से बाल्टी खींचने का भी, लेकिन इस बात का ख्याल रहे कि हुक मज़बूत हो"।

मुझे ख्याल आता है कि यूपी आवास-विकास परिषद् से जब मकान खरीदा था बताया गया था कि यह हुक सिर्फ पंखा लटकाने के लिए ही है। पंखा इंसान से हल्का होता है। इसका मतलब यह हुआ कि हो सकता है कि हुक मेरा सत्तर किलो का बोझ न सह सके। हुक के टूटने का मतलब यह होगा कि मेरे साथ पंखा भी नीचे आ गिरे। सर पर चोट लग सकती है। चोट ज्यादा हुई तो डॉक्टर सीटी स्कैन रेफर करेगा। फिर ऑपरेशन लंबा खर्चा बैठ जाएगा। आत्महत्या का उद्देश्य तो पीछे छूट जाएगा और फिर पिछले महीने पैसा-पैसा जोड़कर खरीदे पंखे की ठंडी-ठंडी हवा का अभी कायदे से लुत्फ भी नहीं उठा पाया हूं।

एक मुसीबत और भी है। पत्नी दिन भर साए की भांति चिपकी रहती है। हर पंद्रह मिनट पर झांकने आती है कि निठल्ला पति कर क्या रहा है? हुक से रस्सी फंसाने के लिए कम से कम आधा घंटा टाइम चाहिए। सुसाइड नोट भी तो लिखना होगा। बहुत सोच-समझकर लिखना होगा, लेकिन ठोस कारण भी तो होना चाहिए। किससे परेशान हूं? खुद से या पत्नी से? या ऑफिस के कामकाज या साथियों से। या फिर अड़ोस-पड़ोस से। मगर इनमें से कोई भी तो कारण नहीं? ऐसा न हो कि इतना हल्का कारण हो कि किसी को यकीन ही न हो कि सुसाईड का इतना हल्का कारण भी हो सकता है। खिल्ली उड़ेगी अलग से। फिर तो फिलहाल सुसाइड प्लान स्थगित करना ही उचित होगा। तभी पीछे से कोई चीखा- "अबे अंधा है क्या? देखता नहीं पीछे सड़क का बाप चला आ रहा है। मैंने पीछे मुड़कर देखा"। अरे यह क्या? जाने कब बेख्याली में मैं सड़क के बीचो-बीच आ गया था और एक ट्रक ड्राइवर मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दे रहा था-"मरण जोग्यां नूं जाणे जाने क्यों मेरा ही ट्रक मिलदा है, भूतनी दिया"।

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है। हटाओ, छोड़ो। साला सुसाइड करने में कितना झंझट है, मगर इस रस्सी का क्या करूं? रखे रहो। कभी किसी कुएं में डूबते हुए को सहारा देने के काम आएगी। तभी घर आ गया। पत्नी ने हाथ में रस्सी देखी तो बोली-" अरे वाह! मैं इसी के बारे में सोच रही थी। आंगन में बांधेंगे कपड़े सुखाने के लिए"।

# बागवानी उत्पादन में गिरावट

हार्टिकल्चर अर्थात बागवानी लेटिन शब्द हार्ट्स (उद्यान) और कल्चर (कृषि) से मिलकर बना है, इस समय भारत बागवानी फसलों के उत्पादन में विश्व में दूसरे स्थान पर है। वही निर्यात के मामले में भारत सब्जियों के मामले में 14 वें और फलों के मामले में 23 वें स्थान पर है, जबकि भारत में उत्तर प्रदेश के बाद मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल बागवानी उत्पादन में शीर्ष राज्य है। बागवानी उत्पादन के हाल में जारी तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2023-24 (जुलाई से जून) में पिछले वर्ष के 355. 48 मिलियन टन से . 65 प्रतिशत घटकर 355.19 मिलियन टन रहने का अनुमान है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अधिकारियों का मानना है कि कुल बागवानी उत्पादन में गिरावट सब्जियों के कम उत्पादन के कारण आई है। प्याज का उत्पादन 242.4 लाख टन रहने की उम्मीद है। आलू का उत्पादन 5.70 करोड़ टन रहने की संभावना है। बिहार और पश्चिम बंगाल में कम उत्पादन के कारण यह आंकड़ा सालाना आधार पर गिरावट दर्शाता है। जबकि फलों की फसल में कुछ वृद्धि हुई है। इस बार सब्जी का उत्पादन 205. 80 मिलियन टन रहने का अनुमान है, जो 2022-23 के 212. 55 मिलियन टन से कम है। हालांकि टमाटर, गोभी और फूल गोभी के उत्पादन में वृद्धि ने आलू और प्याज जैसी प्रमुख फसलों के गिरावट की भरपाई कर दी है।
फलों का उत्पादन 2023-24 में 2.29 प्रतिशत बढ़ कर 112.73 मिलियन टन होने का अनुमान है।

मंत्रालय के अनुसार आम, केला, नीबू, अंगूर और शरीफे आदि का उत्पादन बढ़ा है, जबकि सेब, अमरूद, लीची, अनार आदि का उत्पादन थोड़ा कम हुआ है। यह आंकड़े भारत में बागवानी क्षेत्र के मिश्रित प्रदर्शन को बताते हैं, जिसमें कुछ फसलें तो फल फूल रही हैं, परंतु अन्य को कठिन समय का सामना करना पड़ रहा है।

## एक नजर

### हरिहरपुर और सहनिवा में सियार ने 3 को किया घायल

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के हरिहरपुर व सहनिवा गांव में आपस मे बात कर रहे 3 लोगों पर अचानक सियार ने हमला कर दिया। हमले में एक महिला और दो पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को परिजनों ने सीएचसी लंभुआ में भर्ती कराया। जहां पर केवला देवी, दीपक यादव और जगराम का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल जगराम को मेडिकल कालेज को रेफर कर दिया गया है। सूचना पर क्षेत्रीय वन अधिकारी अतुल कुमार सिंह मौके पर अपनी टीम के साथ पहुंच बताया कि वह भेड़िया नहीं पागल सियार था।

### पेंशनर्स कल्याण संस्था की बैठक 30 को

सुलतानपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था की मासिक बैठक 30 सितंबर को शहर के राजकीय इंटर कालेज सुलतानपुर में होगी। बैठक में प्रांतीय सम्मेलन में उठाए गए कुछ विषयों की जानकारी, संगठन की सदस्यता एवं सदस्यों की अनुपस्थिति पर चर्चा के मुख्य विषय होंगे। यह जानकारी अध्यक्ष सुयश नारायण उपाध्याय और मंत्री झिनकू पांडेय ने दी है।

### एसडीएम ने थाने पर की पीस कमेटी की बैठक

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार : मंगलवार एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी ने शारदीय नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा पर्व को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक की। एसडीएम ने आयोजकों व क्षेत्रवासियों, से कहा कि आने वाले पारम्परिक त्यौहारों को शांति के साथ मनाएं। अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को दें उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि किसी भी तरह के अपराध क्षम्य नहीं होंगे।

# बस ने साइकिल सवार छात्र को रौंदा

## आक्रोशित छात्रों ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जामकर किया पथराव, कई वाहन क्षतिग्रस्त

दोस्तपुर, सुलतानपुर



गुस्साए छात्रों ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर लगाया जाम। जाम के चलते लगी वाहनों की कतार व इनसेट में मृतक छात्र की फाइल फोटो।

**अमृत विचार:** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के कामतागंज बाजार के पास स्कूल जा रहे साइकिल सवार छात्र को एक बेकाबू बस ने कुचल दिया। छात्र के सिर पर बस चढ़ जाने से वहीं पर उसकी मौत हो गई। गुस्साए सकड़ों छात्रों ने पहले तो कामतागंज के पास जाम लगाया, इसके बाद बगल से गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पहुंचकर जाम लगाते हुए बवाल शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची कई थानों की पुलिस व प्रशासन ने जब छात्रों को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से हटाने का प्रयास किया तो छात्र उग्र हो उठे और ग्रामीणों के साथ मिलकर पथराव कर दिया। करीब दो घंटे बाद पुलिस ने हालात पर काबू पाया और एक्सप्रेस वे पर यातायात बहाल कराया। इस दौरान कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई थी।

दोस्तपुर थाना क्षेत्र के पसियापारा गांव के लवकुश (14) पुत्र रामदेव धुरिया थाना क्षेत्र के कामतागंज स्थित रामदेव सिंह इंटर कॉलेज दोस्तपुर का कक्षा आठ का छात्र था। मंगलवार को साइकिल से लवकुश स्कूल जा रहा था। कमतागंज बाजार से कुछ दूर पहले ही पहुंचा था कि बगल से एक प्राइवेट बस ने उसे कुचल दिया। उसके सिर पर बस चढ़ जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब नौ बजे हुई। सूचना पाते ही विद्यालय के दर्जनों छात्र घटना स्थल पर पहुंच गए। दुर्घटनाकारित बस को तोड़ डाला। वहीं पर दोस्तपुर-नेमपुर रोड जाम कर छात्र प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन कर रहे छात्र व परिजनों की मांग थी कि दो करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति दी जाए और बस चालक पर मुकदमा दर्ज कर न्याय दिलाया जाए। सीओ व एसडीएम के मनाने पर बात नहीं बनी तो छात्र बगल से गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पहुंच गए और बास-बल्ली, कटीले तार, पत्थर आदि रखकर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना की सूचना पाते ही आस पास के ग्रामीणों का भी साथ छात्रों को मिलता गया और प्रदर्शन उग्र हो गया। एसडीएम कादीपुर उत्तम तिवारी, सीओ कादीपुर विनय गौतम, एसओ पंडित त्रिपाठी समेत आस पास के थानों की पुलिस पहुंची तो छात्रों को भगाने लगी। इसके बाद प्रदर्शन उग्र हो गया। पुलिस ने लाठी चार्ज कर आंदोलित छात्रों को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से खदेड़ दिया। इसके बाद एक्सप्रेसवे के सर्विस लेन पर इकट्ठा सैकड़ों छात्र व ग्रामीणों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कई वाहन पत्थर लगने से क्षतिग्रस्त हो गए तो कई लोग भी चोटिल हुए। एसओ दोस्तपुर पंडित त्रिपाठी के भी पैर में एक पत्थर लगने से चोटिल हो गए। यूपीडा के एक कर्मचारी भी घायल हो गया। एक अध्यापक का सिर भी फट गया। मौके पर एएसपी अखंड प्रताप सिंह आसपास के कई थानों की पुलिस के साथ पहुंच गए। इसके बाद पीड़ित परिवार को बुलाकर एसडीएम उत्तम तिवारी ने वार्ता किया और आश्वासन दिया कि परिवार को 15 विश्वा जमीन व पांच लाख रुपये मुआवजा दिलाया जाएगा, तब जाकर लोग शांत हुए।

> बस चालक के खिलाफ तहरीर दर्ज की गई हैं। उपद्रवियों को वीडियो क्लिप के माध्यम से चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। उपद्रव के दौरान थानाध्यक्ष दोस्तपुर भी चोटिल हुए हैं व एक वाहन टूटा है। जिस पर जरूरी कार्यवाही की जा रही है। परिजन दो करोड़ का मुआवजा मांग रहे थे। जिन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया गया है। -विनय गौतम, सीओ कादीपुर

### करीब चार घंटे तक चला बवाल

करीब नौ बजे दुर्घटना होने के बाद शुरू हुआ बवाल करीब चार घंटे तक चला। परिजनों के दो करोड़ रुपये की मांग पर अड़े थे। दोस्तपुर लिंक रोड से लेकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर करीब चार घंटे तक अराजकता की स्थिति बनी रही। नौ बजे शुरू हुआ बवाल करीब एक बजे जाकर शांत हुआ। इस दौरान एक्सप्रेसवे पर भी करीब दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

### लग्जरी कार क्षतिग्रस्त होने पर दी तहरीर

एक्सप्रेसवे से लखनऊ जा रहे बड़हरडीह, थाना महराजगंज जिला आजमगढ़ के राम सागर यादव का वाहन भी उपद्रव में एक्सप्रेसवे पर फंस गया। इस दौरान पत्थरबाजी में उनका लग्जरी वाहन फॉर्च्युनर क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसओ ने बताया कि तहरीर पर कार्यवाही की जा रही है।

### जर्जर सड़क बनी हादसे की वजह

दोस्तपुर-नेमपुर मार्ग पर बढ़ौली से लेकर नेमपुर तक करीब आठ किमी सड़क पर जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। मंगलवार को जिस समय हादसा हुआ उस समय जर्जर सड़क पर फिसलकर अचानक साइकिल सवार बस के आगे आ जाना बताया जा रहा है। यदि सड़क सही होती तो हादसा बच सकता था।

# पिता-पुत्र समेत 3 दोषियों को 7 वर्ष की कैद

## अदालत से

▸▸ कोर्ट ने 21 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया, जानलेवा हमले का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** थाना कूरेभार क्षेत्र के गांव बेनी सागों पदुमरा में 12 साल पूर्व जमीन विवाद के चलते हमला करने के मामले में न्यायाधीश संतोष कुमार की अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए आरोपी रामशब्द, भोले तिवारी और उमाशंकर तिवारी को सात साल की सजा सुनाई। वहीं, अदालत ने प्रत्येक दोषी पर सात हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया। जबकि, एक अन्य आरोपी को नाबालिग घोषित किया गया है।

वादी पक्ष के वकील विजय कुमार पांडेय व समर बहादुर सिंह के मुताबिक 24 नवंबर 2012 की घटना में वादी विनोद कुमार तिवारी और उनके भाई सूबेदार तिवारी अपने खेत में धान काट रहे थे, जब राम शब्द तिवारी और उनके बेटे भोले, रविशंकर, उमाशंकर ने बम और कट्टों के साथ हमला कर दिया। हमले में सूबेदार तिवारी को गंभीर चोटें आईं। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। दौरान विचारण अभियोजन पक्ष की तरफ से आठ गवाहों के साक्ष्य दर्ज किए गये। मामले में अदालत ने सुनवाई के बाद रामशब्द, भोले और उमाशंकर को सात साल की सजा सुनाई है। दौरान विचारण मामले में एक आरोपी को जुवेनाइल घोषित कर दिया गया था, जिसका विचारण किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है। पीड़ित परिवार ने इस निर्णय पर संतोष जताया है और इसे न्याय की

### अदालत में सियासी हस्तियों के मामलों की सुनवाई टली, अगली तारीख तय

विधि संवाददाता, सुलतानपुर : जिले की अदालत में मंगलवार को कई सियासी हस्तियों के मामलों की सुनवाई विभिन्न कारणों से टल गई। भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह का मामला : गरिमा सिंह और उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप है। छह वर्ष पूर्व अमेठी के गौरीगंज थाने में बिना अनुमति जुलूस निकालने के आरोप में तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने 6 फरवरी 2017 को मामला दर्ज कराया था। अभियोजन गवाह के न आने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी।

**आप सांसद संजय सिंह का केस :** सांसद संजय सिंह पर पंचायत चुनाव के दौरान बिना अनुमति सभा करने का आरोप है। यह मामला बंधुआकलां थाने में दर्ज किया गया था। मंगलवार को एक आरोपी के इलाज के चलते सुनवाई नहीं हो सकी, कोर्ट ने अगली सुनवाई 8 अक्टूबर के लिए तय की है।

**पूर्व विधायक सफदर रजा का मामला :** सफदर रजा पर धम्मौर के भाई लेखपाल के काम में बाधा डालने, धमकी और गाली-गलौज का आरोप है। यह घटना 18 सितंबर 2014 की है। मंगलवार को सफाई साक्ष्य की कार्रवाई नहीं हो सकी और मामले में वादी लेखपाल को तलब करने की मांग की गई। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 1 अक्टूबर की तारीख नियत की है।

**पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह का केस :** पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह के खिलाफ 2001 में दर्ज हत्या की साजिश के मामले में मंगलवार को सुनवाई न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण टल गई। मामले में अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी।

### अशफाक हत्याकांड में सभी आरोपियों के दर्ज हुए बयान

संवाददाता, सुलतानपुर : जगदीशपुर के चर्चित अशफाक हत्याकांड में मंगलवार को सभी आरोपियों के बयान दर्ज हो गये। प्रतापगढ़ जेल से आरोपी अमित चौबे को कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसका बयान दर्ज हुआ। आरोपी राजेश विक्रम के प्रार्थना पत्र पर सीबीसीआईडी के सेवानिवृत्त निरीक्षक हवलदार सिंह, रानीगंज के सुभाष कौशल व ध्रुव कौशल को गवाही के लिए तलब किया गया है अगली सुनवाई 26 सितंबर को होगी। एडीजीसी मनोज दुबे ने बताया अमेठी के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर कला गांव के अशफाक अहमद की जगदीशपुर बाजार में स्थित विजया बैंक के पास 30 जनवरी 2018 गोली व बम मारकर हत्या कर दी गई थी। रजी अहमद और अन्य घायल हुए थे। मृतक के पिता अंसार अहमद की तरफ से जगदीशपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह उनके भाई राकेश विक्रम सिंह समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था।

### छेड़छाड़ का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

संवाददाता, सुलतानपुर : किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पॉक्सो एक्ट की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के परिजन ने 20 दिसंबर 2019 की कथित घटना में आरोपी मान सिंह पर घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया था। दौरान विचारण बचाव पक्ष की जिरह में अभियोजन पक्ष के गवाह कोर्ट में सटीक गवाही नहीं दे पाए। कोर्ट ने आरोपी मान सिंह को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

बल्दीराय, सुलतानपुर



रोते-बिलखते युवती के परिजन।

● भाई की तहरीर पर ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का केस दर्ज

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में मंगलवार को सुबह एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवारवालों ने तहरीर देते हुए ससुरालियों पर हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

मंगलवार सुबह पूरे मोहनलाल मिश्र मजरे ऐंजर में युवती की मौत की खबर सुनते ही लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं मृतका के भाई कुलदीप तिवारी निवासी पूरे बकिया मजरे खारा थाना धनपतगंज ने तहरीर देते हुए मृतका के ससुराल वालों पर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। कल्पना पत्नी लवकुश मिश्रा उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी पूरे मोहनलाल मिश्र मजरे ऐंजर थाना बल्दीराय की फांसी लगाकर मौत हो जाने की सूचना मायके वालों को मिली। भाई ने आरोप लगाते हुए तहरीर दी है कि उसकी बहन को दहेज के लिए बार-बार ससुराल वाले ताने मारते थे, जबकि उसकी बहन कल्पना पांच महीने की प्रेगनेंट थी। जिसे मंगलवार को सुबह लगभग पांच बजे ससुर राधेश्याम मिश्र, सास सरिता, ननद निशा और मृतका के पति ने साजिश करके पूरे घर वालों ने मिलकर मार डाला। थाना अध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## फेसबुक पर शिक्षिका का नंबर डाल मांग रहा अश्लील वीडियो

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** पड़ोसी जिले की एक शिक्षिका जो कि नगर कोतवाली में रहती है। साइबर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि किसी ने फर्जी फेसबुक आईडी बना उसकी व उसकी बहन का नंबर डाला है। साथ लोगों से उस मोबाइल नंबर पर अश्लील वीडियो मांग रहा है, जिसके चलते लगातार उसके व उसकी बहन के पास फोन आ रहे हैं। शिक्षिका ने बताया कि वह मानसिक रूप से तो प्रताड़ित हो रही है सामाजिक रुप से उसका काफी अपमान हो रहा है। साइबर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# सामूहिक विवाह में फर्जीवाड़े की जांच फाइल पर जमी धूल

▸▸ जांच में नामित अधिकारी अभी तक नहीं दे पाएं है रिपोर्ट

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** जिले के बल्दीराय व कुड़वार विकास खंड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कराया गया था। सामूहिक विवाह में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया गया था।

जिम्मेदारों ने विवाहित व बच्चों की मां की शादी थोड़े से पैसे के लालच में दोबारा करा दी। मामला मीडिया के संज्ञान में आते ही अधिकारियों ने पहले दर्पण पोर्टल बंद किया। साथ एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे जांच में शामिल पाए गए एडीओ समाज कल्याण अभिषेक गिरि, लिपिक संदीप मिश्रा व एक महिला पर सामूहिक विवाह का पटल देख रहे अजय चौरसिया ने बल्दीराय थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद अधिकारियों ने जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. संतोष गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक कुमार शुक्ला, जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी मुदित श्रीवास्तव को मामले की जांच सौंपी थी। करीब डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी जांच अधिकारी अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं। वहीं, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि रिपोर्ट डीएम को सौंपी गई है। आगे क्या कार्यवाही होती है वही जानें।

## सार-संक्षेप



एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र ग्रहण करते जिले के तीन युवा।

### सौरभ, सर्वेश और राजकुमार का नाम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : कटका क्लब सामाजिक संस्था ने आठ घंटे 22 मिनट में एक साथ 11 सौ नीम के पौध रोपित कर रिकॉर्ड बनाया था। अगस्त्य नीम वाटिका बीते दिनों पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना था। जिले के कटका खानपुर के गाना मिश्र का पुरवा निवासी सौरभ मिश्र विनम्र कटका क्लब सामाजिक संस्था के अध्यक्ष तो उसी गांव के राजकुमार मिश्र कोषाध्यक्ष है। 11 अगस्त को संस्था द्वारा आठ घंटे 22 मिनट में 11सौ नीम के पौध रोपण किया। जिसकी निगरानी एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम ने कराया तो पाया इससे पहले इतने कम समय में किसी ने नहीं किया है। जिसमे सौरभ मिश्र, राजकुमार मिश्र व शिक्षक सर्वेश कांत वर्मा सरल का नाम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया। रविवार को नई दिल्ली के मयूर विहार के फेज एक स्थित रिवर साइड स्पोर्ट क्लब में पर्यावरण क्षेत्र में कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, इस कार्य में मुख्य भूमिका में सुधीर यादव ने भी योगदान दिया था। इन तीनों समाज सेवियों का नाम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने पर जनपद वासियों में खुशी की लहर है।

### असलहे के दम पर दंपति से छीने नकदी व जेवरात

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली कादीपुर के मैनेपारा निवासी अरविंद कुमार की मोतिगरपुर थाने के कालीगंज बाजार में मेडिकल स्टोर है। आरोप है कि रविवार की देरशाम वह बाइक से अपनी पत्नी रीना और ढाई साल के बेटे प्रियांश के साथ पैतृक आवास जा रहे थे। रात करीब दस बजे जैसे ही वह वह मोतिगरपुर थाने के श्रीरामपुर लमौली ग्राम पंचायत के पंचायत भवन के आगे मुर्गी फॉम के बगल पहुँचा, तभी वहां पहले से हाथ में तमंचा लिए खड़े पांच नकाबपोश बदमाशों ने उनकी गाड़ी को रोक ली और बाइक की चाबी निकाल ली। बदमाशों ने पति-पत्नी के सिर पर तमंचा सटाकर दोनों की मोबाइल 35 हजार की नगदी, सोने की चेन व कान झाला पर्स जिसमें आधारकार्ड, पैनकार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस छीन लिया। इतना ही नहीं बदमाशों ने दंपति को डंडों व थप्पड़ों से मारापीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए लमौली की तरफ भाग गए। मोतिगरपुर थानाध्यक्ष ने बताया की मामले की जानकारी मिली है जांच की जा रही है।

### डा. जयेंद्र को मिला प्राकृतिक खेती के लिए सम्मान

सुलतानपुर, अमृत विचार : प्राकृतिक खेती एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति उपयोजना प्रोजेक्ट में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषि विज्ञान केंद्र में तैनात वैज्ञानिक डा. जयेंद्र बहादुर सिंह को शासन ने पुरस्कृत किया है। यह पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, कानपुर एवं प्रसार निदेशालय सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा आयोजित कृषि विज्ञान केन्द्रों की 31वीं वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशाला में प्रदान किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा जयेन्द्र बहादुर सिंह ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### पीएचडी की उपाधि से नवाजी गई सोनिया तिवारी



सुलतानपुर, अमृत विचार : सोनिया तिवारी को पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 22 सितंबर को आयोजित 28वां दीक्षांत समारोह में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली और जीएसटी पर वाणिज्य में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी। सोनिया तिवारी विवेक नगर सुलतानपुर की निवासी है। सोनिया ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से वाणिज्य में अपने डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की डिग्री सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। उनके शोध का विषय 'भारत में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली और जीएसटी : एक तुलनात्मक अध्ययन' था, जो भारत के कराधान परिदृश्य में किए गए सबसे महत्वपूर्ण सुधारों में से एक पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

### प्रो. आद्या प्रसाद एकेडमिक काउंसिल के सदस्य नामित



लम्भुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार। क्षेत्र के कंवरपुर निवासी इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मणिपुर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं अर्थशास्त्र काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्रख्यात अर्थशास्त्री प्रो आद्या प्रसाद पांडेय को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की विद्या परिषद (एकेडमिक काउंसिल) का सदस्य बनाया गया है। इस नियुक्ति की सूचना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एन बी सिंह द्वारा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा महेश कुमार के माध्यम से प्रो पांडेय को दी गई।

# एक गाटे का था इकरारनामा पर तीन गाटे का करा रहे थे बैनामा

▸▸ इंकार करने पर किसान को पीटा, छीन ली आधार कार्ड व बैंक पासबुक, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** किसान ने जमीन के एक गाटे का इकरार नामा किया था तो वहीं क्रेता तीन गाटे का बैनामा करा रहा था। दस्तावेज पढ़ते समय जब किसान को तीन गाटे का बैनामा होता दिखा तो उसने बैनामे से इंकार कर दिया। आरोप है बैनामा करने से इंकार करने पर क्रेता व उसके साथियों ने मारा पीटा। नगर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

बंधुआ कला थाने के कन्हईपुर खोखीपुर निवासी राम मिलन यादव ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है। राम मिलन ने बताया कि उसने गाटा संख्या 541 का सैय्यद महताब से इकरारनामा किया था। आरोप है उसने फर्जी तरीके उसके गाटा संख्या 539 व 667 को भी इकरार नामा में शामिल कर लिया है। सदर तहसील जब वह इकरारनामा की जमीन बैनामा कराने अपने बेटे के साथ आया तो दस्तावेज में देखा कि गाटा संख्या 541 के साथ 539 व 667 भी शामिल है तो उसने बैनामे से इंकार कर दिया। आरोप है कि क्रेता सैय्यद महताब व उसके साथियों ने उसे मारा पीटा साथ ही उसका आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि छीन लिया। लेकिन वह रजिस्ट्री कार्यालय नहीं गया किसी तरह जान बचाकर भाग निकला। महताब, मेराज,सद्दाम व सईद धमकी दे रहे हैं कि जो एनएच 56 पर 14 विश्वा जमीन है उसे बैनामा कर दो। अगर जमीन बैनामा नहीं किए तो पूरे परिवार को मार देंगे या फिर किसी मुकदमे में फसा देंगे। उक्त लोग अपराधी किस्म के है कोई भी घटना कर सकते हैं। इकरारनामा में जो गाटा संख्या 541 है उसका बैनामा करने को तैयार हैं।

# टास्क फोर्स की जांच के बाद ही बनेगा परीक्षा केंद्र

संवाददाता, सुलतानपुर

## बढ़ी सक्रियता

▸▸ डीएम ने एक हफ्ते में जियो लोकेशन के साथ मांगी जांच आख्या

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित बोर्ड परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। परीक्षा केंद्रों के निर्धारण से पहले उनकी विधिवत जांच कराई जाएगी। डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारियों के नेतृत्व में चार सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया है। टीम स्कूलों में कागजातों व सुविधाओं की जांच करने के बाद जियो लोकेशन के साथ जांच आख्या देगी। इसके बाद ही परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू होगी।

सदर तहसील के स्कूलों की जांच के लिए एसडीएम विपिन द्विवेदी को अध्यक्ष, तहसीलदार हृदयराम तिवारी व सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड चित्रा वर्मा को सदस्य और सदस्य सचिव राजकीय इंटर कॉलेज महराजगंज के प्रधानाचार्य विवेक सिंह को बनाया गया है। जयसिंहपुर के लिए एसडीएम संतोष कुमार ओझा को अध्यक्ष, पीएमजीएसवाई के सहायक अभियंता सुरेश चंद्र सिंह व तहसीलदार मयंक मिश्रा को सदस्य और राजकीय माध्यमिक इंटर कॉलेज बुआपुर के प्रधानाचार्य आनंद कुमार को सदस्य सचिव नामित किया गया है। कादीपुर के लिए एसडीएम उत्तम तिवारी को अध्यक्ष, तहसीलदार घनश्याम भारतीय व सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड दलगंजन सिंह को सदस्य और राजकीय माध्यमिक इंटर कॉलेज तेंदुआ काजी के प्रधानाचार्य मो.रफीक को सदस्य सचिव की जिम्मेदारी मिली है। बल्दीराय के केंद्रों की जांच के लिए एसडीएम गामिनी सिंगला को अध्यक्ष, तहसीलदार अरविंद तिवारी व सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग दुर्गेश कुमार सिंह को सदस्य और सदस्य सचिव के रूप में जीआईसी पिपरी के प्रधानाचार्य संदीप को जिम्मेदारी मिली है। लंभुआ के लिए एसडीएम विदुषी सिंह को अध्यक्ष, तहसीलदार देवानंद तिवारी व सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रताप सिंह को सदस्य और राजकीय अभिनव विद्यालय पन्ना टिकरी के प्रधानाचार्य संतोष मिश्रा को सदस्य सचिव नामित किया गया है।

## लिया जायजा

मध्याह्न भोजन रजिस्टर, कक्षावार बच्चों की उपस्थिति पंजिका व निपुण लक्ष्य की लिस्ट को किया चेक

# एसडीएम ने कई परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर



प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान बच्चों को पढ़ाती एसडीएम बल्दीराय। अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बहुरावा द्वितीय व धनपतगंज ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सेवरा का एसडीएम गामिनी सिंघला (आईएएस) ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों के शिक्षा की गुणवत्ता व बच्चों को पूरी तरह से निपुण करने के निर्देश दिया। इसके बाद एसडीएम ने प्राथमिक विद्यालय बहुरावा द्वितीय का निरीक्षण करते हुए बच्चों के मध्याह्न भोजन रजिस्टर, कक्षावार बच्चों की उपस्थिति पंजिका व निपुण लक्ष्य की लिस्ट को चेक किया।

निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति पंजिका के अनुसार 49 बच्चों के सापेक्ष 25 बच्चे उपस्थित पाए गए। कम उपस्थिति के सम्बन्ध शिक्षकों को अभिभावकों से सम्पर्क कर शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए निर्देशित किया। वही एसडीएम ने निपुण बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए शत-प्रतिशत बच्चों को निपुण बनाने के निर्देश दिए।खंड शिक्षा अधिकारी को बताया कि जो बच्चे निपुण हो गए हैं उनकी भी रेंडम चेकिंग भी की जाए। एसडीएम ने प्रधानाध्यापक से स्कूलों में अध्यापकों की जानकारी लेते हुए पढ़ाए जा रहे विषय एवं किस एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया जा रहा है के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उप जिलाधिकारी ने स्कूल में लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया। पढ़ाई में कमजोर बच्चों को अलग से क्लास देकर पढ़ाने के निर्देश दिए गए, ताकि वह भी निपुण बन सके। धनपतगंज ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सेवरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय बीआरसी बल्दीराय से संदीप पांडेय,एआरपी रामधर यादव , सुरेन्द्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### व्यापारियों ने किया था बंदी का एलान तो एसडीएम सीओ ने की वार्ता

संवाददाता, सुलतानपुर : जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बगिया चौराहे पर बीते आठ अगस्त को बड़ी चोरी हो गई थी। जिसमे व्यापारी के लाखों के आभूषण व नगदी चोर उठा ले गए थे। खुलासे के लिए व्यापारी आक्रोशित थे एसडीएम व सीओ से मिलकर खुलासे की मांग कर रहे थे। इसी बीच नगर कोतवाली क्षेत्र में भरत जी सोनी के यहां दिन दहाड़े डकैती हो गई थी। जिसका पुलिस ने खुलासा कर दिया। वही नगर कोतवाली में हुई खुलासे के बाद व्यापारी बगिया चौराहे पर हुई चोरी के खुलासे की मांग करते हुए 25 सितंबर तक का समय दिया था। लेकिन स्थानीय पुलिस चोरी के नजदीक तक नहीं पहुंच पाई थी।मंगलवार को एसडीएम संतोष कुमार ओझा सीओ प्रशांत सिंह तहसील में व्यापारियों के साथ बैठक की। सीओ ने बताया कि अभी तक बड़ी डकैती के खुलासे में पुलिस व्यस्त थी खुलासे के लिए समय चाहिए। जिस पर व्यापारियों ने दस अक्टूबर तक का समय दिया है।

## एक नजर

### बांद्रा टर्मिनल-बरौनी जं. एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा नवरात्र मेला के दौरान श्रद्धालू यात्रियों की सुविधा हेतु 19037/19038 बांद्रा टर्मिनल-बरौनी जं.-बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव पश्चिम मध्य रेलवे के इन्द्रगढ़ स्टेशन पर प्रदान किया जायेगा। फलस्वरूप बांद्रा टर्मिनल से 2 से 10 अक्टूबर तक चलने वाली 19037 बांद्रा टर्मिनल-बरौनी जं. एक्सप्रेस इन्द्रगढ़ स्टेशन 13.15 बजे पहुंचकर 13.17 बजे छूटेगी तथा वापसी यात्रा में बरौनी से 2 से 10 अक्टूबर तक चलने वाली 19038 बरौनी जं.-बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस इन्द्रगढ़ स्टेशन 11.06 बजे पहुंचकर 11.08 बजे छूटेगी।

### शारीरिक व मानसिक बदलाव के बारे में दी जानकारी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। आरबीएस के टीम नौगढ़ द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कुपोषण, एनीमिया, माहवारी और उन में होने वाले शारीरिक व मानसिक बदलाव के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही किशोरियों के स्वास्थ्य की जांच, जिसमें हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, वजन व लंबाई की नाप की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा मेहंदी, पेंटिंग, रंगोली, सामान्य ज्ञान समेत विभिन्न विषयों पर आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा भाग लिया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिद्धार्थ नगर डॉ. रजत कुमार चौरसिया, एडीजे मनोज कुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार गुप्ता तथा प्रधानाचार्य केन्द्रीय विद्यालय नीरज कुमार शुक्ल ने पुरस्कृत किया।

### लावारिस मिले तीन लड़कों को चाइल्ड लाइन को सौंपा

गोरखपुर, अमृत विचार। मंगलवार को रेलवे सुरक्षा बल, कप्तानगंज को गाड़ी संख्या-09038 में 10, 11 एवं 12 वर्ष के तीन लड़के लावारिस हालत में मिले। पूछताछ के बाद तीनों लड़कों को चाइल्ड लाइन कुशीनगर को सुपुर्द किया गया।

# ट्रेड शो में दिखेगी गोरखपुर मंडल की धाक

## गोरखपुर के 13 उद्यमी अपने उत्पादों को देश-दुनिया के आगंतुकों के समक्ष करेंगे प्रदर्शित

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। 25 से 29 सितंबर तक नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित हो रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो यूपीआईटीएस में 25 स्टालों पर गोरखपुर मंडल की धाक दिखेगी। मंडल से सर्वाधिक भागीदारी गोरखपुर की है, जहां से 13 उद्यमी अपने अपने उत्पादों को देश-दुनिया के आगंतुकों और खरीदारों के समक्ष प्रदर्शित करेंगे। खास बात यह है कि गोरखपुर मंडल के उत्पादों में ओडीओपी, एमएसएमई से जुड़े उद्यम के साथ महिला सशक्तिकरण की भी झलक दिखेगी। मंडल से कुल सात महिला उद्यमी इंटरनेशनल ट्रेड शो में अपने बनाए उत्पादों के साथ प्रतिभाग कर रही हैं। इनमें सर्वाधिक चार गोरखपुर से हैं।

यूपीआईटीएस में गोरखपुर के लिए जो 13 स्टाल आवंटित हैं उनमें 5 ओडीओपी, 6 एमएसएमई और 2 एक्सपोर्ट श्रेणी में हैं। ओडीओपी के लिए चार स्टाल टेराकोटा और एक रेडीमेड गारमेंट के लिए है। जबकि एमएसएमई में बेकरी प्रोडक्ट, सैनिटरी नैपकिन, पैकेजिंग इंडस्ट्री, गिफ्ट आइटम, इलेक्ट्रिक गुड्स और बायोमास एनर्जी के उत्पाद रहेंगे। इसके अलावा एक्सपोर्ट कैटेगरी में प्लाईवुड-लमिनेट्स और टेराकोटा को शामिल किया गया है। कुशीनगर जिले से ओडीओपी में केले के रेशे से बने उत्पाद तथा एमएसएमई में कंक्रीट प्रोडक्ट, हैंडीक्राफ्ट और कालानमक चावल-श्रीअन्न के स्टाल जिले की उद्यमशीलता से लोगों को रूबरू कराएंगे

महराजगंज जिले के लिए आवंटित स्टालों में एक ओडीओपी और चार एमएसएमई के लिए हैं। ओडीओपी के स्टाल पर विविध प्रकार के फर्नीचर रहेंगे। जबकि एमएसएमई सेक्टर के लिए कालानमक चावल, फ्लोर मिल, राइस और मोमबत्ती-अगरबत्ती कारोबार से जुड़े उद्यमियों को मंच दिया गया है। तीन स्टालों पर देवरिया की उद्यमिता देखी जाएगी। यूपीआईटीएस पूर्वी उत्तर प्रदेश के इन जिलों के लिए बेहद खास है। कारण यहां के कई उत्पाद जो ओडीओपी में शामिल होने के बाद सुदृढ़ पहचान से जुड़े हैं, उन्हें अब देश ही नहीं दुनिया के बीच चमकने का मौका मिल सकेगा। मिसाल के तौर पर गोरखपुर के टेराकोटा और कुशीनगर के बनाना फाइबर प्रोडक्ट को इसमें शुमार किया जा सकता है। इन दोनों ओडीओपी उत्पाद में कच्चे माल की लागत नाममात्र की होती है लेकिन शिल्पियों के हुनर से तैयार माल बहुमूल्य हो जाता है।

# धान बेचने के लिए लगानी पड़ेगी दौड़

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

- जिले में एकाएक 38 क्रय केंद्र कम कर दिए गए हैं
- धान खरीद में करोड़ों का घोटाला उजागर होने का असर

अमृत विचार। जिले में एक नवंबर से होने वाली धान खरीद के लिए क्रय केंद्र चयनित कर लिया गया है। लेकिन इस बार किसानों को धान बेचने के लिए दौड़भाग करनी होगी। क्योंकि जिले में एकाएक 38 क्रय केंद्र कम कर दिए गए हैं। ऐसे में दूर केंद्र होने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। धान खरीद में करोड़ों का घोटाला उजागर होने के बाद क्रय केंद्रों में इतने बड़े पैमाने पर कमी की गई है।

गत वर्ष जिले में धान खरीद में करोड़ों का घोटाला उजागर हुआ था। केस दर्ज होने के साथ ही मामले की जांच चल रही है। इस घोटाले की आंच धान खरीद पर दिखाई दे रही है। जबकि यह भी बताया जाता है कि जहां करोड़ों का मामला है, वहीं वसूली भी विभाग द्वारा खूब तेजी के साथ बकायेदारों से चल रही है। फिलहाल 1 नवंबर से होने वाले धान खरीद को लेकर क्रय केंद्र चयनित कर लिये गये हैं। इसके लिए इसबार पिछले वर्ष की तुलना में 103 के बजाए 65 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इसमें खाद्य विभाग के 28, पीसीएफ के 25 और यूपीपीसीयू के 10 और भारतीय खाद्य निगम के दो केंद्र बने हैं। इसमें डीएसीएफ केंद्र नहीं बने हैं। एकाएक 38 क्रय केंद्र कम कर दिये गये हैं। इसका असर किसानों पर पड़ेगा, क्योंकि क्रय केंद्र दूर हो जाएंगे तो उन्हें भागदौड़ करना पड़ेगी, इसके बाद ही खरीद हो पाएगी। ऐसे में ढुलाई के साथ समय भी अधिक लगेगा।

विभाग से जुड़े लोग दबी जुबान से यह कह रहे हैं कि धान खरीद में घपले का मामला सामने आने के बाद यह किया गया है। जिसका असर पर किसानों पर पड़ेगा। न की घपला करने वालों पर। हालांकि केंद्र बनने के बाद खरीद से जुड़ी विभागीय तैयारी शुरू हो गई। इस बारे में भकियू लम्बवत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिलदेव राय का कहना है कि धान क्रय केंद्र में इतनी बड़ी संख्या में कमी किया जाना गलत है। इससे किसानों को बहुत परेशानी होगी।

# अधूरे कार्य देख नाराज हुए डीआईओएस

## राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसिना खास का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

- प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत हो रहे कार्यों को देखा

अमृत विचार। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने मंगलवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसिना खास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में पठन-पाठन के सुचारू रूप से होने के साथ ही प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत हो रहे कार्यों को देखा। अधूरे कार्यों पर नाराजगी जताते हुए कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों को गुणवत्तापूर्ण अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। अन्य विद्यालयों के भी निरीक्षण में समय से संचालन, नामांकित बच्चों के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपस्थिति, शिक्षकों के समय से पहुंचने इत्यादि बिंदुओं पर निर्देशित किया।

डीआईओएस को मौके पर केवल एक शिक्षिका आरती देवी पढ़ाती मिलीं। उन्होंने बताया कि प्रभारी प्रधानाचार्या प्रशिक्षण में गई हुई हैं। लिपिक दो दिनों से बिना किसी सूचना के विद्यालय से गायब है। एक शिक्षिका मातृत्व अवकाश पर है। डीआईओएस ने विद्यालय में परिसर में बन रहे प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। अबतक नींव की भराई तक का कार्य हुआ है। कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि समय से कार्य पूर्ण करें। विद्यालय में जाने के रास्ते को ठीक करने का निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने मनबहाल द्विवेदी इंटरमीडिएट कॉलेज दुबौली कोटिया गड़ोरी, स्व.प्यारी देवी इंटर कॉलेज मसिना खास तथा आदर्श इंटर कॉलेज गौरागढ़ का भी निरीक्षण किया। जिविनि ने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि विभागीय निर्देशों के अनुपालन में इंसपायर अवार्ड, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, सड़क सुरक्षा अभियान, यू-डायस इत्यादि जैसे बिंदुओं में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने समय से स्कूलों के समय से खुलने समेत साफ-सफाई, एमडीएम, नामांकन के सापेक्ष छात्रों की उपस्थिति, खेलकूद गतिविधियों, शैक्षिक पंचाग का अनुपालन करने को लेकर प्रधानाचार्यों से पूछताछ की। कहा कि भविष्य में खामियां मिलने पर विभागीय कार्रवाई के लिए तैयार रहें।


निरीक्षण करने पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान। अमृत विचार

# जंगली जानवर के हमले में चार घायल, दहशत

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। बीती रात भडभड़वापुर में किसी जंगली जानवर के हमले से चार लोगों को घायल होने की सूचना मिली तो लोगों में भेड़िया के हमले की अफवाह फैल गई, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई।

मंगलवार को घटना की सूचना पर डीएम के निर्देश पर एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने थाना प्रभारी भवानीगंज, ईओ बढ़नीचाफा, वन क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज, पीएचसी बढ़नीचाफा के डॉ. राजेश के साथ भडभड़वापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों तथा पीड़ित व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत बढ़नीचाफा के नथुनिया मोड़ भड़भड़वापुर में सोमवार की रात्रि को लगभग 8:30 बजे तेज बहादुर की किराना की दुकान पर अचानक एक सियार आकर उसके हाथ को काटने के लिए पकड़ लिया और पास खड़ी उसकी पुत्री नैंसी की ओर भी झपटा। उसके बाद वह भड़भड़वापुर की तरफ भागा, हल्ला होने पर ग्रामवासियों द्वारा नहर की पुलिया पर घेराबंदी की गई, इसी दौरान ग्रामीण रामजी वर्मा की कोहनी पर भी काट लिया और ध्रुवराज व पुद्दन को भी खरोंच आई। जिस पर ग्रामवासियों द्वारा सियार को मारकर पास नहर मे फेंक दिया गया।

# डीएम ने सौंपा बीमा कवर का चेक

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, में कार्यरत फार्मासिस्ट भावनाथ नारायण जिनकी बीते 17 मई को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। इनका भारतीय स्टेट बैंक शाखा तेतरी बाज़ार में एसबीआई स्टेट गर्वमेन्ट सैलरी पैकेज खाता संचालित था, जिसमें 50 लाख रुपये का बीमा स्वतः कवर था, उनके पुत्र सूर्य प्रताप नारायण जो इस खाता के नॉमिनी थे, को भारतीय स्टेट बैंक शाखा तेतरी बाज़ार द्वारा जारी बीमा कवर चेक जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में चेक प्रदान किया गया।

मुख्य प्रबंधक सेल्स भारतीय स्टेट बैंक, आशीष जयसवाल ने बताया कि बैंक की योजना है कि यदि किसी सरकारी नौकरी करने वाले का सैलरी खाता भारतीय स्टेट बैंक में संचालित है तो दुर्घटना होने पर मृत्यु की स्थिति में उनके नामित को बैंक द्वारा 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। शाखा प्रबंधक तेतरी बाज़ार प्रणव द्विवेदी ने सरकारी नौकरी करने वाले लोगों से भारतीय स्टेट बैंक में सैलरी खाता खोलवाने की अपील की है।

इस अवसर पर लीड बैंक अधिकारी रविकुमार सिन्हा, मुख्य प्रबंधक (सेल्स) आशीष जयसवाल, शाखा प्रबंधक तेतरी बाज़ार प्रणव द्विवेदी, उपप्रबंधक कौशल मिश्र एवं अन्य उपस्थित थे।


नॉमिनी को बीमा कवर का चेक सौंपते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति। अमृत विचार

### चौराहे पर योग मुद्रा का स्टैच्यू लगाने का निर्णय

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से भारत की सदियों पुरानी परम्परा व ज्ञान की धरोहर योग को अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई और 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। भारत सरकार द्वारा भी फिट इण्डिया मूवमेंट चलाया जा रहा है। जनपद में प्रत्येक नगर निकाय में एक चौराहे के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाना है। जनपद के नगर निकायों में एक चौराहे पर योग मुद्रा का फोटो स्टैच्यू लगाये जाने का निर्णय लिया गया है। जिससे जन सामान्य में योग का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। इसी क्रम में नगर निकाय इटवा सीमान्तर्गत स्थित चौराहे-तिराहे पर योग, ज्ञान मुद्रा का स्टैच्यू लगाये जाने का निर्णय लिया गया है।

# तीमारदार ने निजी क्लीनिक पर किया हंगामा, बुलाई पुलिस

- सैंपल की दवा की मनमानी कीमत वसूलने का आरोप

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। डुमरियागंज नगर पंचायत अन्तर्गत इटवा रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में संचालित निजी क्लीनिक पर काफी हंगामा हुआ। इस दौरान पीड़ित व्यक्ति ने डॉक्टर पर दवा कंपनियों द्वारा सैंपल में दी जाने वाली दवा का मनमाना दाम वसूल करने और आपत्ति जताने पर मारने पीटने की धमकी देने का आरोप पुलिस से लगाया है। इस मामले में पीड़ित की शिकायत कर 112 डायल पुलिस सेवा ने मौके पर पहुंचकर जांच कर रिपोर्ट पुलिस अधिकारियों को देने की बात कही।

जानकारी के अनुसार, डुमरियागंज नगर के एक गेस्ट हाउस के परिसर में संचालित प्राइवेट क्लीनिक के चिकित्सक के यहां सोमवार की शाम लगभग 7 बजे डुमरियागंज क्षेत्र के बभनी निवासी फहीम अहमद अपने पिता की दवा लेने पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें नाट फॉर सेल की दवा देकर 1500 रुपया वसूल लिया। इसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत डुमरियागंज थाने पर 112 नंबर पर फोन किया। मौके पर 112 नंबर डायल पुलिस ने जांच किया और आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही।

## सार-संक्षेप

### छात्राओं को दी सेनेटरी नैपकीन संबंधी जानकारी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देश तथा जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश के क्रम में मनोज कुमार तिवारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर द्वारा महिला स्वच्छता एवं सेनेटरी नैपकीन के सम्बन्ध में शिविर का आयोजन पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में किया गया। शिविर में वक्तागणों द्वारा उपस्थित छात्राओं को महिला स्वच्छता के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कहा गया कि विशेष रूप से मासिक धर्म के दौरान, स्वच्छता का सही प्रबंधन आवश्यक होता है। इस संदर्भ में सेनेटरी नैपकीन का उपयोग एक प्रभावी और सुरक्षित उपाय है। ये नैपकीन संक्रमण के जोखिम को कम करते हैं। हालांकि, कई महिलाओं को अभी भी सेनेटरी नैपकीन के बारे में जागरूकता और जानकारी की कमी है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, पारंपरिक तरीकों का उपयोग करने के कारण स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इस दिशा में शिक्षा और जागरूकता अभियान अत्यंत आवश्यक हैं। जागरूकता शिविर में प्रधानाचार्य पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय नीरज कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, अध्यक्ष स्वाभिमान समिति ममता वर्मा व विद्यालय के अध्यापक तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

### पूर्वोत्तर रेलवे की महिला बास्केटबॉल टीम रही अव्वल


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय क्षितिज पर उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी है। 21 से 23 सितंबर तक फरीदकोट, पंजाब में आयोजित अखिल भारतीय आंमत्रण बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पूर्वोत्तर रेलवे की महिला बास्केटबॉल टीम ने बेंगलुरु को हराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर रेलवे की श्रुति यादव को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। प्रतियोगिता के दौरान टीम की खिलाड़ी मेघा सिंह, संगीता दास एवं अश्वती सीपी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। पूर्वोत्तर रेलवे के महिला बास्केटबॉल टीम के खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन के लिये महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के अध्यक्ष अभय कुमार गुप्ता, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, बास्केटबाल सचिव रविन्दर मेहरा, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे पर 'स्वच्छ भारत मिशन' की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर 14 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को मुख्यालय एवं मंडलों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, ऐशबाग, लखनऊ जं. सहित अन्य स्टेशनों पर स्वच्छता शपथ के साथ जन जागरूकता स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया तथा विभिन्न स्टेशनों पर साफ-सफाई की गई। गोंडा, ऐशबाग, मैलानी स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया, स्टेशन परिसर तथा रेलपथ की गहन सफाई की गई।


प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाते अधिकारी। अमृत विचार

# बच्चों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। रामप्रसाद नगर वार्ड के प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा को लेकर एक शपथ कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों को अपने घर, स्कूल परिसर व आसपास के वातावरण को कैसे साफ रखना है, इसके बारे में जागरूक किया गया। साथ ही साथ बच्चों को सूखा एवं गीला कचरा के बारे में भी बताया गया। साथी ही बच्चों, अध्यापकों को स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विंध्याचल, लिपिक, एसबीएम प्रभारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन एवं पालिका के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी विंध्याचल द्वारा बच्चों को स्वच्छ वातावरण से स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण कैसे हो, इसके मूलमंत्र के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### गोरखपुर-हिसार विशेष गाड़ी का संचालन

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05180 गोरखपुर-हिसार विशेष गाड़ी का संचालन गोरखपुर से 26 सितम्बर गुरुवार को एक फेरे के लिये किया जायेगा। 05180 गोरखपुर-हिसार विशेष गाड़ी गोरखपुर से 14.20 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 14.56 बजे, बस्ती से 15.22 बजे, मनकापुर से 16.22 बजे, गोंडा से 16.55 बजे, बाराबंकी से 18.37 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 19.30 बजे, कानपुर सेंट्रल से 21.30 बजे, दूसरे दिन टूण्डला से 00.15 बजे, गाजियाबाद से 02.30 बजे, नई दिल्ली से 04.00 बजे तथा भिवानी से 07.15 बजे छूटकर हिसार 08.30 बजे पहुंचेगी।

# भव्य दीपोत्सव व जागरण 7 को

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। आगामी शारदीय नवरात्रि महापर्व की पंचमी 7 अक्टूबर दिन सोमवार को गालापुर स्थित मां वटवासिनी महाकाली देवी स्थान पर भव्य दीपोत्सव व भव्य देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य देवी जागरण व फलाहार कार्यक्रम के साथ ही साथ सवा लाख दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया जायेगा तथा देवी जागरण कार्यक्रम में लोकप्रिय भजन गायक श्रवण सुल्तानपुरी सहित कई चर्चित भजन गायकों व कलाकारों का आगमन होगा। सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मां भगवती के भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी, साथ ही देवी जागरण में देवी-देवताओं की आकर्षक मनमोहक झांकियां भी नजर आएंगी। यह जानकारी मंदिर व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद मिश्रा ने देते हुए सभी माता के भक्तों एवं क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में मां वटवासिनी गालापुर मन्दिर पहुंचकर मां भगवती के दर्शन कर विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें एवं देवी जागरण में शामिल हों।


मां वटवासिनी महाकाली देवी स्थान। अमृत विचार

सक्रियता | जिलाधिकारी ने की विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

# बिजली बिल अधिक है तो संशोधन कर जारी करें दूसरा बिल

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। विद्युत विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर. ने पिछले माह की बैठक की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी जेई को निर्देश दिया कि बड़े बकायेदारों को चिन्हित करें और बकाया धनराशि को जमा करायें। सभी जेई एवं एसडीओ बेहतर कार्य करें। उपभोक्ताओं के बिलों को सही देखें। गरीब परिवारों के बिलों को देख लें, यदि बिल अधिक आया है तो उसका संशोधन कर दूसरा बिल जारी किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा जर्जर तारों के बदलने की प्रगति बिजनेस प्लान की समीक्षा की गयी। 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र क्षमता का निर्माण कार्य व अन्य कार्य दिसम्बर तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। 11/4 केवी परिवर्तन कार्य नवम्बर तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जर्जर तारों एवं एलटी लाइन बदलने का कार्यवाही नवम्बर 2024 के अन्त तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत शोहरतगढ़ एवं कपिलवस्तु के विद्युत लाइन निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए माह नवंबर तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। पूरे जनपद में बकाया बिल वसूली में खेसरहा की प्रगति सबसे कम पाये जाने पर जेई खेसरहा शिवाकान्त मौर्य का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही खराब स्थिति के कारण जेई खैरटिया कृष्ण कुमार को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त तीनों खंडों में जिन जेई की बिल वसूली की प्रगति कम है, उन्हें नोटिस निर्गत करने हेतु अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कैम्प लगाकर बकाया वसूली करने के लिए कैम्प लगाने का निर्देश दिया। उपभोक्ताओं से जेई सामान्य रूप से वार्ता करें। बिल को सही से देखा जाये कि सही बिलिंग हो रही है या नहीं। उपभोक्ताओं के घर जाकर बिल निकालें, बिलिंग की शिकायत नहीं मिलना चाहिए। शिकायत मिलने पर सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही जर्जर तार व विद्युत पोल को बदलने तथा शहरी क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर खराब होने पर 24 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घंटे में बदलवाना सुनिश्चित करें। समस्त अधिशासी अभियन्ता को विद्युत के बकाये बिलों की वसूली में प्रगति लाकर लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सिद्धार्थनगर ज्ञान प्रकाश, बांसी संघप्रिय गौतम, डुमरियागंज संतोष कुमार त्रिपाठी, समस्त एसडीओ व जेई आदि उपस्थित थे।


जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति।

# राजभाषा संबंधी रिपोर्ट नियमित रूप से भिजवाएं

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक सौम्या माथुर की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), गोरखपुर की बैठक मंगलवार को महाप्रबन्धक सभाकक्ष, गोरखपुर में आयोजित की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुये महाप्रबन्धक ने कहा कि बैठक में कुल 47 सदस्य कार्यालयों में से 37 कार्यालयों से रपटें प्राप्त हुई हैं। सभी सदस्य कार्यालयों से अपेक्षा है कि हिन्दी कार्यषालाएं एवं विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित अन्तराल पर आयोजित कराएं। समय-समय पर संसदीय राजभाषा समिति द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अपने कार्यक्षेत्रों में अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इसके लिये उपयुक्त और प्रभावकारी जांच बिन्दु बनाएं। सभी सदस्य कार्यालय अपने छमाही रपटें नियमित रूप से समिति सचिवालय को भिजवाएं। महाप्रबन्धक ने कहा कि सदस्य कार्यालयों में से जिन कार्यालयों ने राजभाषा विभाग के वेबपोर्टल पर अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, वे शीघ्र करा लें और अपने कार्यालय की तिमाही रपट नियमित रूप से आनलाइन भरना सुनिश्चित करें।

- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

बैठक में अपर महाप्रबन्धक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य राजभाषा अधिकारी राजेश पाण्डेय, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी सुमित कुमार, गोरखपुर स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों, उपक्रमों एवं निगमों के प्रमुख/प्रतिनिधि तथा राजभाषा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।



बैठक करतीं पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबन्धक सौम्या माथुर। अमृत विचार

## एक नजर

### चिकित्सा सेवा संघ के प्रांतीय संयुक्त सचिव मनोनीत

**कुशीनगर, अमृत विचार।** गोरखपुर में हुए प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के अधिवेशन में फाजिलनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा यूएस नायक को संघ का प्रांतीय संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया। मंगलवार को सीएचसी पर स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने अधीक्षक डा नायक का भव्य स्वागत किया। कहा कि स्वास्थ्य सेवा चुनौती पूर्ण दायित्व है समाज के अंतिम व्यक्ति का चिकित्सक से सीधा जुड़ाव होता है। किंतु स्वास्थ्य सेवाओं की कुछ अपनी चुनौतियां हैं। जिनके समाधान के लिए संगठन के द्वारा शासन से मांग की जाएगी। नए दायित्व पर सबके सहयोग से खरा उतरने का प्रयास करुंगा। इस दौरान डां साजिद हुसैन, डां एचएन प्रसाद, डां अखिलेश कुमार, डां अंशिका राय, दिनेश राय, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, अनुज तिवारी, पंकज राय आदि मौजूद रहे।

### पुलिस मुठभेड़ में दो इनामी चोरों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता, कुशीनगर, अमृत विचार।** कोतवाली हाटा, थाना अहिरौली बाजार व स्वाट की संयुक्त टीम मंगलवार तड़के हाटा महुआडीह रोड पर पटनी पुलिया के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो युवक आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो युवकों ने पुलिस टीम पर फायर किया। जवाबी फायरिंग में दोनों युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम मुडाडीहा व हरिश्चन्द्र बरुवार निवासी ग्राम बल्दुपुरवा थाना धानेपुर जनाद गोण्डा के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो अदद देशी तमन्चा 315 बोर, दो कारतूस 315 बोर, दो अदद जिन्दा कारतूस, दो मोबाइल फोन, बिना नम्बर की बाइक व 25 हजार रुपया बरामदगी की गयी। बरामदगी किए गए। अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। गिरफ्तार अपराधियों पर गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महाराजगंज, बस्ती, गोंडा, चित्रकूट सहित कई जिलों में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हैं।

# सरयू का जलस्तर घटने के साथ कटान हुई तेज

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा तहसील क्षेत्र में सरयू नदी की कटान बढ़ती जा रही है। भीषण कटान करते हुए नदी धारा गायघाट और भौआपार गांव के करीब पहुंच गई है जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। अगर इसी तरह से कटान होती रही तो दोनों गांव के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगेंगे।

तहसील क्षेत्र में बढ़ रही सरयू नदी की कटान भौआपार, गायघाट गांव से लगभग 20 मीटर करीब पहुंच गई है। कटान होने से किसानों की खेती जहां नदी की धारा में विलीन होती जा रही है, वहीं किसानों पर घरों के नदी की धारा में विलीन होने की चिंता भी सताने लगी है। लगातार कटान करते हुए नदी गांव से महज 20 मीटर की दूरी पर पहुंच गई है। गांव निवासी चंद्रभान, बालेंद्र, इंद्रेश, सूरज अरुण, सुभाष शुक्ला आदि का कहना है कि सरयू की कटान थमने का नाम नहीं ले रही है। पिछले दो वर्षों से लगातार कटान करते हुए सरयू नदी अब गांव के पास पहुंच गई है। अगर इसी तरह से कटान जारी रही तो हम लोगों की खेती तो समाप्त ही हो चुकी है अब घर भी नदी की धारा में विलीन हो जाएगा और आने वाले दिनों में इन गावों का अस्तित्व भी समाप्त हो जाएगा। इस संबंध में पूछे जाने पर तहसीलदार योगेंद्र पांडेय ने बताया कि अभी सरयू नदी की कटान से ग्रामीणों के घरों पर कोई समस्या नहीं है। फिर भी तहसील प्रशासन द्वारा कटान पर बारीक निगाहें रखी जा रही हैं।



भीषण कटान के चलते नदी में विलीन हो रही धान की फसलें।

## जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की उठने लगी मांग

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** इस वर्ष मानसून ने जनपद वासियों को काफी निराश किया है। इस बार का भादों महीना जिले में सूखे का सबब साबित हुआ है। भादों महीने में एक भी अच्छी बारिश नहीं हुई है। जिसके चलते भीषण उमस भरी गर्मी से आम जनजीवन बेहाल है तो वहीं खेतों में खड़ी धान की फसलें सूखने लगी हैं। बताते चलें कि इन दिनों धान की फसलों में बालियां निकलने की शुरुआत होती है। इस समय धान की फसलों को बारिश की बड़ी आवश्यकता होती है। बारिश नहीं हुई तो फसलों की पैदावार बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। तमाम किसानों ने अपने धान की फसलों में पंपिंग सेट और अन्य संसाधनों से पानी देना शुरू कर दिया है। किसान हरिश्चंद्र, रामसुभग, अश्वनी कुमार, हीरालाल, रामनिवास, राम प्रताप, जनार्दन, दुर्गा प्रसाद आदि लोगों ने बताया कि धान की फसलों को इस समय बरसात के पानी की नितांत आवश्यकता है। खेतों में सिंचाई करने से पानी सिर्फ जड़ों तक ही पहुंचता है वहीं बरसात होती है तो पानी धान के पत्ते पत्ते तक और बाहर निकलने की तैयारी में जुटी बालियों तक पहुंच जाता है। जिससे धान की बालियां अच्छी निकलती हैं। किसानों का कहना था कि मौसम की ऐसी बेरुखी दशकों बाद देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र ही अच्छी बारिश नहीं हुई तो किसानों को तगड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। उनका कहना था कि इस समय होने वाली बरसात से रबी के फसलों के लिए किसान अपने खेतों की तैयारी में जुट जाते हैं। रबी के फसलों में लाही, सरसों, आलू की अगेती फसलों की बुआई का समय आ चुका है। बरसात नहीं होने से बिना सिंचाई के खेतों में रबी के फसलों की बुआई भी सम्भव नहीं दिख रही है। किसानों ने जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग किया है। जिससे किसानों को उनकी फसलों की क्षतिपूर्ति मिल सके और उन पैसों से वे रबी के फसलों की तैयारी कर सकें।



अभिमन्यु तिवारी को राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड देते अतिथि। अमृत विचार

## अभिमन्यु को मिला राष्ट्रीय सेवा रत्न अवॉर्ड

**कुशीनगर, अमृत विचार :** युवा समाजसेवी व तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के चन्द्रौटा निवासी अभिमन्यु तिवारी को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन व मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान समारोह नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केरल और नागालैंड के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार के उपस्थिति में विशिष्ट अतिथि हाकी के रूप में मौजूद मेजर ध्यानचंद के पुत्र व राष्ट्रीय हाकी टीम के पूर्व कप्तान अशोक ध्यान चंद व सिंगरामऊ रियासत के स्व. राजकुंवर विजय सिंह की धर्मपत्नी अंजू सिंह ने अभिमन्यु तिवारी को 38 बार के रक्तदान करने के बाद इन्हें यह सम्मान रविवार को राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान 2024 प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, मेडल और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके इस उपलब्धि पर क्षेत्र के अभिषेक तिवारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नवनीत तिवारी, गंगा तिवारी पुर्वप्रधान शम्भूनाथ तिवारी, पुनीत मिश्रा, राकेश तिवारी ने उन्हें बधाई दी।

# मेडिकल कालेज का निर्माण पूरा, गुणवत्ता की होगी जांच

## जिलाधिकारी ने की 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कार्यदाई संस्थावार कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम मेडिकल कालेज निर्माण कार्यों की समीक्षा दौरान कार्यदाई संस्था द्वारा कार्य पूर्ण हो जाने व शीघ्र हस्तानांतरण किए जाने की बात कही गई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कार्य की गुणवत्ता की जांच कर लिए जाने का निर्देश दिया गया।

फाजिलनगर के सीएचसी में 50 शैय्या हॉस्पिटल के निर्माण कार्यों के संबंध में एनपीसीसी द्वारा कार्यों में विलम्ब होने पर डीएम द्वारा स्पष्ट रूप से निर्धारित अवधि के अंदर कार्य पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। कृषि विश्व विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। कार्यदायी संस्था ने 20 अक्टुबर तक बिल्डिंग डिजाइनिंग का कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी। जेल निर्माण कार्य में डिजाइनिंग का कार्य पूर्ण होने सहित कार्य शुरू होने की जानकारी दी गई। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय फाजिलनगर कप्तानगंज, कसया, सेवरही, हाटा, सुकरौली, मोतीचक, दुदही, में छात्रावास के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक दौरान 132 केवी उप केंद्र पडरौना का निर्माण कार्य, तरया सुजान, जटहां, थाना विशुनपुरा, हनुमानगंज, पटहेरवा, तुर्कपट्टी, नेबुआ नौरंगिया, कसया, में हॉस्टल बैरक निर्माण कार्यों सहित, पुलिस लाइन में हॉस्टल बैरक निर्माण, अतिरिक्त न्यायालय कक्ष निर्माण, बुद्धा थीम पार्क परियोजना सहित लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्य सरैया खुर्द बिहार बॉर्डर, पडरौना बाईपास, तुर्कपट्टी समऊर मार्ग, पडरौना बांसी घाट मार्ग, जंगल बेलवा से खिरकिया तक के निर्माण कार्य, सहित अन्य सभी मार्गों के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई, इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी निर्माण कार्यों के गुणवत्ता सहित निर्धारित अवधि के अंदर सभी कार्यों को पूर्ण किए जाने का निर्देश दिए।



निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

## डीएम ने अधिवक्ताओं के साथ की बैठक

**कुशीनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिवक्ताओं के साथ एक औपचारिक बैठक की। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम अपना परिचय देते हुए समस्त उपस्थित अधिवक्ताओं का परिचय भी प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माननीय मुखमंत्री के द्वारा शासकीय कार्यो के अन्तर्गत सभी कोर्ट में समस्त राजस्व वादों की समीक्षा की जा रही है। राजस्व वादों का शीघ्र निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में से एक है।बैठक में स्वस्थ प्रशासनिक व्यवस्था कायम रखते हुए लंबित वादों को राजस्व संहिता के अनुरूप गुण-दोष के आधार पर नियमित राजस्व वादों के शीघ्र निस्तारण हेतु डीएम ने आश्वस्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्वांचल के क्षेत्रों में भूमि विवादों की बहुतायता देखने को मिलती है। शासन के निर्देश के क्रम में वादों के निस्तारण पर विशेष बल दिया जा रहा है। विभिन्न धाराओं में समयसीमा निर्धारित भी की गई है। कहा जाता है जस्टिस डीले जस्टिस डीनायड आप सभी को आश्वस्त करना चाहूंगा की नियमित अनुश्रणन करके राजस्व संहिता में उल्लेखित राजस्व प्राविधानों के अनुसार सारे कार्य स्वस्थ प्रणालियां के अनुरूप क्रियान्वित की जाएंगी। मतभेद होना स्वाभविक है, लेकिन नियमों के परिधि में रहकर वादकारियों को न्याय दिलाना राज्यहित में सर्वोपरि हैं। जिसमे आप लोगों से सहयोग की अपेक्षा है। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, मंत्री मृत्युंजय सिहं, सुरेश सिंह, भृखभान तिवारी, विरेन्द्र नाथ मिश्रा, गोविन्द पाण्डेय, रविन्द्र उपाध्याय आदि अधिकवक्तागण उपस्थित रहे।

## पुलिस जवानों ने किया बलवा नियंत्रण ड्रिल

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में त्यौहारों को सकुशल और भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर बलवा ड्रिल किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के लिए हर पल तत्पर रहने का निर्देश दिया। नवरात्रि, दशहरा और दीपावली आदि त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस टीम को दंगा निरोधक और बलवा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण और अभ्यास कराया गया। पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों और दंगा नियंत्रक उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिलाने के साथ ही दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके भी सिखाए गए।

# बैंक कर्मचारी रात में वसूली करने आएं तो लीड बैंक मैनेजर से शिकायत करें महिलाएं : डीएम

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने विगत बीते 17 सितंबर को महिलाओं द्वारा धनघटा क्षेत्र से भाजपा को सम्बोधित शिकायती पत्र में बताए गए तथ्यों के सम्बन्ध में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर प्रकरण की जांच करते हुए आख्या उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। इस सम्बन्ध में शिकायतकर्ताओं द्वारा बीते 13 सितम्बर को जिलाधिकारी को भी शिकायती पत्र सौंपा था। जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच समिति में लीड बैंक मैनेजर, उपायुक्त स्वतः रोजगार और उपायुक्त उद्योग केन्द्र शामिल रहे।

जांच समिति द्वारा 18 सितम्बर को सौंपी गई जांच में बताया कि कुछ प्राइवेट बैंकों द्वारा अधिक ब्याज पर लोन दिये जाने की शिकायत की जांच करने के लिए इनपके प्रतिनिधियों को बुलाया गया था। अधिक ब्याज दर के विषय में उनके द्वारा दो बातें बताई गई। बताया कि वे लोन पर 23.75 प्रतिशत वार्षिक व्याज चार्ज करते हैं लेकिन 30 हजार रुपए का लोन लेने पर 48 साप्ताहिक किस्तों में 33 हजार 600 रुपए की कुल धनराशि वसूलते हैं जो लगभग 10 प्रतिशत की ब्याज दर हुई। उनके द्वारा अपने अलग से अपने अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए आश्वासन दिया गया है। टीम ने बताया कि अन्य बैंकों के प्रतिनिधि जांच टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुए लेकिन उनके विषय में भी महिलाओं ने अधिक ब्याज दर लेने की शिकायत किया था। डीएम ने कहा कि महिलाओं को कहा गया है कि अगर सूर्यास्त के बाद वसूली के लिए कोई बैंक कर्मी आता है या अधिक ब्याज दर की मांग करता है तो वह लीड बैंक मैनेजर को अवगत कराएं। लीड बैंक मैनेजर का मोबाइल नम्बर सभी को उपलब्ध करा दिया गया है।

# घाट पर स्नान कर रहा छात्र डूबा, तलाश में जुटी पुलिस

संवाददाता, बस्ती

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अमहट घाट पर सोमवार की शाम दोस्तों संग नहाने आया किशोर नदी में डूब गया। सूचना मिलते ही घाट पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से लापता किशोर की तलाश में जुट गई।

कोतवाली के छितही नरसिंह निवासी शिवसागर कृषि विभाग में कार्यरत हैं। उनकी पत्नी शिखा जिला चिकित्सालय में स्टॉफ नर्स हैं। इनका परिवार वर्तमान में शहर के शिवा कॉलोनी में रह रहा है। बेटे ओम (17) ने इसी वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा पास की है और वह 11वीं का छात्र है। सोमवार को ओम अपने दोस्तों के साथ कुंआनो नदी के अमहट घाट पर गया था। नहाते वक्त वह गहरे पानी में डूब गया। यह देख साथ नहा रहे बच्चों के साथ अन्य लोगों ने शोर मचाकर मदद मांगी। लेकिन तब तक वह नदी में लापता हो गया।

## अनुपस्थित मिले दो डॉक्टर व आठ कर्मियों का वेतन बाधित

**बस्ती, अमृत विचार।** सीएमओ डॉ. आरएस दुबे ने सोमवार को एक सीएचसी, दो पीएचसी व एक सब सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान दो चिकित्सकों सहित 8 स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित पाए गए। सभी के एक दिन का वेतन बाधित करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है। सीएमओ सबसे पहले परशुरामपुर सीएचसी पहुंचे। यहां दो व कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इसके बाद सीएमओ सब सेंटर कोहराए पहुंचे। सेंटर पर ताला लगा मिला। परशुरामपुर सीएचसी अधीक्षक को निर्देशित किया कि दो दिन के अंदर सब सेंटर के कर्मचारी को उपस्थिति पंजिका के साथ कार्यालय में भेजें। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंकदरपुर में सभी मौजूद मिले। जगदीशपुर पीएचसी में फार्मासिस्ट अजीत, लैब टेक्नीशियन प्रभात कुमार अनुपस्थित मिले।

जागरूकता | स्वच्छ वातावरण में स्वच्छ मस्तिष्क का होता है विकास, नीलमणि

# झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** हैंसर बाजार-धनघटा नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भाजपा नेता नीलमणि ने मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत झाड़ू लगाने के साथ ही कूरे कचरे को वाहन में भरकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है।

तहसील परिसर धनघटा में सफाई करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि ने कहा कि स्वच्छता के प्रति देश के प्रधानमंत्री भी लोगों को जागरुक कर रहे हैं। हमें भी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए। स्वच्छता से ही हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग के विकास के लिए हमें स्वच्छ वातावरण को अपनाना चाहिए। स्वयं सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कहा कि घर के अगल-बगल कहीं कूडा कचरा इकट्ठा होने ना दें, कूरे कचरे को एक स्थान पर सुरक्षित रखें और प्लास्टिक का प्रयोग न करें। चेयरमैन प्रतिनिधि के स्वच्छता अभियान की लगातार सराहना हो रही है।




झाड़ू लगाकर कूड़े को कूड़ेदान में डालते चेयरमैन प्रतिनिधि। अमृत विचार


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत साखी रेत मे मत्सय जीवी सहकारी समिति लि: साखीरेत का गठन प्रस्तावित है। उक्त समिति का कार्य क्षेत्र न्याय पंचायत साखी रेत की समस्त ग्राम वासियों को रखा गया है। जिसमे सदस्यों को जोड़ने हेतु दिनाँक 05/10/2024 को ग्राम सभा बरगदही में श्री हरिश्याम सिंह कार्यकारी सचिव के निवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। उसी न्याय पचांयत के मछुआ समुदाय के इच्छुक व्यक्ति बैठक में उपस्थित होकर समिति की सदस्यता हेतु आवेदन कर सकते है।

**श्री सुखराम निषाद**
मुख्य प्रवर्तक
प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति साखीरेत – बलरामपुर

**श्री हरिश्याम सिंह**
सचिव
प्रस्तावित मत्स्य जीवी सह समिति साखी रेत – बलरामपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **गुलफिशा पत्नी नफीस अहमद, निवासिनी–सी–137, अबरार नगर, कल्याणपुर, लखनऊ,** मेरी पुत्री इरम पब्लिक स्कूल की छात्रा है। स्कूल के अभिलेखों में पुत्री का नाम इकरा अंकित है। यह कि मेरी पुत्री इकरा सिद्दीकी की नाम से जानी जाती है। अत: मेरी पुत्री का नाम स्कूल के अभिलेखों में इकरा के स्थान पर इकरा सिद्दीकी अंकित किया जाय।

### सूचना

मैं अपने पुत्र अनुप कुमार गुप्ता (टुनटुन) के अनैतिक कृत्यों के चलते समस्त चल अचल सम्पति व सम्बन्धों से बेदखल करती हूँ। **मालती देवी पत्नी स्व0 राम सूरत गुप्ता निवासी– मीरापुर डेराबीबी, अयोध्या, यूपी**

### सूचना

पहले मेरा नाम MOHAMMAD AZAD था जो मैंने बदलकर MOHD AZAD रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **– मो0 आजाद, कोतवाली नगर, इमामबाड़ा, गोण्डा**

### सूचना

मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2018 का अंकपत्र रोल नंबर 1314945 तथा इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2020 का अंकपत्र रोल नंबर 0880488 वास्तव में कहीं खो गए हैं। काफी खोज करने पर भी नहीं मिल सके हैं। **अंकित कुमार पुत्र राम जीवन निवासी ग्राम व पोस्ट– हरई पुर थाना – बेहटा मुजावर, परगना व तहसील – बांगरमऊ, जिला – उन्नाव**

### NOTICE

I declare that I have passed ICSE (Class 10) in 2022 with my UID No. 7696230 and Index No. 1223834/158 and ISC (Class 12) in 2024 with UID No. 7696230 and Index No. 2241745/091 from Jesus & Mary School and college Balrampur and the correct name of my father is Anil Kumar and the correct name of my mother is Anita. Praveen Kumar Singh S/O Anil Kumar R/O Mohalla Pahlwara, Balrampur-271201 (U.P.), Mob#9450957151.

### सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम Khusbuddeen था जो मैंने बदलकर Khusbuddeen Khan रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये I–S/o Mohammad Saleem, Address - Vill- Khaira Hasan, Post- Turahni Rajjab, Bahraich

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट नम्बर U1107146 मे मेरा नाम Mohammad Taiyab अंकित हो गया है जो कि गलत है मेरे आधार कार्ड व मार्कशीट में मेरा नाम Mohd Taiyab पुत्र Samiurrahman जो सही है **ग्राम बौडिहार सुखुईया, उत्तरौला, बलरामपुर उ0प्र0 271604**

### सूचना

मेरे पासपोर्ट No- J3313452 में पहले मेरा नाम MOHAMMAD NAIM व जन्मतिथि 01/01/1976 दर्ज है सही नाम MO. NAEEM व जन्मतिथि 01/01/1983 है, भविष्य में मुझे इसी नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाए–ADD S/o Mohammad Ajeem, Kazi Pur-2, Fatehpur, Barabanki, Uttar Pradesh-225305

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल निवासी ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज जनपद जौनपुर ही लेकिन मेरे अभिलेख में मेरा नाम त्रुटि बस ऋतिक जायसवाल हो गया है जो सही नहीं है। मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल ही जाना एवं समझा जाए। **– सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल, निवासी– ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज, जनपद जौनपुर**


## कार्यालय उपजिलाधिकारी उत्तरौला जनपद बलरामपुर।

पत्रांकः- 780/र0का0 (गांव सभा मत्स्य पालन आवंटन-ज्ञाप)/2024-25 दिनांक- 18/09/24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित तालाबों/पानी/जलमग्न भूमियों/पोखर का दस वर्षीय मत्स्य पालन आवंटन उ०प्र० राजस्व संहिता नियमावली 2016 के नियम-57(5) 58(1) में उल्लिखित पात्र व्यक्तियों / सहकारी समितियों में दिनाँक 18.10.2024 (दिन शुकवार) को किया जायेगा। एक ही तालाब/पानी/जलमग्न के लिए दो या दो अधिक पात्र व्यक्तियों / सहकारी समितियों के पाये जाने पर तालाबो का आवंटन नीलामी के आधार पर किया जायेगा, नीलाम अधिकारी तहसीलदार उत्तरौला होंगे। प्रार्थना पत्र नियत तिथि पर समय दिन में 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक ही लिया जायेगा। इसके उपरान्त प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। नीलामी की धनराशि 25 प्रतिशत तत्काल जमा करना होगा तथा शेष धनराशि 15 दिवस के अन्दर जमा करना होगा।

(क) 0.2020 हे0 से अधिक तथा 2.0230 हे0 से कम । (लगान 1000 से कम नहीं 2000 से अधिक नहीं)

| क्रम सं० | ब्लाक का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | तालाब पानी / जल मग्न भूमि/पोखर विवरण | | आरक्षित बोली की धनराशि प्रति एकड़ | नीलामी तिथि व समय | बोली बोलने के लिए जमानत राशि (आरक्षित बोली का 25 प्रतिशत) | नीलामी का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | गाटा संख्या | क्षेत्रफल (हे० में०) | | | | |
| 01. | 02. | 03. | 04. | 05. | 06. | 07. | 08. | 09. |
| 1 | उतरौला | बस्ती | 201 | 0.320 | 1000 से कम नहीं 2000 से अधिक नहीं प्रति एकड़ | दिनांक 18.10.2024 11 बजे से 2 बजे तक | आरक्षित बोली का 25 प्रतिशत | तहसील सभागार उतरौला |
| 2 | ,, | ,, | 87 | 0.304 | | | | |
| 3 | ,, | बरमभारी | 312 | 0.295 | | | | |
| 4 | ,, | गेहरौला | 159 | 0.275 | | | | |
| 5 | ,, | ,, | 33 | 0.247 | | | | |
| 6 | ,, | टेढवा ऐमा | 3 | 0.255 | | | | |
| 7 | ,, | ,, | 13 | 0.417 | | | | |
| 8 | ,, | मानापार बहेरिया | 581 | 0.340 | | | | |
| 9 | ,, | ,, | 1102, | 0.340 | | | | |
| 10 | ,, | भेदपुर | 50 | 0.594 | | | | |
| 11 | ,, | बरायल | 283 | 0.417 | | | | |
| 12 | ,, | ,, | 113 | 0.243 | | | | |
| 13 | ,, | राजपुर माफी | 78 | 0.348 | | | | |
| 14 | ,, | ,, | 31 क | 0.206 | | | | |
| 15 | ,, | देवरिया अर्जुन | 54 | 0.555 | | | | |
| 16 | ,, | बड़हरा भिटौरा | 395 | 0.450 | | | | |
| 17 | ,, | बडहरा कोट | 1120 ख | 0.316 | | | | |
| 18 | ,, | रामपुर मुरार | 161 | 1.316 | | | | |
| 19 | श्रीदत्तगंज | सहदेईया | 50 क | 0.405 | | | | |
| 20 | ,, | ,, | 61 | 0.210 | | | | |
| 21 | ,, | बनगंवा | 603 | 0.628 | | | | |
| 22 | ,, | चवई बुर्जुग | 625ख | 1,408 | | | | |
| 23 | ,, | मुजहनी | 415 | 0.494 | | | | |
| 24 | ,, | ,, | 541 | 1.036 | | | | |
| 25 | ,, | इटई मैदा | 452ग | 0.271 | | | | |
| 26 | ,, | कपौवा शेरपुर | 261 | 0.308 | | | | |
| 27 | ,, | ,, | 213 | 0.206 | | | | |
| 28 | ,, | मनियरिया मुस्त० | 167 ख | 0.364 | | | | |
| 29 | ,, | पिपरा रामचन्दर | 81 | 0.227 | | | | |
| 30 | ,, | ,, | 8 | 0.231 | | | | |
| 31 | ,, | ,, | 876 | 0.413 | | | | |
| 32 | ,, | ,, | 784 | 0.402 | | | | |
| 33 | गैण्डास | टेढ़वा तप्पावांक | 471 | 0.672 | | | | |
| | बुजुर्ग | गुरत0 | | | | | | |
| 34 | ,, | कैथोलिया सलेमपुर | 340 | 1.002 | | | | |
| 35 | रेहरा | अलाउद्दीनपुर | 022 | 0.227 | | | | |
| 36 | ,, | अतरौरा | 148क | 0.063 | | | | |
| 37 | ,, | किशुनपुर सागर | 407ड | 0.607 | | | | |
| 38 | ,, | मनुवागढ़ | 407 | 0.266 | | | | |
| (ख) बड़े तालाबो का पट्टा 2.0230 हे0 से अधिक (2हे0 से ऊपर तालाब का लगान 4 हजार प्रति एकड़) | | | | | | | | |
| 39 | उत्तरौला | घरगभारी | 1 मि0 | 2.001 | | | | |
| 40 | ,, | पुरैनिया जाट | 113 | 2.101 | | | | |
| 41 | श्रीदत्तगंज | रांझवल प्रेगनगर | 607स | 0.000 | | | | |
| 42 | ,, | इटई गैदा | 547च | 23.844 | | | | |
| 43 | ,, | इटई गैदा | 70ग | 2.185 | | | | |
| 44 | ,, | इटई गैदा | 80 | 2.305 | | | | |
| 45 | ,, | इटई गैदा | 150ख | 2.533 | | | | |
| 46 | ,, | वाजिदपुर | 204 | 2.704 | | | | |
| 47 | ,, | शाहपुर इटई | 1399क | 2.050 | | | | |

नोटः-01. मत्स्य पालन के इच्छुक व्यक्तियों/गत्रय पालक समितियों के अध्यक्ष / सचिव/ सदस्यों को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त विज्ञापित / प्रकाशित गाटा संख्याओं के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण कर अथवा क्षेत्रीय लेखपाल से सम्पर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

02. यदि कोई भी पूर्व आवंटित / त्रुटिपूर्ण गाटा प्रकाशित हो जाता है तो तथ्य प्रकाश में आने पर वह स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

03. नीलागी की स्थिति में बोली में भाग लेने वाले व्यक्तियों को छः माह के अन्दर जारी किया हुआ जाति व निवास एवं आय प्रमाण पत्र तथा सहकारी समितियों को छः माह के अन्दर जारी सक्रियता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

04. नीलामी प्रक्रिया में बोली बोलने की पात्रता व शर्ते शासनादेश व राजस्व संहिता नियमावली 2016 में प्रतिपादित प्रक्रिया अनुसार होगी, जो तहसील एवं राजस्व परिषद की वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलभ है। पट्टे की शर्ते व नीलामी से सम्बन्धित किसी प्रकार की अन्य जानकारी नीलामी से पूर्व रजिस्ट्रार कार्यालय तहशील उतरौला से किसी भी कार्य दिवस प्राप्त की जा सकती है।

(अवधेश कुमार)
उपजिलाधिकारी
उतरौला।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूँ (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 आटा मैदा मैदा 3000–3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 76,500 |
| सोना रवा | 76,350 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 89,800 |
| चांदी (999) | 89,700 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# एसएंडपी ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.8 प्रतिशत पर रखा बरकरार

### रेटिंग्स एजेंसी को उम्मीद- आरबीआई मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में करेगा कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- ठोस वृद्धि से मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने पर आरबीआई कर सकेगा ध्यान केंद्रित



एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.8% पर मंगलवार को बरकरार रखा और कहा कि उसे उम्मीद है कि आरबीआई अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.9% बरकरार रखा है। इसमें कहा गया कि भारत में ठोस वृद्धि से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रास्फीति को अपने लक्ष्य के अनुरूप लाने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। एजेंसी ने कहा कि भारत में अप्रैल-जून तिमाही में उच्च ब्याज दरों ने शहरी मांग को प्रभावित किया और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर धीमी रही। हालांकि यह 2024-25 के लिए हमारे सकल घरेलू उत्पाद के 6.8% की दर के अनुमान के अनुरूप है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2% की दर से बढ़ी थी। एसएंडपी ने कहा कि हमारा परिदृश्य यथावत बना हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई जल्द से जल्द अक्टूबर में दरों में कटौती शुरू कर देगा और चालू वित्त वर्ष (मार्च 2025 में समाप्त होने वाले) में दो बार दरों में कटौती की योजना बनाएगा। एसएंडपी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 4.5% रहेगी।

### सरकार का मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रखने का है लक्ष्य

सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति को दोनों तरफ दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है। आरबीआई की ब्याज दर निर्धारित करने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक सात से नौ अक्टूबर को होने वाली है। मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2023 से नीतिगत दर को 6.5% पर यथावत रखा है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने भी अपनी नीतिगत ब्याज दर में 0.50% की कटौती की है। इसके बाद आरबीआई के अगले महीने इसमें 0.25% की कटौती करने की उम्मीद है।

## 85,000 अंक लांघने के बाद फिसला सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 85,000 अंक और एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के पार पहुंचा। हालांकि, बाद में दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और कुछ बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी स्थिर रुख के साथ बंद हुए।



- एनएसई के निफ्टी ने भी 26,000 अंक को किया पार

सेंसेक्स 14.57 अंक यानी 0.02% की गिरावट के साथ 84,914.04 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह के कारोबार में 85,000 अंक पहुंचा था। यह 234.62 अंक यानी 0.27% की बढ़त के साथ उच्चतम स्तर 85,163.23 अंक पर पहुंच गया। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए चीन द्वारा प्रोत्साहन उपायों की घोषणा से धातु शेयरों को गति मिली। दोपहर में रिकॉर्ड स्तर पर मुनाफावसूली से यह दिन के निचले स्तर 84,716.07 अंक तक आ गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार नीचे आया। एनएसई का निफ्टी 1.35 अंक यानी 0.01% की बढ़त के साथ 25,940.40 अंक पर बंद हुआ। यह 72.5 अंक चढ़कर नये रिकॉर्ड स्तर 26,011.55 अंक तक चला गया था।

## कीमत स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी : दास

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई गवर्नर बोले- केंद्रीय बैंकों को नियमन और निगरानी के उपायों को अपनाना चाहिए



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि कीमत स्थिरता और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी है। अगर केंद्रीय बैंक मूल्य स्थिरता को प्राथमिकता देता है और इसके लिए बड़े स्तर पर वृद्धि के साथ समझौता करता है ऐसी परिस्थिति में दोनों के बीच सामंजस्य बैठाने की जरूरत पड़ती है। दास ने काठमांडू में कहा कि अर्थव्यवस्था की मदद के लिए, केंद्रीय बैंकों को मौद्रिक नीति के साथ नियमन और निगरानी जैसे उपायों को अपनाना चाहिए।

उन्होंने नेपाल राष्ट्र बैंक के हिमालय शमशेर स्मृति व्याख्यान में कहा कि मूल्य स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मूल्य स्थिरता के लिए वृद्धि को छोड़ा जाता है। दास के अनुसार, यह हो सकता है कि मूल्य स्थिरता के लिए उपाय वित्तीय स्थिरता के लिए उपयुक्त नहीं हों। हाल ही में कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ऐसा ही देखा गया। वहां जब सख्त मौद्रिक नीति ने बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संदर्भ में आरबीआई के कार्य मूल्य स्थिरता से कहीं अधिक व्यापक हैं और इसमें वित्तीय स्थिरता बनाए रखना शामिल है। दास ने कहा कि इससे हमें अर्थव्यवस्था के बारे में समग्र दृष्टिकोण अपनाने, तालमेल के साथ आगे बढ़ने और हमारे पास जो भी साधन हैं, उसका उपयोग कर कदम उठाने में मदद मिलती है।

## बैंक जमाराशि वृद्धि में कमी से बॉण्ड से धन जुटाने के लिए मजबूर : इक्रा

मुंबई, ,एजेंसी

- 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से किए जाएंगे जारी

धीमी जमा वृद्धि से बैंकों को चालू वित्त वर्ष 2024-25 में बॉण्ड जारी कर 1.3 लाख करोड़ तक जुटाने पर मजबूर होना पड़ेगा। मंगलवार को रिपोर्ट में यह बात कही गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, बॉण्ड की राशि 1.2-1.3 लाख करोड़ रुपये के बीच होगी और यह अभी तक का सर्वाधिक है। यह बॉण्ड राशि ऐसे समय में जारी होगी जब जमा तथा ऋण वृद्धि के बीच लगातार अंतर जारी है। 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा जारी किए जाएंगे।

इसी के साथ ऋणदाताओं के बीच बुनियादी ढांचा बॉण्ड के लिए बढ़ती मांग बाजार को गति प्रदान करेगी। एजेंसी ने कहा कि नकदी की कठिन परिस्थितियों तथा ऋण वृद्धि के जमा वृद्धि से अधिक होने के कारण बैंकों के लिए वैकल्पिक स्रोतों से धन जुटाना आवश्यक हो गया है। बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में बॉण्ड जारी कर एक लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। इससे पहले 2022-23 में 1.1 लाख करोड़ जुटाए गए थे, जो मौजूदा बॉण्ड राशि से पहले सर्वाधिक था।

## उद्योग जगत से चार लाख करोड़ की ऋण मांग : एसबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा है कि बैंक को भारतीय उद्योग जगत से चार लाख करोड़ रुपये के कर्ज की मांग मिल चुकी है। उन्होंने 2024-25 की दूसरी छमाही में निजी क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय में तेजी आने की उम्मीद भी जतायी। शेट्टी ने कहा कि हम निजी पूंजीगत व्यय में अच्छी रुचि देख रहे हैं। बुनियादी ढांचे के लिए वित्तपोषण मुख्य रूप से सड़कों, नवीकरणीय ऊर्जा और कुछ रिफाइनरियों से आ रहा है। सार्वजनिक व्यय की बात करें तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 11.1% बढ़ाकर रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ कर दिया था। यह देश के जीडीपी का 3.4% है। शेट्टी ने कहा कि कुछ कंपनियों ने पुरानी परियोजनाओं का विस्तार शुरू किया है, जिसके लिए पूंजीगत व्यय का वित्तपोषण उनके नकदी स्रोतों से किया गया है।

## फर्जी पंजीकरण : 10,700 जाली कंपनियों का लगा पता

नई दिल्ली, एजेंसी

- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 20 राज्य करेंगे आधार प्रमाणीकरण शुरू

कर अधिकारियों ने जीएसटी के तहत 10,700 फर्जी पंजीकरण का पता लगाया है, जिनमें 10,179 करोड़ की कर चोरी शामिल है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य शशांक प्रिय ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण के लिए आधार प्रमाणीकरण पहले से ही 12 राज्यों में लागू है और चार अक्टूबर तक अन्य चार राज्य को भी इसमें शामिल किया जाएगा। अंततः मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित 20 राज्य आधार प्रमाणीकरण शुरू करेंगे।

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के कार्यक्रम में शशांक प्रिय ने कहा कि भविष्य में कर अधिकारी नए करदाताओं पर उनके जोखिम प्रोफाइल के आधार पर कुछ पाबंदियां भी लगा पाएंगे।

## चीनी बैंक ने आरक्षित दरों में की कटौती

**बीजिंग।** चीनी केंद्रीय बैंक ने संपत्ति क्षेत्र में मंदी से निपटकर सुस्त अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से कई कदम उठाने की मंगलवार को घोषणा की। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर पैन गोंगशेंग ने कहा कि बैंकों के लिए आवश्यक आरक्षित दर (रिजर्व रेट) में 0.5% की कटौती होगी तथा केंद्रीय बैंक इसमें और भी कटौती करेगा। केंद्रीय बैंक शेयर बाजार के स्थिर विकास में सहयोग के लिए नयी नीतियां बना रहा है। दूसरा घर खरीदने वालों के लिए अग्रिम भुगतान की अनिवार्यता 15% होगी तथा गिरवी दरों में कटौती होगी।



## एक नजर

### सुरक्षबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि चिंतलनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिंतावागू नदी के किनारे जंगल में हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। सोमवार को चिंतलनार थाना और मुकरम गांव स्थित शिविर से जिला बल, जिला रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को करकनगुड़ा और गांव में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

### कोलकाता में एक हिस्से को छोड़कर ट्राम सेवा होगी बंद

**कोलकाता।** बंगाल सरकार ने मैदान से एस्प्लेनेड तक एकमात्र हेरिटेज खंड को छोड़कर कोलकाता में 150 साल पुरानी ट्राम सेवा को बंद करने का फैसला किया है। राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने यह जानकारी दी। हालांकि, ट्राम प्रेमियों ने इस फैसले के विरोध में सड़कों पर उतरने का फैसला किया है। कोलकाता देश का एकमात्र ऐसा शहर है, जहां ट्राम का संचालन जारी है।

### मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रोहिणी के प्रेम नगर इलाके में अपने घर के पास खड़े एक टेम्पो का शीशा तोड़ने पर मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि घटना के सिलसिले में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना प्रेम नगर के अगर नगर इलाके में हुई। दीपक (32) खड़ा था तभी कुछ लोगों ने उस पर रॉड और डंडों से हमला कर दिया।

# मुठभेड़ में मृत शिंदे के खिलाफ केस दर्ज, जांच के आदेश

### बदलापुर यौन शोषण : गोलीबारी की घटना के वक्त शिंदे को नवी मुंबई की तलोजा जेल से लाया जा रहा था ठाणे

ठाणे, एजेंसी

ठाणे पुलिस ने पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी के लिए बदलापुर यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। साथ ही आरोपी की आकस्मिक मौत का भी मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने पहले बताया था कि सोमवार शाम को जिस वक्त गोलीबारी हुई, उस वक्त शिंदे को उसकी पूर्व पत्नी की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में नवी मुंबई की तलोजा जेल से ठाणे जिले के बदलापुर ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, इस घटना में शिंदे की मौत हो गई थी।



आरोपी अक्षय शिंदे के मुठभेड़ में मार जाने के बाद वैन की जांच करती फोरेंसिक टीम।

### आरोपी के रिश्तेदारों ने पुलिस के दावे पर सवाल उठाया

**ठाणे।** बदलापुर यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के परिजनों ने पुलिस के इस दावे को चुनौती दी है कि पहले अक्षय ने पुलिसकर्मी पर गोली चलाई, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसकी मौत हो गई। शिंदे के परिजनों ने दावा किया कि पुलिस ने जुर्म कबूलने के लिए उस पर दबाव बनाया था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि शिंदे की मौत संबंधी घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

शिंदे (24) पर बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न का आरोप है। बदलापुर के एक स्कूल में संविदा सफाईकर्मी शिंदे को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।

### आरोपी की मौत की जांच करेगी सीआईडी

**मुंबई।** महाराष्ट्र का अपराध जांच विभाग (सीआईडी) बदलापुर के आरोपी अक्षय शिंदे की मौत की जांच करेगा। फॉरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों के दल ने मंगलवार को उस पुलिस वाहन की जांच की, जिसमें पुलिसकर्मी ने शिंदे को गोली मारी थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चूंकि यह घटना पुलिस हिरासत में मौत से जुड़ी है अतः इसकी जांच महाराष्ट्र सीआईडी करेगी। सीआईडी अधिकारियों का दल मुंब्रा बाईपास जाएगा जहां घटना हुई। वे उन पुलिसकर्मियों का बयान दर्ज करेंगे जो घटना के वक्त वाहन में थे। सीआईडी शिंदे के माता-पिता के बयान भी दर्ज करेंगे। शिंदे के शव का पोस्टमार्टम मुंबई के जेजे हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में हुआ। शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने बेटे की हत्या की जांच की मांग की है।

### राउत बोले- सरकार स्कूल प्रबंधन का बचाव कर रही

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने अक्षय शिंदे की मुठभेड़ में मौत पर संदेह जताया और दावा किया कि राज्य सरकार स्कूल प्रबंधन के बचाव का प्रयास कर कर रही है। यह मुठभेड़ संदिग्ध है, लेकिन ऐसे आरोपी के प्रति सहानुभूति दिखाने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह हत्या या मुठभेड़ मुख्य आरोपी (स्कूल प्रबंधन) का बचाव करने के लिए की गई थी।

## लेखा परीक्षण से धन की सुरक्षा के साथ जन विश्वास बढता है: मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी



- लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16वीं सभा का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि लेखा परीक्षण संस्थान लेखा परीक्षण और आकलन से न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनविश्वास बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा आयोजित लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16 वीं सभा का उद्घाटन किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि वित्तीय दुनिया अक्सर गैर पारदर्शी लेखांकन प्रथाओं से घिरी रहती है। ऐसी स्थिति में स्वतंत्र सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक संसाधनों को कुशलतापूर्वक, प्रभावी ढंग से और ईमानदारी के साथ प्रबंधित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों के लेखा परीक्षण और आंकलन न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि कैग देश की सार्वजनिक वित्त व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान: हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पत्नी के जीविकोपार्जन में सक्षम होने से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पत्नी के जीविकोपार्जन के लिए सक्षम होने की वजह से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता। अदालत ने कहा कि पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने निचली अदालत द्वारा पत्नी को भरण-पोषण देने के निर्देश के खिलाफ पति की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि महिलाएं परिवार की देखभाल करने, बच्चों की जरूरतों और पति तथा उसके माता-पिता की देखभाल के लिए नौकरी छोड़ देती हैं। याचिकाकर्ता पति के बारे में कहा जा रहा है कि उसने पत्नी और बच्चों को छोड़ दिया है और वह दूसरी महिला के साथ रह रहा है। निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को अपनी पत्नी को भरण-पोषण के रूप में 30,000 रुपये प्रतिमाह देने का आदेश दिया था, साथ ही उसे मानसिक यातना, अवसाद और भावनात्मक पीड़ा आदि के लिए पांच लाख देने का आदेश दिया था। निचली अदालत ने उसे अपनी पत्नी को मुआवजे के तौर पर तीन लाख देने का निर्देश दिया था, जिसमें मुकदमेबाजी की लागत के रूप में 30,000 रुपये शामिल हैं।

## राहुल ने भाजपा से पूछा- क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा

नई दिल्ली, एजेंसी



- बेरोजगारी की समस्या को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा को घेरा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा में बेरोजगारी की समस्या को लेकर मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और सवाल किया कि आख़िर राज्य के युवा डंकी होने पर मजबूर क्यों हैं? उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनते ही ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जिसमें युवाओं को सपनों के लिये अपनों से दूर नहीं होना पड़ेगा। यहां डंकी का तात्पर्य अवैध तरीके से दूसरे देश में जाने से है जिसे डंकी फ़्लाइट भी कहा जाता है।

राहुल गांधी ने अमेरिकी दौरे पर भारत से अमेरिका जाने वाले कुछ लोगों से मुलाकात की थी। इनमें से एक अमित भी थे जिनके परिवार से कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को करनाल जाकर मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने इसका वीडियो एक्स पर साझा करते हुए पोस्ट किया कि क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा? भाजपा द्वारा फैलाई बेरोज़गारी की बीमारी की कीमत लाखों परिवार अपनों से दूर हो कर चुका रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका यात्रा के दौरान हरियाणा के उन युवाओं से मुलाकात हुई जो घर परिवार से दूर खुद को पराए मुल्क में खपा रहे हैं। भारत लौटने पर जब उनके परिवार से मिला तो उनकी आंखें दर्द से छलक उठीं।

### भाजपा ने बेरोजगारी की महामारी फैलाई : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच अक्टूबर को होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। प्रदेश में कुल 4.5 लाख सरकारी पद हैं जिनमें से 1.8 लाख पद खाली पड़े हैं। भाजपा ने हरियाणा के युवाओं से भविष्य की सारी उम्मीदें छीनकर उनके साथ घोर अन्याय किया है।

## ऑटो-ट्रक की भिड़ंत में 6 की मौत, 3 घायल

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में कटनी राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर ट्रक ने ऑटो को कुचल दिया, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि समन्ना गांव के पास ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर कलेक्टर और एसपी के साथ एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए दमोह से जबलपुर तक कॉरिडोर भी बनाया गया। क्रेन की मदद से ऑटो को ट्रक के नीचे से निकाला गया। घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया।

## महिला को किराये के मकान में मिले गुप्त कैमरे, मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में महिला किरायेदार के बेडरूम और स्नानकक्ष में गुप्त कैमरे लगाने के आरोप में 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रही महिला कुछ महीनों से इस मकान में अकेली रहती थी और शहर से बाहर जाने पर वह मकान मालिक के बेटे करण को चाबियां दे देती थी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि महिला को व्हाट्सअप में असामान्य गतिविधि दिखी। जांच के बाद उसने पाया कि उसका व्हाट्सएप एकाउंट अज्ञात लैपटॉप पर लॉगइन है। उसने स्नानकक्ष में बल्बहोल्डर में कैमरा देखा और पीसीआर कॉल की, पुलिस ने उसके बेडरूम में कैमरा मिला।

- व्हाट्सएप में असामान्य गतिविधि से हुआ मामले का खुलासा

## आरटीआई पोर्टल को लेकर 11 राज्यों से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष अदालत के फैसले के बावजूद अब तक नहीं शुरू हुआ पोर्टल

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत पोर्टल शुरू करने के लिए दाखिल याचिका पर आंध्र प्रदेश और झारखंड सहित 11 राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत के 2023 के फैसले के बावजूद इन राज्यों ने अब तक पोर्टल नहीं शुरू किया है। न्यायालय ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश और उच्च न्यायालयों को तीन महीने में आरटीआई वेबसाइट शुरू करने का निर्देश दिया था। अदालत ने रेखांकित किया था कि इस सुविधा से सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पादीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता अनुज नकाडे के वकील की दलील पर संज्ञान लिया जिन्होंने बताया कि 11 राज्यों ने अब तक अपनी आरटीआई वेबसाइट शुरू नहीं की है।

## प. बंगाल में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे

**कोलकाता।** प. बंगाल में जलपाईगुड़ी जिले के न्यू मैनागुड़ी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह छह बजकर 20 मिनट पर यह घटना हुई, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। गुवाहाटी से आ रही यह मालगाड़ी न्यू जलपाइगुड़ी जा रही थी। अलीपुरद्वार के संभागीय रेलवे प्रबंधक (डीआरएम) अमर जीत गौतम ने बताया कि इस मार्ग पर साढ़े 12 बजे ट्रेनों का यातायात बहाल कर दिया गया। क्षतिग्रस्त डिब्बों को पटरी से हटाया जा रहा है और पटरी से गुजर रहे तारों को दुरूस्त कर लिये जाने के बाद सामान्य (ट्रेन) परिचालन बहाल हो जायेगा।

- गुवाहाटी से आ रही मालगाड़ी न्यू जलपाइगुड़ी जा रही थी

## स्कूल सुरक्षा के निर्देश अधिसूचित करें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी



- पीठ ने गैर सरकारी संगठन बीबीए याचिका पर की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा पर केंद्र के दिशानिर्देश अधिसूचित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2021 में जारी दिशानिर्देशों को लागू करने का अनुरोध किया गया था। गैर सरकारी संगठन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का ने कहा कि आज तक केवल पांच राज्यों ने केंद्र के 2021 के स्कूल सुरक्षा और संरक्षा पर दिशानिर्देश को अधिसूचित किया है। पीठ ने वर्ष 2019 की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वरिष्ठ वकील ने कहा कि याचिका में उन अभिभावकों की आशंका को दर्शाने का प्रयास किया गया है, जो अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। याचिका में कहा गया है कि दिशानिर्देशों का उद्देश्य और लक्ष्य, सभी बच्चों को हर प्रकार के शोषण और दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके शारीरिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और नैतिक कल्याण की गारंटी देने के लिए एक व्यापक कानून बनाना है।

# टीम की तैयारियों से खुश हूं : हरमनप्रीत कौर

- 20 अक्टूबर से यूएई में खेला जाएगा महिला टी-20 विश्वकप


मुख्य कोच मजूमदार के साथ पत्रकारों से वार्ता करतीं कप्तान कौर। ● एजेंसी

मुंबई, एजेंसी

हरमनप्रीत कौर लंबे समय से खिताब के करीब पहुंचकर चूकने के अहसास से परेशान हैं लेकिन भारतीय कप्तान को लगता है कि उनकी टीम ने तीन से 20 अक्टूबर तक यूएई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने की दावेदारी पेश करने के लिए अच्छी तैयारी की है।

वर्ष 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारत केवल एक बार 2020 में फाइनल में पहुंचने में सफल रहा है और तब वे ऑस्ट्रेलिया से हार गए थे। भारत 2017 में महिला एकदिवसीय विश्व कप फाइनल भी खेला और वहां भी उप विजेता रहा। हरमनप्रीत दोनों टीमों का हिस्सा रहीं और उन्होंने 2020 टी-20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व भी किया था। टी-20 विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले हरनमप्रीत ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह सर्वश्रेष्ठ टीम है जिसके साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। खिलाड़ी लंबे समय से एक साथ खेल रहे हैं। हम पिछली बार इतने करीब आ गए थे और सेमीफाइनल (2023) में हार गए। हमारी सभी विभागों में तैयारी काफी अच्छी है। जुलाई के अंत में एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद से भारतीय टीम को खेलने का मौका नहीं मिला है।

टीम ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में एक व्यापक तैयारी शिविर में हिस्सा लिया जहां खिलाड़ियों ने फिटनेस और क्षेत्ररक्षण में बहुत समय बिताया। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां टीम अतीत में कमजोर रही है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य कोच अमोल मजूमदार और मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड भी मौजूद थे। अब तक सभी टी-20 विश्व कप में खेलने वाली हरमनप्रीत ने कहा एशिया कप के दौरान हमने अच्छी क्रिकेट खेली, एक दिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं। हरमनप्रीत ने अपने लगभग डेढ़ दशक के करियर में कई वैश्विक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन उन्हें लगता है कि वह अब भी अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप की तरह ही उत्साहित हैं।

### मानसिक ट्रेनिंग को भी दी तरजीह : मजूमदार

मुख्य कोच मजूमदार में बेंगलुरू में ट्रेनिंग शिविर पर अधिक प्रकाश डाला। हमने कुछ चीजों की पहचान की (श्रीलंका से हार के बाद) और हमने अगले शिविर में इन पर काम किया। हमने पहले फिटनेस और क्षेत्ररक्षण शिविर लगाया। फिर हमने 10 दिन का कौशल शिविर लगाया। हमने एक खेल मनोवैज्ञानिक (मुग्धा बावरे) को भी बुलाया। वह टीम के साथ शानदार रहीं। हमने एथलेटिक क्षमता, ऑलराउंड क्षेत्ररक्षण क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया, योग सत्र और मनोवैज्ञानिक सत्र भी जोड़े गए। बांग्लादेश में अशांति के कारण इस टूर्नामेंट को वहां से यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

**ब्रिस्बेन।** गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद एलिस पेरी (36) और एश्ली गार्डनर (33) की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मुकाबले पांच गेंदे शेष रहते न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हरा दिया हैं। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 146 रन का स्कोर बनाया।

आज यहां 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 26 के स्कोर पर उसने बेथ मूनी (6) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जॉर्जिया वेयरहम ने कप्तान अलीसा हीली के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में एमेलिया केर ने अलिसा हीली (27) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। तीसरे विकेट के रूप में जॉर्जिया वेयरहम (26) रन और एलिसा पेरी 29 गेंदों में (36) रन बनाकर आउट हुई। फीबी लिचफील्ड (5) और तालिया मैक्ग्रा (6) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 148 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## पैरालंपिक पदक विजेता व पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों को मिलेंगे नकद पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने पिछले महीने पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले देश के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कुल 50 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पेरिस खेलों में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते थे।

पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में स्वर्ण जीतने वाले नितेश कुमार को 15 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा रजत पदक विजेता सुहास यथिराज (पुरुष एकल एसएल4) और तुलसीमति मुरुगेसन (महिला एकल एसयू5) को 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। कांस्य पदक विजेता मनीषा रामदास और नित्या श्री सिवन (महिला एकल एसएच6 श्रेणी) प्रत्येक को सात लाख 50 हजार रुपये मिलेंगे। तुलसीमति, मनीषा और नित्या ने पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया।

## खेल डायरी

### राफेल नडाल स्पेन की डेविस कप टीम में शामिल



**मैड्रिड।** स्पेन ने डेविस कप के लिए अपनी टीम में फिटनेस से जूझ रहे दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को टीम में जगह दी है। नवंबर में होने वाले इस टेनिस टूर्नामेंट के लिए 38 वर्षीय राफेल नडाल को कार्लोस अल्काराज, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, पाब्लो कैरेनो बुस्टा और मार्सेल ग्रैनोलर्स के साथ स्पेन की टीम में जगह दी गई है। डेविड फेरर टीम के कोच होंगे। उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। ओलंपिक के बाद नडाल को फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण यूएस ओपन और लेवर कप से हटना पड़ा। उन्होंने 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते है। डेविस कप के लिए आठ देशों ने अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। डेविस कप क्वार्टर फाइनल 19 से 21 नवंबर के दौरान होंगे। सेमीफाइनल 22 और 23 नवंबर को और फाइनल 24 नवंबर को खेला जाएगा। मेजबान स्पेन का क्वार्टर फाइनल मुकाबला नीदरलैंड से होगा।

### फीफा ने नए कायदे कानून की पुस्तिका प्रकाशित की

**जिनेवा।** विश्व फुटबॉल नियामक संस्था (फीफा) ने दुनिया भर के फुटबॉल समुदाय को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नए नियम, वैधानिक दस्तावेज और परिपत्र वाली कानूनी पुस्तिका का 2024 संस्करण प्रकाशित किया। फीफा द्वारा सोमवार को जारी की गई पुस्तिका के नए संस्करण में फुटबॉल संगठनों तथा मैचों पर लागू सभी नियमों और कानूनों में हाल ही में हुए बदलाव और संशोधन के बारे में जानकारी दी गई हैं। फीफा ने 2020 में इस पुस्तिका प्रकाशित किया था तब से प्रत्येक वर्ष यह कानूनी पुस्तिका प्रकाशित की जा रही है। इस पुस्तक में अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के अलावा, कानूनी पुस्तिका के 2024 संस्करण में फीफा कानूनो के अद्यतन संस्करण, खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांतरण पर नियम और महिला खिलाड़ियों और कोचों के लिए नियामक ढांचा शामिल है।

### मालोर्का ने रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया

**सेविले (स्पेन)।** मालोर्का ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया। शुक्रवार की रात अलावेस और सेविला के बीच हुए मैच की तरह ही इस मुकाबले के दौरान भी कुछ घरेलू प्रशंसकों ने मैच की शुरुआत में अपनी सीट पर बैठने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि किकऑफ (मैच शुरू होने का समय) का समय असुविधाजनक है। फुटबॉल पारंपरिक रूप से सप्ताहांत और सप्ताह के मध्य में खेला जाता है लेकिन टीवी दर्शकों को संतुष्ट करने और बढ़ते मैचों की संख्यों से निपटने के लिए शुक्रवार और सोमवार की रात को अधिक से अधिक मैच जोड़े गए हैं। पिछले सप्ताह गेटाफे पर 2-1 की जीत में बेटिस के दोनों गोल करने वाले जियोवानी लो सेल्सो ने सात मिनट के बाद 25 मीटर की दूरी से शानदार शॉट लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। डेनी रोड्रिगेज ने एक मिनट बाद मालोर्का को बराबरी दिला दी जिसके बाद दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में वैलेरी फर्नांडीज ने गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से मालोर्का 11 अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया जो बेटिस से तीन अंक अधिक हैं। बेटिस ने हालांकि एक मैच कम खेला है।

### त्रीशा-गायत्री मकाऊ ओपन बैडमिंटन में जीते

**मकाऊ।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी ने अकारी सातो और माया तागुची की जापान की जोड़ी को मंगलवार को यहां तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मकाऊ ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने पहले दौर में लगभग एक घंटे चले मुकाबले में 15-21, 21-16, 21-14 से जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में एन सिक्की रेड्डी रुतविका शिवानी की जोड़ी ने महिला युगल क्वालीफिकेशन क्वार्टर फाइनल में चेयुंग यान यू और च्यु विंग ची की जोड़ी को 21-15, 21-10 से हराया। आर्यमन टंडन ने पुरुष एकल क्वालीफिकेशन में हमवतन तरूण मानेपल्ली को 11-21, 21-15, 21-17 से हराया लेकिन इसके बाद क्वार्टर फाइनल में एक अन्य हमवतन भारतीय अलाप मिश्रा के खिलाफ 10-21, 22-24 से हार गए।

# चीन में चमके भारतीय सितारे

## जीवन-विजय ने जीता हांग्झोऊ ओपन, भांबरी-ओलिवेटी चेंगदू ओपन के उपविजेता बने


हांग्झोऊ ओपन के पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में खिताब जीतन के बाद जीवन और विजय, साथ में चेंगदू ओपन के उपविजेता युकी भांबरी और अल्बानो। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के जीवन नेदुनचेझियान और उनके जोड़ीदार विजय सुंदर प्रशांत ने मंगलवार को हांग्झोऊ ओपन का चैंपियन बनने के साथ पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता, जबकि युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी मंगलवार को चेंगदू ओपन में उपविजेता रहे।

जीवन और विजय की गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 49 मिनट तक चले मुकाबले में कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैर वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी को 4-6, 7-6(5), 10-7 से शिकस्त दी। 35 साल के जीवन के लिए यह एटीपी टूर स्तर का दूसरा खिताब है। उन्होंने 2017 में रोहन बोपन्ना के साथ चेन्नई ओपन जीता था। विजय के लिए यह एटीपी टूर का पहला खिताब है। भारतीय जोड़ी ने शुरुआती सेट को 4-6 से गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट को 7-6 से जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक खींचा। टाई ब्रेक में भारतीय जोड़ी 10-7 से आगे रही। जीवन और विजय की जोड़ी अपनी सर्विस पर अंक भुनाने के मामले में शानदार रही।

### चेंगदू ओपन में भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने डौम्बिया और रेबौल को हराया

भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी चेंगदू ओपन के रोमांचक फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांस के सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की जोड़ी से 4-6, 6-4, 4-10 से हारकर अपने तीसरे खिताब से चूक गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में शुरुआती सेट को गंवाने के बाद भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक पहुंचा दिया। भारत और फ्रांस के खिलाड़ियों की जोड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के दो ऐस की तुलना में छह ऐस लगाये लेकिन छह डबल फॉल्ट करना उन्हें महंगा पड़ा। फ्रांस की जोड़ी के लिए यह भांबरी-ओलिवेटी पर उनकी पहली जीत थी। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने इस साल अप्रैल में म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन और मई में गस्ताद में स्विस ओपन के खिताब जीते थे।


चेन्नई हवाई अड्डे पर डी गुकेश का स्वागत करते लोग। ● एजेंसी

# डी गुकेश, प्रज्ञानानंदा, वैशाली और श्रीनाथ का जोरदार स्वागत

चेन्नई, एजेंसी

**नायकों की घर वापसी**

- ओलंपियाड में देश को स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद पूरी भारतीय टीम लौटी

ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद भारतीय टीमों के सदस्यों का मंगलवार को यहां स्वदेश लौटने पर प्रशंसकों, अधिकारियों और परिवारों के सदस्यों ने स्वागत किया। डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और पुरुष टीम के कप्तान श्रीनाथ नारायणन आज सुबह तड़के चेन्नई पहुंचे।

भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने रविवार को इतिहास रचते हुए हंगरी में शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। उनकी असाधारण जीत ने भारत की नई शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को मजबूत किया। चारों के हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही प्रशंसकों ने जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। टूर्नामेंट में अजेय अभियान के साथ भारतीय पुरुष टीम के दबदबे में अहम भूमिका निभाने वाले गुकेश ने अपने व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक दिखाए। अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए चुनौती पेश करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने 18 वर्षीय गुकेश अब नवंबर में चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए तैयार हैं।

# पंत का बड़ा प्रभाव रहा है, उसे शांत रखने की जरूरत: कमिंस

नई दिल्ली, एजेंसी



- ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा- पंत ने पहले भी खेली हैं कई अहम पारियां

कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलिया में भारत के लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीतने के अभियान में बड़ा प्रभाव रहे थे और उन्होंने इस साल के अंत में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में इस तेजतर्रार विकेटकीपर बल्लेबाज को शांत रखने की जरूरत पर जोर दिया।

ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में भारत की ऐतिहासिक टेस्ट जीत में अहम भूमिका निभाने वाले पंत ने दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में घायल होने के बाद टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए पिछले हफ्ते बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जड़ा। कमिंस ने कहा वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका पिछली कुछ श्रृंखलाओं में बहुत बड़ा प्रभाव रहा है और हमें उसे शांत रखने की कोशिश करनी होगी। पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली दो टेस्ट श्रृंखला में योगदान दिया है।

# दूसरे टेस्ट के लिए कानपुर पहुंची भारतीय टीम

- 27 से औद्योगिक नगरी में खेला जाएगा श्रृंखला का दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच

कानपुर, एजेंसी


कानपुर हवाई अड्डे से बाहर निकलते रोहित शर्मा, विराट कोहली और बांग्लादेश की टीम। ● एजेंसी

बांग्लादेश के खिलाफ 27 सितंबर से शुरु होने वाले श्रृंखला के दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच के लिये भारतीय टीम के सदस्य मंगलवार को कानपुर पहुंचे। भारतीय टीम के सदस्य टुकड़ियों में यहां पहुंचे। सबसे पहले चकेरी हवाई अड्डे से भारतीय कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली बाहर निकले जबकि कुछ देर बाद शुभमन गिल, रोहित शर्मा को औद्योगिक नगरी में आगमन हुआ।

बांग्लादेश की टीम भी यहां पहुंची। दोनों टीमें बुधवार से ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम पर बारी-बारी से अभ्यास करेंगी। दोनो टीमों को शहर के एकमात्र तीन सितारा होटल लैंडमार्क में ठहराया गया है। टीमों के अभ्यास के शेड्यूल जारी होना बाकी है हालांकि सूत्रों का दावा है कि सुबह के सत्र में मेहमान बांग्लादेश की टीम ग्रीनपार्क में नेट प्रैक्टिस करेगी जबकि शाम को भारतीय टीम अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी। अरसे बाद ग्रीनपार्क पर टेस्ट मैच के आयोजन को लेकर कानपुर के क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। अपने पसंदीदा क्रिकेट सितारों की एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ होटल के बाहर दोपहर से ही जम गयी। सुरक्षा के लिहाज से हालांकि पुलिस प्रशंसकों को धकियाते दिखायी दी। होटल में क्रिकेट सितारों का स्वागत तिलक लगा कर किया गया। गौरतलब है कि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम के लिए आईसीसी टेस्ट क्रिकेट चैंपियनशिप में अपनी रैंकिंग को मजबूत करने का कानपुर में भरपूर मौका होगा।

## बॉलीवुड हलचल



# पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू

**पेरिस।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में ग्लैमरस अंदाज में डेब्यू किया। आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में डेब्यू कर धमाल मचा दिया है। आलिया पहली बार में पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनकर सबका दिल जीत गईं। आलिया ने इतने स्टाइलिश अंदाज में रैंप वॉक किया कि हर कोई उन्हें देखता ही रह गया। आलिया ने मैटेलिक कॉरसेट पहनकर रैंप पर एंट्री मारी। जिसे पहन वह चांदी सी चमकी और सबसे अलग नजर आईं। ब्यूटी ब्रांड लोरियल पेरिस का प्रतिनिधित्व करते हुए आलिया ने स्टाइल में रैंप वॉक किया। वह मेटैलिक सिल्वर बस्टियर में सजी नजर आईं, जिसे उन्होंने ब्लैक ऑफ-शोल्डर जंप सूट के साथ पेयर किया। मेकअप के लिए उन्होंने अपने होठों पर गुलाबी रंग का टच दिया। गीले बालों के साथ उनका लुक और भी आकर्षक लग रहा था। गौरतलब है कि हाल ही में आलिया को लोरियल पेरिस के लिए ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया था। वह कुछ दिन पहले पेरिस आई थीं। उन्हें अपने पति रणबीर कपूर के साथ पेरिस की सड़कों पर टहलते हुए भी देखा गया। दोनों ने एक प्रशंसक के साथ तस्वीर खिंचवाई, जो तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

### आलिया ने देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने आने वाली फिल्म देवरा का गाना चुट्टमल्ले तेलगु में गाया। 27 सितंबर को जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की फिल्म देवरा सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के जरिए जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान दोनों ही साउथ में डेब्यू कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक क्लिप वायरल हो रही है जोकि आलिया भट्ट और जूनियर एनटीआर के ज्वाइंट इंटरव्यू की है। आलिया इस दौरान जिगरा का प्रमोशन कर रही थीं जबकि जूनियर एनटीआर देवरा के प्रमोशन के लिए साथ आए थे। इस सेशन को करण जौहर ने ऑर्गेनाइज किया था। वीडियो में आलिया भट्ट देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को देवरा के एक्स हैंडल से शेयर किया गया है। आलिया का गाना सुनकर जूनियर एनटीआर उनकी तारीफ करते हुए वॉव कहते हैं।

### वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंचे ऋतिक



**रोम।** बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रोशन वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंच गए हैं। ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर एक शानदार लोकेशन की तस्वीर शेयर की, जहां फिल्म वॉर 2 की शूटिंग हो रही है। तस्वीर में उन्हें इटली की प्राकृतिक खूबसूरती का लुत्फ उठाते देखा जा सकता है। ऋतिक ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा इटली वॉर 2 में सब कुछ कैद कर लिया गया है। ग्रे टी-शर्ट और धारीदार पैंट में ऋतिक बेहद आकृषक और स्टाइलिश लग रहे हैं। उनकी पोस्ट पर नेटिजन्स की दिल को छू लेने वाली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उन्हें उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद से भी तारीफ मिली। सबा ने कमेंट किया मेरा प्यार। गौरतलब है कि अपनी शानदार सुपरहिट फिल्मों वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र के निर्देशन से प्रसिद्ध अयान मुखर्जी वॉर 2 का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म वॉर 2 में मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी भी हैं। फिल्म वॉर 2 वर्ष 2019 में प्रदर्शित एक्शन थ्रिलर फिल्म वॉर का सीक्वल है। वॉर में ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर की अहम भूमिका थी।

# भारत दो हॉकी मैचों की श्रृंखला के लिए जर्मनी की करेगा मेजबानी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 23 और 24 अक्टूबर को जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी भारतीय टीम



भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था जहां यूरोप की दिग्गज टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की थी। भारत ने तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता था।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा हम इस श्रृंखला की मेजबानी से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इससे ना केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा मिलेगा बल्कि दोनों देशों के बीच रिश्ते भी मजबूत होंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा भारत-जर्मनी हॉकी प्रतिद्वंद्विता हमेशा एक रोमांचक प्रतियोगिता रही है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं और मेरा मानना है कि यह श्रृंखला दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को बेहतर बनाने का मौका देगी।

जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच ने कहा कि राष्ट्रीय टीम इस चुनौती के लिए तैयार है। हॉकी के लिए भारत हमेशा विशेष स्थान रहा है और हमारी टीम उत्साही भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए रोमांचित है। यह श्रृंखला जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंध मजबूत करने का शानदार मौका है जबकि दोनों टीमों को आगामी वैश्विक प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रतिस्पर्धी मंच भी देगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

